चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 320, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 20 दिसंबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# इंडिया गठबंधन की हुई बैठक, कई मुद्दों पर हुई चर्चा

### सोनिया गांधी, ममता बनर्जी, अखिलेश यादव और नीतीश कुमार समेत कई पार्टियों के नेता बैठक में शामिल हुए।




**नई दिल्ली**

**अगले साल** होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारियों और रणनीति बनाने के लिए विपक्षी गठबंधन इंडिया के नेताओं का राजधानी दिल्ली में महाजुटान हुआ। इसमें अलग-अलग पार्टियों के नेता शामिल हुए। इस बीच, इस बैठक को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है। बताया जा रहा है कि राजधानी के अशोका होटल में हुई इस बैठक में विपक्षी गठबंधन के पीएम उम्मीदवार को लेकर भी चर्चा की गई। दिल्ली में आयोजित इस बैठक में सभी राज्यों में आपस में सहयोग कर लोकसभा चुनाव लड़ने का निर्णय लिया गया है।

**गठबंधन के पीएम उम्मीदवार के लिए खरगे के नाम का प्रस्ताव**

इस दौरान पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ह्यइंडियाह्व गठबंधन के प्रधानमंत्री उम्मीदवार के रूप में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नाम का प्रस्ताव दिया।

**कांग्रेस अध्यक्ष ने कही यह बात**

वहीं, सूत्रों ने बताया है कि कांग्रेस प्रमुख खरगे का कहना है पहले चुनाव जीतना महत्वपूर्ण है। इंडिया ब्लॉक के पीएम चेहरे पर अभी तक कोई अंतिम फैसला नहीं लिया गया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि सभी राज्य इकाइयां स्थानीय स्तर पर सीटों की तालमेल करेंगी। कोई सहमति न बन पाने पर केंद्रीय इकाई हस्तक्षेप करेगी। इससे पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आज अपने चैंबर में इंडिया गठबंधन के सांसदों के साथ बैठक की थी।

**यह चौथी बैठक**

इंडिया गठबंधन की अब तक तीन बैठक पटना, बेंगलुरु और मुंबई में हो चुकी है। इसके बाद चौथी बैठक आज यानी मंगलवार को नई दिल्ली के अशोका होटल में हुई।

**इन पर भी हुआ विमर्श**

जाति आधारित गणना

न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी

श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा

## कांग्रेस जीत का केक अकेले खाना चाहती है: सामना



**सीट** शेयरिंग फॉर्मूला फाइनल करना बैठक में 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर सीट शेयरिंग का मुद्दा चर्चा का केंद्र रहा। बीजेपी के खिलाफ 400 सीटों पर कॉमन कैंडिडेट उतारने के टारगेट पर बात हुई। वहीं, कांग्रेस की कोशिश है कि वह 275 से 300 सीटों पर अपने कैंडिडेट उतारे। पार्टी अन्य दलों को सिर्फ 200-250 सीटें देने के पक्ष में है। कोऑर्डिनेटर कौन होगा मीटिंग में इंडिया के कोऑर्डिनेटर के नाम पर चर्चा हुई। इसके लिए उद्धव ठाकरे, ममता बनर्जी, नीतीश कुमार के नामों पर विचार किया जा सकता है। वैकल्पिक एजेंडा और मुद्दे क्या होंगे बैठक में रणनीति बनाई गई कि भाजपा के सनातन और भगवा जैसे मुद्दों के जवाब में वे किन मुद्दों को लेकर जानता के बीच जाएं।

"पांच राज्यों में हुए चुनाव में तीन राज्य कठ.ऊकअ ने नहीं बल्कि कांग्रेस ने गंवाए, कांग्रेस जीत का केक अकेले खाना चाहती थी इसलिए राज्य की छोटी पार्टियों को कठ.ऊकअ से दूर रखा गया, मध्य प्रदेश में अखिलेश यादव को जानबूझकर दूर रखा गया। अब ऐसा कहा जाने लगा है कि जहां कांग्रेस खुद के दम पर जीतने की संभावना रखती है वहां पर वह किसी और को साथ लेने को तैयार नहीं होती।

## यूपी के लिए सीट शेयरिंग में गठबंधन का 'फॉर्मूला 21'



**नई दिल्ली**

**विपक्षी** दलों के गठबंधन इंडिया में सीटों का फॉर्मूला क्या होगा, इसे लेकर सबसे ज्यादा चर्चा हो रही है। जिन चार राज्यों में गठबंधन की सीटों को लेकर मामला फंस रहा है, उसमें उत्तर प्रदेश समेत पश्चिम बंगाल, पंजाब और दिल्ली शामिल हैं। सूत्रों का कहना है कि उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच में "फॉमूर्ला 21" का इस्तेमाल किया जा सकता है। गठबंधन की बैठक से पहले ही इस तरह की कवायद शुरू हो गई है। दरअसल उत्तर प्रदेश में गठबंधन के दलों के बीच में यह वह फामूर्ला है, जिसमें उत्तर प्रदेश की तकरीबन ऐसी 21 सीटें हैं, जिसमें समाजवादी पार्टी कभी चुनाव नहीं जीती है। सूत्रों की मानें अगर सब कुछ पहले से तय योजना के आधार पर चला तो उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी गठबंधन के हिस्से में तकरीबन 21 सीटें दे सकती है। गठबंधन की बैठक के दौरान चार अहम राज्यों पर सीट बंटवारे के फॉमूर्ले को लेकर चर्चा हुई। इसमें उत्तर प्रदेश, पंजाब, दिल्ली और पश्चिम बंगाल शामिल रहे। सूत्रों की मानें तो सीटों के बंटवारे को लेकर दिल्ली के अशोका होटल में गठबंधन की बड़ी बैठक में हुई चर्चा में जल्द ही सीटों के बंटवारे के आधार पर तैयारियां शुरू कर दी जाएंगी।

## राम जन्म भूमि परिसर के पास पकड़ा गया संदिग्ध व्यक्ति

**अयोध्या**

श्रीराम जन्मभूमि के गेट नंबर दस पर तैनात सुरक्षा बलों ने मंगलवार की दोपहर को बाइक पर घूम रहे एक संदिग्ध को हिरासत में लेकर थाना राम जन्मभूमि पुलिस को सौंप दिया। पकड़े गए व्यक्ति के हेलमेट पर कैमरा लगा हुआ था। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि उक्त व्यक्ति मैप इन इंडिया का कर्मचारी है और वह सर्वे का काम कर रहा था। हालांकि इसके लिए अभी कंपनी को अनुमति नहीं मिली है। फिलहाल पुलिस व खुफिया एजेंसियां उससे पूछताछ कर रही हैं। मंगलवार की दोपहर छत्तीसगढ़ निवासी भानू पटेल बाइक पर सवार होकर यलो जोन में घूम रहा था। उसके हेलमेट पर कैमरा भी लगा हुआ था। यह देख राम जन्मभूमि के गेट नंबर दस पर तैनात सुरक्षाकर्मियों ने उसे रोक लिया व तलाशी आदि लेने के बाद पुलिस को सौंप दिया। थाना राम जन्मभूमि में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों व कई खुफिया एजेंसियों ने उससे पूछताछ की। सीओ अयोध्या एसपी गौतम ने बताया कि जांच में पता चला कि वह मैप इन इंडिया का कर्मचारी है। कंपनी ने जिला प्रशासन के पास सर्वे करने का आवेदन किया है लेकिन अभी अनुमति नहीं मिली है। इसके बावजूद उक्त कर्मी सर्वे कर रहा था। बताया कि उक्त व्यक्ति के बारे में कंपनी के अधिकारियों ने पुष्टि की है।

## उपराष्ट्रपति मिमिक्री: सांसद बनर्जी और राहुल गांधी का कृत्य निंदनीय : जोशी

**नई दिल्ली**

संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सांसद कल्याण बनर्जी और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को आज अपमानित करने का काम किया है, जिसकी वह निंदा करते हैं। जोशी ने मंगलवार को संसद भवन परिसर में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी का उपराष्ट्रपति धनखड़ की नकल उतारना और इस दौरान राहुल गांधी का वीडियो बनाना यह दिखाता है कि उन्हें उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति की गरिमा का सम्मान नहीं है।

## संसद पर स्मोक हमला: वाट्सएप पर लिखी गई पटकथा, भगत सिंह-आजाद के नाम पर बनाए ग्रुप



**नई दिल्ली**

संसद की सुरक्षा में सेंध लगाने वाले आरोपी स्वतंत्रता सेनानियों के नाम पर पर बने करीब आधा दर्जन वाट्सएप ग्रुप से जुड़े हुए थे। पुलिस की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक आरोपी ग्रुप में नियमित रूप से स्वतंत्रता सेनानियों के विचारों पर चर्चा करते थे और संबंधित वीडियो क्लिप भी साझा करते थे। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि संसद सुरक्षा उल्लंघन मामले में गिरफ्तार किए गए छह लोग भगत सिंह और चंद्रशेखर आजाद के नाम पर बने आधा दर्जन व्हाट्सएप ग्रुपों का हिस्सा थे। आरोपियों के सोशल मीडिया पोस्ट से पता चला कि वो स्वतंत्रता सेनानियों से प्रेरित थे। जिसके चलते उन्होंने संसद में भगत सिंह के काम दोहराने का फैसला लिया था।

इस बीच, पुलिस को मेटा से इन व्हाट्सएप ग्रुपों के सभी सदस्यों के साथ-साथ उनकी चैट का डाटा भी मिला है। आरोपी वारदात को अंजाम देने के लिए आरोपी सिग्नल ऐप पर भी बात करते थे और वो सभी पिछले साल कर्नाटक के मैसूर में मिले थे। एक अधिकारी ने कहा कि मैसूरु के रहने वाले मनोरंजन डी ने पांचों का यात्रा खर्च वहन किया था।

## टीएमसी सांसद ने धनखड़ की उतारी नकल, सभापति, सरकार और भाजपा ने विपक्ष को घेरा



**नई दिल्ली**

सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच चल रहे राजनीतिक संग्राम में केवल सदनों के भीतर ही अभूतपूर्व घटनाक्रम नहीं हुए, बल्कि उसके बाहर भी मंगलवार को जो कुछ हुआ, वह पहले देखा-सुना नहीं गया। संसद की सुरक्षा में सेंध पर गृह मंत्री के बयान की मांग पर अड़े विपक्षी दलों ने लगभग डेढ़ सौ सांसदों के निलंबन का गुस्सा संसद के प्रवेश द्वार पर राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ की अरुचिकर नकल के जरिये उतारा।

**धनखड़ की नकल पर प्रह्लाद जोशी ने सदन में दिया बयान**

इस मामले पर सरकार ने सदन में बयान दिया है। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि मैं पीड़ा के साथ संसद परिसर में कुछ वरिष्ठ नेताओं के व्यवहार की घटना की निंदा करने के लिए यहां खड़ा हूं। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा, टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी राज्यसभा के सभापति और उपराष्ट्रपति की नकल में शामिल थे। जगदीप धनखड़ और कांग्रेस पार्टी के नेता इसे बढ़ावा देने की कोशिश कर रहे थे। कांग्रेस पार्टी शुरू से ही जानबूझकर हमारे राष्ट्रपति का अपमान करती रही है, जो आदिवासी समुदाय से आती हैं। मैं इस रवैये की कड़ी निंदा करता हूं। विपक्षी नेताओं को उन नेताओं की ओर से इस सदन में माफी मांगनी चाहिए।

**कल्याण बनर्जी ने सभापति धनखड़ का उड़ाया मजाक**

उपराष्ट्रपति धनखड़ ने इसे अपनी किसान और जाट पृष्ठभूमि का अपमान बताते हुए विपक्षी सांसदों के इस आचरण को शर्मनाक कहा है।

## 'पीएम से बात हो गई है, जैसा ठीक लगे वैसा करो', गलवान पर जब चीन से बढ़ी थी तकरार



**नई दिल्ली**

जून 2020 में भारत और चीन के बीच हिमालय की ऊंचाई पर गलवान घाटी में हुई झड़प को 40 सालों में हुई सबसे घातक झड़प माना गया है। उस झड़प को लेकर तत्कालीन आर्मी चीफ जनरल एमएम नरवणे ने एक दिलचस्प खुलासा किया है। दरअसल, पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर चीनी सेना टैंक लेकर आगे बढ़ने लगी थी। गलवान घाटी के इस हालात से निपटने के लिए सरकार ने भारतीय सेना को फ्री हैंड कर दिया था और आदेश दे दिया था कि जो उचित है वो करो। इस स्थिति का जनरल एमएम नरवणे ने किस तरह सामना किया था, उसका जिक्र उन्होंने अपनी किताब में किया है।

**आत्मकथा में किया दिलचस्प खुलासा**

रिटायर्ड आर्मी चीफ जनरल एमएम नरवणे अपनी आत्मकथा 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' में 31 अगस्त, 2020 की रात का जिक्र किया है। वो रात नरवणे के लिए आसान नहीं थी, उनके पास उस रात रक्षा मंत्री, विदेश मंत्री, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और रक्षा कर्मचारियों के प्रमुख के लगातार फोन आने लगे, जिसने उनकी मुश्किलों को थोड़ा और बढ़ा रही थी।

नरवणे ने अपनी किताब में लिखा, "मैंने उस रात सबसे पहले रक्षा मंत्री को फोन किया और उन्हें पूरी स्थिति से अवगत कराया। इसके बाद उन्होंने कहा कि वो मुझसे संपर्क करेंगे और फिर मुझे लगभग रात 10.30 बजे फोन आया। रक्षा मंत्री ने मुझे फोन पर बताया कि उन्होंने प्रधानमंत्री से बात की है और उन्होंने कहा कि जो उचित समझो वो करो। यह एक

## संसद की सुरक्षा में सेंध लगाने वालों को समर्थन चिंताजनक: पीएम मोदी

**नई दिल्ली**

**संसद की सुरक्षा** में सेंध को विपक्षी नेताओं के मूक और परोक्ष समर्थन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गहरी चिंता जताई है। भाजपा संसदीय दल को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि हाल के चुनावों में मिली हार की हताशा में विपक्ष पूरे घटना को राजनीतिक रंग देने की कोशिश कर रहा है। ध्यान देने की बात है कि राहुल गांधी ने संसद की सुरक्षा में सेंध की असली वजह बेरोजगारी और महंगाई को बताया था प्रधानमंत्री ने विपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि उनका एक मात्र उद्देश्य भाजपा की सरकार को हटाना है, जबकि हमारा उद्देश्य एक बेहतर भारत का निर्माण करना है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि लोकतंत्र में भरोसा करने वाला कोई भी व्यक्ति संसद की सुरक्षा में सेंध लगाने की घटना को स्वीकार नहीं कर सकता है। इस घटना की सिर्फ निंदा की जा सकती है। लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि चुनाव में हार की हताशा में विपक्ष इसे राजनीतिक रंग देने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष पूरी घटना को मूक और परोक्ष समर्थन दे रहा है, जो चिंता का विषय है और इसकी निंदा की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा सांसदों को गांव-गांव जाकर लोगों को विपक्ष की इस हरकत के बारे में बताना चाहिए। हमले को धार देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि विपक्ष के क्रियाकलापों से साफ है कि उसने विपक्ष में ही रहने का मन बना लिया है।

## अडाणी और एस्सार समेत कोयला आयात आरोपों की जांच करे सीबीआई और डीआरआई: हाई कोर्ट

**नई दिल्ली**

दिल्ली हाई कोर्ट ने सीबीआई और डीआरआई (डायरेक्टोरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलीजेंस) को निर्देश दिया है कि वो अडानी और एस्सार समूह समेत दूसरी कंपनियों की ओर से कोयले के आयात में ज्यादा कीमतें वसूलने के आरोपों की जांच करे। जस्टिस सुरेश कुमार कैत की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि इस मामले में वास्तविक स्थिति की जांच हो और नियमों का उल्लंघन करने वाली कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई हो। इस मामले में दो याचिकाएं दायर की गई हैं। पहली याचिका सेंटर फॉर पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन की ओर से वकील प्रशांत भूषण ने दायर किया है।

## क्या है शिवराज सिंह चौहान का आगे का भविष्य? नड्डा से मुलाकात के बाद चर्चा तेज

**नई दिल्ली**

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से उनके आवास पर मुलाकात की। दोनों नेताओं की इस मुलाकात को लेकर राजनीतिक कयास लगाए जा रहे हैं कि चौहान पार्टी हाईकमान से नाराज हैं। प्रदेश में विधानसभा चुनाव में मिली शानदार जीत के बाद भाजपा ने शिवराज सिंह चौहान को पद से हटाकर मोहन यादव को नया मुख्यमंत्री बनाया है।

इसी वजह से सीएम पद से हटाए जाने के बाद दावा किया जा रहा है कि चौहान भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व से नाराज हैं। क्योंकि, शिवराज सिंह चौहान 17 दिसंबर को दिग्गज नेताओं की बैठक में शामिल नहीं हुए थे। इस बीच, मंगलवार को दिल्ली में जेपी नड्डा से उनकी मुलाकात राजनीतिक भविष्य को लेकर कई तरह के सवालों को जन्म दे रही है।



**नड्डा से मुलाकात के बाद क्या बोले चौहान?**

दिल्ली में भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा से मुलाकात के बाद शिवराज सिंह चौहान ने कहा, "एक पार्टी कार्यकर्ता के रूप में पार्टी मेरे लिए जो भी भूमिका तय करेगी, मैं उसे निभाऊंगा। पार्टी जो भी तय करेगी - मैं करूंगा।" राज्य के साथ-साथ केंद्र में भी रहें...यदि आप किसी बड़े मिशन पर काम कर रहे हैं, तो यह पार्टी ही है जो निर्णय लेती है..."

पूर्व सीएम ने कहा, "राज्य के विधायक दल की पहली बैठक आज होनी है। मेरा वहां रहना जरूरी है। इसलिए, मैं आज वापस जा रहा हूं।" उन्होंने कहा कि मुलाकात के दौरान राष्ट्र उत्थान, लोक कल्याण एवं जनसेवा के विषय में चर्चा हुई। 'सेवा ही संकल्प है' के ध्येय के लिए भाजपा के हम समस्त कार्यकर्ता समर्पित हैं।

भविष्य के सवाल पर क्या बोले चौहान? चौहान से जब पत्रकारों ने पूछा कि वह क्या चाहते हैं? तो उन्होंने हंसते हुए कहा, "मैं खुद के बारे में नहीं सोचता हूं। जो अपने बारे में सोचता है वह इंसान नहीं होता है। जब आप बड़े मिशन के लिए काम करते हैं तो पार्टी तय करती है कि आप कहां काम करोगे।" उन्होंने आगे कहा कि अभी उन्हें भारत संकल्प यात्रा में शामिल होना है। पार्टी की तरफ से दक्षिण के राज्यों में जाने को कहा गया है। हालांकि, उन्होंने इस बात से इनकार किया कि उन्हें दक्षिण भारत की जिम्मेदारी दी गई है। भाजपा अध्यक्ष से मुलाकात के बाद पूर्व सीएम ने कहा कि वह विधायक दल की बैठक में हिस्सा लेने के लिए भोपाल लौट रहे हैं।

# महुआरी खुर्द में रुपए लेने के बावजूद भी नहीं दिया पीएम आवास

**गिरधरपुर में आवास की जांच की औपचारिकता पूरी, सेक्टर प्रभारी, सचिव व ग्राम प्रधान पर गंभीर आरोप**

अखंड भारत संदेश




**मांडा।** गरीब असहाय एवं पात्र लोगों को पीएम, सीएम आवास देने के लिए सरकार पहल कर रही है। वहीं ग्राम प्रधान के सांठ गांठ से आवास, शौचालय के नाम पर जम धन उगाही की जा रही है। और अपात्र लोगों से मोटी रकम लेकर सरकारी योजनाओं का लाभ देने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। जहां कि विकास खण्ड मांडा भ्रष्टाचार में लिप्त नजर आ रहा है। वहीं मांडा विकास खण्ड मुख्यालय अन्तर्गत महुआरी खुर्द ग्राम पंचायत निवासी सफिकुद्दीन पुत्र नसरूल्ला ने बीडीओ मांडा, ब्लॉक प्रमुख मांडा को प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया है कि पल्लेदारी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता हूं। गरीब होने के कारण मेरा नाम प्रधानमंत्री आवास योजना की सूची में क्रम सं. यूपी. 133826155 पर दर्ज था। लेकिन जाँच के नाम पर सेक्टर प्रभारी अशोक कुमार सिंह (जेईएमआई),सचिव तेज बहादुर पटेल व ग्राम प्रधान मो. तस्लीम ने मिलकर मेरा नाम प्रधानमंत्री आवास सूची से काट दिया जिससे पीएम आवास का लाभ नहीं मिल सका। वही दूसरी ओर महुआरी खूर्द की रहने वाली कुरैसा पत्नी सरीफ जिसका क्रमांक सं० यूपी.133807827 पर दर्ज है का पक्का मकान होते हुए भी पैसा लेकर पीएम आवास का लाभ दे दिया गया है। उपरोक्त लोग पैसे की माँग कर रहे थे न देने के कारण अपात्र कर दिया गया जब कि प्रधान द्वारा दो हजार रुपए जेईएमआई को देने के नाम पर ले लिया गया था। इसके बावजूद भी पीएम आवास का लाभ नहीं दिया गया। ऐसे ही गिरधरपुर ग्राम पंचायत में पीएम, सीएम आवास के नाम पर जम धन उगाही कर दोबारा आवास दिए जाने से लाभार्थियों में काफी आक्रोश व्याप्त है।

## करछना पंचायत में जन अरण्य अनमोल वृक्ष बने आकषर्ण का केंद्र



**करछना।** विकास खंड करछना के ग्राम पंचायत करछना में जन अरण्य बगीचा विभिन्न प्रकार के पौधों एवं औषधीय वृक्षारोपण से भरपूर आकर्षण का केंद्र बना हुआ है जिसे लाखों रुपए की लागत से प्रधान आकृति सिंह प्रतिनिधि अवतार किशन सिंह एडवोकेट के नेतृत्व में लगभग एक बीघा भूमि पर रोपण किया गया है बने इस बगीचे को हरियाली एवं पर्यावरण के साथ-साथ सैकड़ों से अधिक किस्म के वृक्षों का वृक्षारोपण कर गांव को एक पर्यावरण का संदेश देते हुए हरियाली एवं आकर्षण का केंद्र बनाया गया है इसमें खास बात यह है कि हजारों पौधों में किस्म किस्म की प्रजातियां पौधों का वृक्षारोपण किया गया है जिसमें अधिकांश फूल के पौधे के अलावा आम गूलर पीपल बर मेहंदी तुलसी पपीता के अलावा विभिन्न प्रकार के औषधीय के पौधों का वृक्षारोपण कर प्रधान आकृति सिंह ने पंचायत में एक पर्यावरण का संदेश एवं औषधीय का भंडारण का केंद्र बना दिया है विकासखंड के 20 में से 16 गांव में मियां बाकी वृक्षारोपण का कार्य कराया गया है जिसमें सबसे आकर्षक का केंद्र पंचायत करछना में बनाया गया है और किस्म किस्म के वृक्षों से हरियाली का एक संदेश देकर विकासखंड का नाम रोशन किया है सचिव अक्षत सिंह ,अवर अभियंता ब्रिज नंदन मौर्य खंड विकास अधिकारी धीरेश गुप्ता की लगन से यह कार्य एक आकर्षण का केंद्र बना हुआ है करछना कोहडार घाट मार्ग से लगे हाईवे पर इस बगीचे को देखकर राहगीरों ने प्रधान की तारीफ की सोमवार को प्रधान प्रतिनिधि अवतार किशन सिंह के साथ मनरेगा प्रभारी मनीष शुक्ला व प्रधान डांडो मिथिलेश कुमार बगीचे का भ्रमण कर प्रधान की सराहना की।

## क्रय केंद्रों पर बिचौलिए सक्रिय किसान हो रहे परेशान : सोमदत्त पटेल

### मिलरों के दलाल सीधे किसानों से कर रहे खरीद, नमी के नाम पर भी किसानों का शोषण

**कोरांव।** किसानों की धान खरीद सुनिश्चित करने के लिए भले ही क्षेत्र में सरकारी क्रय केंद्र खुलवाए गए हों लेकिन जमीनी हकीकत तो यह है कि अधिकांशतः क्रय केंद्रों पर बिचौलिए सक्रिय हैं।और किसान अपनी गाढ़ी कमाई की उपज औने पौने दामों में बेचने को मजबूर हैं। बरसात हो जाने से किसानों की धान फसल भीग गई थी। जिससे अब नमी बताकर भी किसानों का शोषण जारी है। इतना ही नहीं 3 किलो से लेकर 4 किलो तक नमी के नाम पर किसानों के धान की कटौती की जा रही है। क्रय केंद्र प्रभारी तथा बिचौलिए खुद मालामाल हो रहे हैं। क्षेत्र में हो रही चचाओं पर गौर करें तो मिलर खुद दलालों के माध्यम से किसानों से सीधे खरीद कर रहे हैं। क्रय केंद्र पर 41 किलो की जहां प्रति बोरी भर्ती लगाई जाती है, वहीं दलाल 45 से 46 किलो की भर्ती लगाकर मिलरों के यहां सीधे धान गिरा दे रहे हैं। अगर मिलारो पर धान की बोरी इसकी सघन जांच पड़ताल कराई जाए तो सच्चाई खुद ब खुद सामने आ जाएगी। जिला पंचायत सदस्य सोमदत्त सिंह पटेल ने कहा है कि किसानों के साथ अन्याय किया जा रहा है। अगर किसानों का शोषण होता रहा तो इसके विरुद्ध अंगड़ाई छेड़ी जाएगी और सभी मनमाने क्रय केंद्र प्रभारियों के विरुद्ध कार्यवाही के लिए मांग की जाएगी। अगर जिम्मेदार अधिकारी भी कोई ठोस कार्यवाही नहीं करेंगे तो हड़ताल भी की जाएगी। जिला पंचायत सदस्य सोम दत्त सिंह पटेल ने कहा कि किसानो की धान 1800 से 1950 में खरीद कर क्रय केंद्रों के माध्यम से मिलर पर ही बेची जा रही है। किसान अंगूठा लगाकर अपनी फसल औने पौने दामों में बेचने के लिए मजबूर हैं। चचाओं पर गौर करें तो किसान जब अपनी धान क्रय केंद्र पर लेकर जाता है तो सरकारी क्रय केंद्र प्रभारियों द्वारा जांच कराने के लिए मिलर के पास भेजते है और मिलर नमी बताकर वापस भेज देते है ।वही धान दलालों के माध्यम से धान खरीदी जा रही है।जिलाधिकारी प्रयागराज का ध्यान आकर्षित कराते हुए जांच की मांग की है जिससे किसान अपनी गाढ़ी कमाई का सही दाम मिल सके।

## काशी से दिल्ली जा रहे तीर्थयात्री की ट्रेन से गिरने पर मौत

**हनुमानगंज।** प्रयागराज वाराणसी रेल लाइन पर सोनी गांव के सामने मंगलवार को एक युवक का शव मिलने पर क्षेत्र में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना सरायइनायत पुलिस को दी। पुलिस ने मृतक के जेब में मिले मोबाइल से परिजनों को घटना की जानकारी दी तथा शव को पोस्टमार्टम हेतु एसआरएन भेज दिया। कर्नाटक के जिला धारवाड़, थाना व गांव सुतुंगे निवासी सुरेश गंगोई (45) पुत्र निगप्पा गंगोई अपने परिचितों के साथ तीर्थयात्रा पर निकला था। काशी दर्शन करके दिल्ली जाते समय सोमवार की रात वह ट्रेन से गिर गया था। सुरेश की मौत की खबर सुनकर गमजदा परिजन शाम को सरायइनायत थाने पहुंचे। यहां कानूनी प्रक्रिया पूरी कर बेटे का शव लेने के स्वरूपरानी पोस्टमार्टम हाउस चले गए। उपनिरीक्षक अनीश भरद्वाज ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद सुरेश का शव उसके परिजन कर्नाटक ले जाएंगे।

## मांडा बीआरसी में समावेशी नोडल टीचर प्रशिक्षण प्रारंभ

अखण्ड भारत संदेश

**मांडा।** नजरिये से अव्वल बनाने में सभी परिषदीय शिक्षक पूरे मनोयोग से सहयोग करे, जिससे हमारे निष्ठा का लाभ हमारे छात्रों व क्षेत्र को मिल सके। उक्त विचार मांडा न्याय पंचायत शिक्षक संकुल बैठक में बीईओ मांडा राजीव प्रताप सिंह ने व्यक्त किया। बैठक का शुभारंभ सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण से किया गया। समग्र शिक्षा अभियान समेकित शिक्षा योजना अंतर्गत नोडल टीचर का पांच दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन बीआरसी मांडा में प्रारंभ किया गया जिसमें प्रथम बैच 19 से 23 दिसम्बर तक तथा द्वितीय बैच 26 से 30 दिसम्बर तक प्रशिक्षण दिया जाएगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 में दिव्यांग जनों हेतु मुख्य प्रावधान के बारे में शिक्षकों को बताया प्रशिक्षण में कुल 36 नोडल टीचर (प्रधानाध्यापक) ने प्रतिभाग किया व दिव्यांग बच्चों की शिक्षा में आने वाली रूकावटों को समझा और प्रथम दिवस का प्रशिक्षण प्राप्त किया।





## हर घर जल योजना के मद्देनजर न्यू जेनेसिस की टीम ने मेजा ब्लाक में नुक्कड़ नाटक आयोजित कर किया जागरूक



**मेजा।** जिस प्रकार उज्जवला योजना स्वच्छ भारत मिशन आयुष्मान भारत मुद्रा लोन आदि को देश वासियों ने सफल बनाया है उसी प्रकार ग्रामवासियों को जल जीवन मिशन को भी सफल बनाना होगा क्योंकि जल का सीधा संबंध जीवन से है। उक्त बातें ए डी ओ पंचायत मेजा अखिलेश तिवारी ने मंगलवार को न्यू जेनेसिस की टीम द्वारा राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के मद्देनजर ब्लाक कैंपस में आयोजित हर घर जल योजना पर आधारित नुक्कड़ नाटक व जन जागरूकता कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि जीवन को आसान और बेहतर बनाने के लिए हम सभी को एकजुट होकर सरकार की हर घर जल योजना को सफल बनाना है। श्री तिवारी ने आगे कहा कि ग्रामवासियों की सक्रिय सहभागिता से देश खुले में शौंच से मुक्त हो गया है। उन्होंने कहा आज महिलाएं पुरुषों के साथ कंधा से कंधा मिलाकर घर से बाहर निकल कर पेयजल एवं स्वच्छता का काम देख रही हैं। उन्होंने कहा कि जल का संबध सीधा जीवन से है इसलिए जीवन को आसान और बेहतर बनाने के लिए जल जीवन मिशन को सफल बनाना अनिवार्य है। कार्यक्रम के अंत में एडीओ पंचायत श्री तिवारी ने हरी झंडी दिखाकर न्यू जेनेसिस की टीम को ग्राम पंचायतों में प्रचार प्रसार एव लोगो जागरूक करने के लिए रवाना किया। इस मौके पर वरिष्ठ लिपिक मेजा रामकृष्ण गुप्ता, ग्राम पंचायत अधिकारी अजीत यादव, फूलचंद्र यादव,नीरज यादव, राममनु बिंद नुक्कड़ नाटक टीम के मुख्य प्रशिक्षक अतुल पांडेय, संतोष दुबे, योगेश, मनोज ,उमाशंकर तथा दीपक आदि के अलावा ब्लाक के कई अन्य लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## सड़क के नवीनीकरण को लेकर विभागीय मंत्री को दी बधाई

**करछना।** क्षेत्र के रामपुर में हुई जागृति मिशन की बैठक के दौरान लोगों ने कौवा धधुंवा मार्ग के नवीनीकरण और चौड़ीकरण हेतु स्वीकृति मिलने पर लोकनिर्माण मंत्री जितिन प्रसाद को बधाई दी। संयोजक डॉ.भगवत पांडेय ने कहा कि काफी दिनों से जर्जर सड़क को बनवाने की आवाज उठाई गई।स्थानीय विधायक पीयूष रंजन निषाद द्वारा भी सड़क के नवीनीकरण हेतु सार्थक पहल और प्रयास किया गया। यह प्रयास रंग लाया और अब अच्छी सड़क बनाने के लिए विभाग द्वारा स्वीकृति प्राप्त हो गई है।उन्होने कहा कि सड़क के शिलान्यास के लिए गुरुवार को लोकनिर्माण मंत्री का आगमन हम सबके लिए गौरव की बात है।इस मौके पर बड़ी संख्या में मिशन के लोग और भाजपाई उन्हे बधाई देने पहुंचेगे।कौवा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के अधिक से अधिक लोगों को पहुंचने की अपील भी की गई। इस मौके पर जिलाध्यक्ष विनोद प्रजापति, रामतौल पटेल, सुधाकर पांडेय, रामभवन द्विवेदी, सरतेज सिंह, राघवेंद्र मिश्रा, गोरेलाल, अतुल तिवारी समेत भाजपाई और मिशन के लोग मौजूद रहे।

## प्रस्तुति परक प्रबुद्ध बाल रंग कार्यशाला का विपश्यना से हुई शुरूआत



**जसरा।** बहुजन समाज के बच्चों के सृजनात्मक, कलात्मक और व्यक्तित्व विकास के लिये यमुनापार के विकास खण्ड के ग्राम सभा जसरा में प्रबुद्ध फाउंडेशन द्वारा संचालित प्रबुद्ध पाठशाला के सात से सत्रह आयु वर्ग के बच्चों के लिये एक तीस दिवसीय प्रस्तुतिपरक शीतकालीन प्रबुद्ध बाल रंग कार्यशाला का आगाज विपश्यना से किया गया। प्रबुद्ध फाउंडेशन के सचिव उच्च न्यायालय के अधिवक्ता आईपी रामबृज ने पूछे जाने पर बताया कि बहुजन साहित्य, कला और संस्कृति के साथ साथ बहुजन रंगमंच के बिस्तार हेतु ग्रामीण क्षेत्र में प्रस्तुतिपरक कार्यशालाये आयोजित कराते रहना चाहिये। प्रस्तुतिपरक शीतकालीन बाल रंगमंच का आगाज जसरा गांव में किया गया। नृत्य, नाटक व गायन के इच्छुक बालक, बालिकाएं 26 दिसम्बर तक आवेदन फार्म लेकर जमा कर सकते है।

# खंड स्तरीय एक दिवसीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता हुई आयोजित

**जसरा।** जसरा में युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग के तत्वाधान में ग्रामीण खेल लीग के अंतर्गत खंड स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन श्री ईश्वरदीन छेदीलाल इंटर कॉलेज जसरा में किया गया। जिसमें एथलेटिक्स, वॉलीबॉल, कबड्डी, गोला फेंक आदि स्पर्धा में खिलाड़ियों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। इस अवसर पर विकास खंड कार्यालय के अधिकारी व दर्जनों लोग उपस्थित रहे। मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख जसरा अजीत सिंह उर्फ पप्पू ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ स्थानीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ० योगेंद्र सिंह ने किया। कार्यक्रम में बालक और बालिका वर्ग के दर्जनों खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। वहीं क्षेत्र की बालीबाल की टीमों ने भी अपना प्रदर्शन किया। बालक सीनियर वर्ग 400 मी की दौड़ में जितेन्द्र सिंह को प्रथम स्थान मिला जब कि रितेश कुशवाहा द्वितीय व रितेश यादव तीसरे स्थान पर रहे। वहीं जूनियर वर्ग के 400 मीटर दौड़ में महेंद्र पटेल प्रथम अमन कुमार द्वितीय सत्यम कुमार तीसरे स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में सीनियर वर्ग में 400 मीटर की दौड़ में मोनिका पटेल प्रथम, मंजुला प्रजापति द्वितीय व आंचल पटेल त्रितीय ,जूनियर बालिका वर्ग 400 मी की दौड़ में पल्लवी सिंह प्रथम, शकुंतला द्वितीय व काजल पटेल तृतीय स्थान पर रहीं। सीनियर बालक वर्ग 200 मीटर की दौड़ में प्रदीप कुमार प्रथम, रितेश यादव द्वितीय व सत्यम कुमार तृतीय स्थान पर रहे। इसी तरह बालक जूनियर वर्ग 200 मीटर दौड़ में करण कुमार प्रथम, अमन कुमार द्वितीय व बिमलेश कुशवाहा तृतीय स्थान पर रहे । जूनियर बालिका वर्ग 200 मीटर दौड़ में अनुष्का सिंह प्रथम, पल्लवी सिंह द्वितीय, सोनी यादव तृतीय स्थान पर रहीं। बालिका सीनियर वर्ग 200 मीटर दौड़ में अनामिका पाल प्रथम, शकुंतला द्वितीय व अंशिका मालवीय तृतीय रहीं। बालक वर्ग 1500 मीटर दौड़ में हरी भूषण सिंह प्रथम ,अभिषेक द्वितीय व शिवम पटेल तृतीय रहे। बालक जूनियर वर्ग 1500 मीटर दौड़ में सूरज प्रथम, उदय प्रताप द्वितीय व मोहम्मद आजम खान तृतीय स्थान पर रहे। बाल वर्ग ऊंची कूद में सौरभ प्रथम, दीपू साहू द्वितीय व रवि कुमार पाल तीसरे स्थान पर रहे । वहीं कबड्डी में बालक वर्ग में सुजौना की टीम विजेता रही जबकि करकोहला गांव की टीम उप विजेता रही। वहीं बालिका वर्ग कबड्डी में जसरा की टीम विजेता रही। वहीं वॉलीबॉल में जसरा की टीम ने बाजी मारी जबकि दूसरे स्थान पर घूरपुर की टीम रही। कार्यक्रम का आयोजन बीओपीआरडी देवांशिका सिंह के नेतृत्व में किया गया। खंड विकास अधिकारी जसरा अनीस अहमद ने भी खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य सुरेंद्र पटेल, सुधांशु मिश्रा, एडीओ सहकारिता राकेश सिंह, गुलजार सिंह, विनोद कुमार द्विवेदी, राजेश शर्मा, आलोक पाठक, शनि शुक्ला,कृष्ण कुमार कुशवाहा, लक्ष्मीकांत ,अकरम अली आदि लोग उपस्थित रहे।

## कबड्डी, वॉलीबॉल व दौड़ में विजेता टीम को पुरस्कार देकर किया गया सम्मानित



**सहसों।** क्षेत्र के ग्राम सभा देवनहरी में युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान में ब्लॉक स्तरीय एथलेटिक्स, वालीबाल एवं कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख सहसों गीता सिंह ने खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन एवं विजेता टीम के खिलाडियों को पुरूस्कार तथा प्रमाण-पत्र वितरित कर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में खेल प्रतियोगिता को आगे बढ़ाने के लिए ऐसे आयोजन किए जाते हैं। ताकि वे यहां से निकलकर देश व प्रदेश में पहुंचकर गांव, क्षेत्र व जनपद का नाम रोशन करें। कबड्डी प्रतियोगिता में बालिका वर्ग सत्यम ट्रेनिंग सेंटर बाबूगंज प्रथम तथा बभनकुइयां टीम का द्वितीय स्थान पर रही। बालीबाल में बालक वर्ग में बभनकुइयां की टीम प्रथम तथा बजाही की टीम द्वितीय स्थान पर रही। दौड़ प्रतियोगिता के 100 मी० में सुजीत सिंह प्रथम, सौरभ द्वितीय तथा 400 मी० दौड़ में रागिनी प्रथम तथा रौशनी द्वितीय स्थान पर रही। और 400 मी दौड़ बालक वर्ग में कृष्ण कुमार प्रथम, धीरज पाल द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में 1500 मी० दौड़ में विकास यादव प्रथम, अमित पटेल द्वितीय रहे। 1500 मी० सीनियर में शिव प्रताप प्रथम रहे। इस अवसर पर संदीप कुमार यादव, क्षे० युवा कल्याण अधिकारी गुलाब त्रिपाठी, प्रदीप यादव प्रधान, प्रमुख प्रतिनिधि शिव नारायण सिंह "गप्पू" , खेल शिक्षक अमर सिंह, आनन्द, श्याम सिंह, वासुदेव यादव, सुनील धुरिया, प्रमुख कोच लालजी धुरिया, मनोज कुशवाहा, पूजा मौर्या, पुष्पेन्द्र, विजयकान्त, आलोक कुमार आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### पंचायत सचिवालय रामपुर उपहार खंगाल ले गए चोर, बिजली उपकरण कुर्सी मेज पंखा आलमारी सहित कागजात गायब




**करछना।** विकास खंड करछना के अंतर्गत ग्राम पंचायत रामपुर उपहार में पंचायत भवन में अज्ञात चोरों ने सरकारी बिजली उपकरणों पर लाखों रुपए का हाथ साफ कर उठा ले गए घटना 13 दिसंबर की है पंचायत सचिवालय में रात अज्ञात चोरों ने सोलर इनवर्टर बैट्री कुर्सी इमेज अलमारी पंखा आदि दस्तावेज व उपकरण पर अज्ञात चोरों ने हाथ साफ कर दिया जिससे पंचायत सचिवालय में रखें सभी उपकरण बिजली के वह कुछ फाइलों पर अज्ञात चोरों ने हाथ साफ किया जिसकी जानकारी होने पर प्रधान निर्मला द्वारा करछना थाने में सूचना दी गई थी अभी हाल में सुलमई पंचायत सचिवालय में रात अज्ञात चोरों ने पंचायत भवन में चोरी की घटना को अंजाम दिया था जिसकी सूचना लिखित प्रधान ने करछना पुलिस को दी थी लेकिन पुलिस मामले का खुलासा नहीं कर कसी जिससे चोरों के हौसले बुलंद हैं और आए दिन गांव में बने सरकारी पंचायत भवन में चोरी की घटनाओं में वृद्धि हो रही है।

### बच्चों की समझ को विकसित करने के लिए करें सहायक सामग्रियों का उपयोग : बीईओ



**फूलपुर।** छोटे बच्चों को पढ़ाते समय विषय से संबंधित परिवेशीय वस्तुओं को उनके सम्मुख रखने से बच्चों की समझ को विकसित करने मदद मिलती है। वही सहायक सामग्रियों का प्रयोग किया जाय तो उनकी समझ ज्यादा विकसित होगी। इसलिए शिक्षकों को इसका प्रयोग करना चाहिये ।उक्त बातें प्राथमिक विद्यालय चन्दौकी में आयोजित टीएलएम मेले का उद्घाटन करते हुए बीईओ विश्वनाथ प्रजापति नें कहीं।उन्होने कहा कि बेस्ट मटेरियल से बनाएं गये टीएलएम कम खचीर्ले और आकर्षक होते है। प्रभारी प्रधानाध्यापक मिथिलेश कुमार नें बच्चों के कौशल विकास को बढ़ाने पर जोर देते हुए कहा कि टीएलएम के निर्माण में यदि छात्र छात्राओं को भी सम्मिलित किया जाय तो निश्चित रूप से उनका कौशल विकास भी होता है। इसलिए उनको भी सम्मिलित किया जाय।शालिनी पटेल नें सभी टीएलएम पर विस्तार से चर्चा की।मेलें का आवलोकन करने के लिये न्याय पंचायत कुतुबपट्टी के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित हुए।मौके पर क्षमा मिश्रा,प्रेम नारायण,योगेन्द्र प्रसाद मिश्रा,राधेश्याम मिश्रा,आशुतोष सिंह,अरविन्द वर्मा,सिद्धार्थ कुमार,अनीता सिंह,रेनू,आरती श्रीवास्तव,गुलेराना,वंदना पाण्डेय आदि मौजूद रहें।

### बी डी सेंट्रल एकेडमी स्कूल खानपुर में अग्निशमन विभाग द्वारा आयोजित हुआ मार्क ड्रिल कार्यक्रम

**आग पर काबू पाने के लिए बच्चों को प्रशिक्षण देकर किया गया जागरूक**



**मेजा/सिरसा।** प्रयागराज के मुख्य अग्निशमन अधिकारी डॉ. राजीव कुमार पांडेय के निदेर्शानुसार मेजा क्षेत्र के खानपुर स्थित बी0 डी0 सेंट्रल एकेडमी में आज मंगलवार को अग्निशमन विभाग के फायर स्टेशन प्रभारी सिया शरण सिंह के नेतृत्व में स्कूल के बच्चों को आग पर काबू पाने के तरीकों का प्रशिक्षण दिया गया प्रशिक्षण के दौरान राम कुमार यादव और गंगा राम यादव के द्वारा बच्चो को बिजली से लगी आग, शार्ट सर्किट से लगी आग,रसोई गैस सिलेंडर में लगी आग को जलाकर बुझाने का प्रशिक्षण दिया गया और मार्क ड्रिल करके बताया गया साथ में रहे । अग्निशमन विभाग के सुनील पाण्डेय ने भी बच्चो को आग से संबंधित सावधानी के विषय में जानकारी दी स्कूल की निदेशक बबिता गुप्ता और चेयरमैन दुर्गा प्रसाद गुप्ता ने प्रशिक्षण दे रहे लोगो की सराहना करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया इस दौरान स्कूल के प्रधानाचार्य मेवा लाल यादव,मुरतध्वज, संतोष, गुंजा, अंजली, शबनम,अर्पिता, अल्का, रीमा, वंदना,दीक्षा,सरिता, स्कूल के समस्त शिक्षक शिक्षकाएं उपस्थित रहे।

### रिटायर शिक्षक व पूर्व प्रधान के घर चोरों ने की चोरी

**सहसों।** थरवई थाना क्षेत्र के मुहम्मदपुर गांव निवासी रिटायर शिक्षक राधेश्याम शुक्ल के यहां 9 दिसंबर को उनके नातिन की शादी थी। जिसमें बहू और बेटियां सभी घर पर इकट्ठा हैं। सोमवार की रात सभी लोग खाना खाकर कमरे के अंदर सो रहे थे। मौका पाकर चोर पीछे से छत पर चढ़ गए उसके बाद सीढ़ी से उतरकर घर में घुस गए। जिन कमरों में परिजन सो रहे थे। उनका बाहर से कुंडी चढ़कर दरवाजा बंद कर दिया। बगल कमरे के अंदर रखा हुआ बक्सा उठा ले गए। बक्से में रखा हुआ तीस हजार रुपए नगद? व लगभग डेढ़ लाख रुपए के?? आभूषण उठा लें गए। भोर में नींद खुलने के बाद घर के लोगों के शोर मचाने पर पड़ोसियों ने आकर दरवाजा खोला। यही नहीं चोरों ने हौसला दिखाते हुए गांव के ही पूर्व प्रधान पन्नालाल के यहां भी चोरों ने पच्चीस हजार रुपए नगद और करीब ढाई किलो चांदी तथा तीन तोला सोना लगभग चार लाख रुपए का आभूषण चोरी कर-के फरार हो गए। भुक्त भोगियों द्वारा संबंधित थाने की पुलिस तहरीर लेकर मामले की लिखा पढ़ीकर जांच पड़ताल कर रही है।

### चौकी इंचार्ज पर समाजसेवी ने लगाए गंभीर रूप

**करछना।** थाना क्षेत्र के निरिया गांव के रहने वाले समाजसेवी पवन यादव ने भुंडा पुलिस चौकी इंचार्ज पर गंभीर आरोप लगाया है। आरोप है कि बीते कई वर्षों से गांव के खेल मैदान पर एक व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से अतिक्रमण कर कब्जा कर लिया गया है। समाजसेवी ने अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए कब्जा हटवाने को लेकर कई बार एसडीएम, संपूर्ण समाधान दिवस के साथ थाना पर शिकायत किया। लेकिन मामले में किसी के द्वारा संज्ञान नहीं लिया जा रहा है। बीते तीन नवंबर को वह पुलिस चौकी भुंडा पर मामले की शिकायत करने को लेकर गया था। जहां चौकी इंचार्ज अजीत गुप्ता ने समाधान करने के बजाय उस पर 107/16 की मुकदमा दर्ज कर दिया। समाजसेवी पर मुकदमा दर्ज किए जाने से वह परेशान हो उठा। बेवजह लादें गए मुकदमा हटवाने को लेकर कई बार पुलिस व उच्च अधिकारियों से गुहार लगाई। मंगलवार को इसी मामले को लेकर वह करछना थाने पर पहुचा था। आरोप है कि थाने पर पहले से मौजूद चौकी इंचार्ज अजीत गुप्ता ने उसे अंदर ले गए और उसकी पिटाई करने के बाद 151 में चालान कर दिया । पीड़ित समाजसेवी ने एसीपी करछना कार्यालय पहुंचकर शिकायत करते न्याय की गुहा लगाई है। चौकी इंचार्ज अजीत गुप्ता का कहना है कि उक्त जमीन पर गांव के ही एक महिला अतिक्रमण कर कब्जा कर लिया है। जिसका समाजसेवी पवन यादव वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया पर वायरल कर रहा था। महिला की शिकायत पर 107/16 का मुकदमा दर्ज किया गया था। मंगलवार को समाजसेवी द्वारा थाने के अंदर ले जाकर उसे मारने पीटने का जो भी आरोंप लगाया जा रहा है वह बिल्कुल गलत और निराधार है।

### भाजपा नेता डा संगम मिश्र के समर्थकों ने क्षेत्र में किया व्यापक जनसंपर्क

**मेजा।** प्रांत संस्कृत प्रमुख विश्व हिन्दू परिषद काशी प्रांत शंकरदेव त्रिपाठी के नेतृत्व में सोमवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता डा संगम मिश्र के समर्थकों ने इलाहाबाद संसदीय क्षेत्र के यमुनापार में कई गांवों का ब्यापक जनसंपर्क कर सरकार की उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा किया। उल्लेखनीय है कि डोर टू डोर जनसंपर्क के दौरान संस्कृत प्रमुख देवशंकर त्रिपाठी ने लोगों से भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही जनहित की योजनाओं पर चर्चा करते हुए कहा कि आज सरकार की उज्जवला योजना घर घर नल योजना मुफ्त खाद्यान्न वितरण योजना आयुष्मान भारत किसान सम्मान निधि पी एम आवास योजना का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों को मिल रहा है। इतना ही नहीं श्री त्रिपाठी ने अयोध्या में आगामी 22 जनवरी को श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर सभी ग्रामीणों को अपने अपने घरों में दीप जलाने एवं भजन कीर्तन आयोजित करने की भी अपील किया। इसके अतिरिक्त छत्तीसगढ़ राजस्थान और मध्यप्रदेश में भाजपा की बंपर जीत का हवाला देते हुए जहां देश के पी एम व गृहमंत्री अमितशाह को बधाई दिया वही आगामी लोक सभा चुनाव में प्रधानमंत्री मोदी को पुनः पी एम बनाने का उपस्थित लोगों से आह्वान किया। इस मौके पर सेंट्रल एकेडमी स्कूल के डायरेक्टर एस के तिवारी राजाबाबू पाठक घनश्याम मिश्रा शरद पांडेय राधे रमण शुक्ल पंकज द्विवेदी अक्षयवट नाथ पांडेय कृष्ण आसरे मिश्र आदि के अलावा कई अन्य भाजपा कार्यकर्ता प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# काशी तमिल संगमम के प्रथम दल के सदस्यों के प्रयागराज आगमन पर हुआ भव्य स्वागत

## संगम क्षेत्र के विहंगम एवं मनोहारी दृश्य देखकर अभिभूत हुए काशी तमिल संगमम टीम के सदस्यगण

अखंड भारत संदेश






**प्रयागराज।** काशी तमिल संगमम कार्यक्रम के प्रथम दल के सदस्यों का मंगलवार को जनपद प्रयागराज आगमन पर टीम के सदस्यों का पुष्पवर्षा एवं मां तमिल की वंदना के साथ भव्य रूप से स्वागत किया गया। संगम क्षेत्र में पहुंचने पर जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल, अपर जिलाधिकारी नगर मदन कुमार, अपर जिलाधिकारी नजूल प्रदीप कुमार, सिटी मजिस्टेट विनोद कुमार सिंह सहित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा टीम के सदस्यों का भव्य रूप से स्वागत किया गया। इस अवसर पर काशी तमिल संगमम पर्यटकों के स्वागत में स्कूली बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं गीत प्रस्तुत किए गए। काशी तमिल संगमम टीम के सदस्यों को सुसज्जित नावों के द्वारा वीआईपी घाट से संगम ले जाकर मां गंगा, यमुना एवं अदृश्य सरस्वती के संगम का अवलोकन/स्नान कराया गया तथा तीर्थराज प्रयागराज के महत्व के बारे में बताया गया। संगम क्षेत्र के अद्भुत एवं मनोहारी दृश्य देखकर सदस्यगण मंत्रमुग्ध हो गये। सदस्यगणों के द्वारा संगम क्षेत्र में वीआईपी घाट पर बनाये गये सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी भी लिया गया तथा सैण्डआर्ट का अवलोकन किया गया। जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल के द्वारा टीम के सदस्यों को मोमेंटो एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। संगम क्षेत्र कार्यक्रम के पश्चात काशी तमिल संगमम टीम के सदस्यगणों ने लेटे हनुमान जी का दर्शन एवं पूजन किए। इसके उपरांत टीम के सदस्य स्वामी नारायण मंदिर एवं चन्द्रशेखर आजाद पार्क भी गये। इस अवसर पर दल के सदस्यों के अलावा काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



# चन्द्रशेखर आजाद पार्क पर तमिलनाडु से पधारे सभी अतिथियों का भाजपा पिछड़ावर्ग मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ने किया स्वागत

**प्रयागराज।** मंगलवार को काशी तमिल संगमम कार्यक्रम के अंतर्गत अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद पार्क पर तमिलनाडु से पधारे सभी अतिथियों का भाजपा पिछड़ावर्ग मोर्चा के महानगर अध्यक्ष मनोज कुमार कुशवाहा के द्वारा स्वागत किया गया, तत्पश्चात आजाद जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पितआज काशी तमिल संगमम कार्यक्रम के अंतर्गत अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद पार्क पर तमिलनाडु से पधारे सभी अतिथियों का भाजपा पिछड़ावर्ग मोर्चा के महानगर अध्यक्ष मनोज कुमार कुशवाहा के द्वारा स्वागत किया गया, तत्पश्चात आजाद जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया गया, व मुरुगन जी के नेतृत्व में आये सभी अतिथियों ने प्रांगण में ही सांस्कृतिक विभाग के द्वारा काकोरी के शहीदों पर आधारित प्रदर्शनी का प्राविधिक सहायक राकेश वर्मा जी के साथ सभी ने अवलोकन किया, कर नमन किया गया, व मुरुगन जी के नेतृत्व में आये सभी अतिथियों ने प्रांगण में ही सांस्कृतिक विभाग के द्वारा काकोरी के शहीदों पर आधारित प्रदर्शनी का प्राविधिक सहायक राकेश वर्मा जी के साथ सभी ने अवलोकन किया। यह जानकारी प्राविधिक सहायक राकेश वर्मा ने दी है।

# जीजा ने साथ नहीं चलने पर रीना की चापड़ से की थी हत्या

अखंड भारत संदेश

**रीता हत्याकाण्ड का खुलासा**

- पुलिस ने आरोपी को कोर्ट से रिमांड पर लेकर किया पूछताछ
- घटनास्थल के पास मिट्टी में दबा आला कत्ल हुआ बरामद
- सरायइनायत के दलापुर मुसहां गांव में 2 दिसंबर को रीना की शादी से एक दिन पहले हुई थी हत्या

**हनुमानगंज।** सरायइनायत पुलिस ने रीना बिंद के हत्यारोपी को कोर्ट से रिमांड पर लेकर मंगलवार को पूछताछ की। आरोपी ताराचंद ने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि अपने पत्नी बीना की छोटी बहन रीना से वह शादी करना चाहता था। रीना की शादी होने वाली थी। शादी से एक दिन पहले उसे फोन करके गांव से बाहर बुलाया था। जब वह साथ चलने को तैयार नही हुई तो उसे वहीं चापड़ से वार कर मार दिया था। पुलिस ने ताराचंद की निशानदेही पर घटनास्थल के पास तालाब के किनारे मिट्टी में दबे आलाकत्ल चापड़ को भी बरामद कर लिया। थाना क्षेत्र के दलापुर मुसहां गांव निवासी रामचंद्र बिंद की छोटी बेटी रीना की 3 दिसंबर रविवार को शादी होनी थी। शादी से एक दिन पहले शनिवार सुबह गांव से बाहर उसकी रक्तरंजित लाश मिली थी। रीना की बड़ी बहन बीना ने रीना की हत्या का इल्जाम अपने पति ताराचंद पर लगाया था। वह रीना से शादी करने के लिए क ?ई बार बीना को धमकी दे चुका था। पिता रामचंद की तहरीर पर पुलिस ने ताराचंद के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश में जुटी थी। वारदात को अंजाम देकर फरार ताराचंद पुलिस को चकमा देते हुए सातवें दिन कोर्ट में सरेंडर कर दिया था।

# घूरपुर में परचून की गोदाम में लगी आग बोलेरो सहित लाखों का माल खाक





**घूरपुर।** घूरपुर बाजार स्थित बीती रात एक परचून की गोदाम में आग लग जाने से बोलेरो सहित 25लाख से अधिक का माल जलकर खाक हो गया। फायर ब्रिगेड कर्मी पहुंच कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया घूरपुर बाजार निवासी चन्द्र प्रकाश केसरवानी प्रतिष्ठित व्यवसाई माने जाते हैं। घूरपुर बाजार में परचून की दुकान है। दुकान के पीछे गोदाम है जिसमे लाखों की परचून का माल रखे थे। रविवार देर रात अचानक गोदाम से धुएं के साथ आग की लपटे निकलने के साथ धड़ाम धड़ाम की आवाज निकलने लगी। पास में ही आवास है। आवाज सुन गोदाम की तरफ देखे तो पैरों तले जमीन खिसक गई। आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। आग की लपटे इतनी तेज थी कि कोई अंदर जानें की हिम्मत नहीं जुटा पाई। सूचना पर गौहनिया स्थित फायर ब्रिगेड स्टेशन से फायर कर्मी पहुंच कड़ी मेहनत कर आग पर काबू पाया तब तक गोदाम में रखी गई बोलेरो सहित 25लाख से अधिक की परचून की माल जलकर खाक हो गई। गोदाम के कई कमरों की छतों में दरार पड़ गई तो वहीं एक कमरे की छत बैठ गई। इतनी बड़ी नुकसान से परिजनों मे मायूसी छाई हुई है। गोदाम मे आग लगने का कारण पता नहीं चल पाया।

## बेटे उमर अंसारी को बड़ा झटका, भड़काऊ बयान बाजी मामले में अग्रिम जमानत याचिका खारिज

**प्रयागराज।** माफिया मुख्तार अंसारी के बेटे उमर अंसारी को होईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने भड़काऊ बयानबाजी मामले में अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है। विधानसभा चुनाव के दौरान मऊ में मुकदमा दर्ज हुआ था। खुद को निर्दोष बताते हुए उमर अंसारी ने कोर्ट से गुहार लगाई थी। हाईकोर्ट ने मामले में अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया है। विधानसभा चुनाव के दौरान अब्बास अंसारी ने भड़काऊ बयान दिया था। इस मामले में मऊ कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया था। मुकदमे में अब्बास के भाई उमर अंसारी को भी आरोपी बनाया गया।मामला मऊ जिले का है। अभियोजन के अनुसार एसआई गंगाराम बिंद की तहरीर पर शहर कोतवाली में मुकदमा दर्ज हुआ था। इसमें सदर विधायक अब्बास अंसारी और उमर अंसारी और मंसूर को आरोपी बनाया गया। इसमें आरोप था कि तीन मार्च 22 को विधानसभा चुनाव के प्रचार के दौरान सुभासपा प्रत्याशी अब्बास अंसारी ने जनसभा की। इसमें मंच से अब्बास अंसारी और उमर अंसारी के द्वारा चुनाव के बाद अधिकारियों की ट्रांसफर पोस्टिंग रोकने और उनका हिसाब-किताब करने संबंधी बयान दिया गया था। जब यह बयान अब्बास अंसारी के द्वारा मंच से दिया जा रहा था तब मंच पर उमर अंसारी भी मौजूद था।

**विवादित बयान का वीडियो हुआ था वायरल :** इस मामले में एक वीडियो भी वायरल हुआ था जिसमें माफिया मुख्तार के बेटे भड़काऊ बयानबाजी करते दिखे। बाद में वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने इस पूरे मामले को संज्ञान में लेकर मऊ नगर कोतवाली में अब्बास अंसारी उसके छोटे भाई उमर अंसारी सहित अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था।

## बकायेदारों के घर दस्तक देकर ओटीएस का पंजीकरण कराएंगे विद्युतकर्मी

**प्रयागराज।** बिजली बिल बकायेदारों को राहत देने के लिए सरकार व विद्युत महकमे की एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) का तीसरा और अंतिम चरण चल रहा है। अबतक प्रयागराज जोन में कुल 27 हजार बकायेदार उपभोक्ताओं ने इस योजना में पंजीकरण कराया है। इससे विभाग को अबतक करीब 20 करोड़ रुपये का राजस्व भी मिल चुका है। हालांकि, अब भी 70 हजार के करीब बकायेदारों ने ओटीएस में पंजीकरण नहीं कराया है।


**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की भारतीय जीवन बीमा निगम पॉलिसी संख्या 232 183 541 दिनांक 15 11 1999 को शाखा कार्यालय उरई से मयंक सिंह सेंगर निवासी ग्राम अमावता जनपद औरैया के नाम जारी हुई थी बाद में यह नाम प्रताप भानु सिंह ग्राम अमावता जनपद औरैया हो गया दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं यदि किसी को आपत्ति हो तो 15 दिन के अंदर कार्यालय में आपत्ति दर्ज कर सकता है।

**विश्वनाथ सिंह सेंगर निवासी ग्राम अमावता जनपद औरैया उत्तर प्रदेश।**



**कार्यालय ग्राम पंचायत सिकरो विकास खण्ड – कोरांव, प्रयागराज**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

पंचम राज्य वित्त/पन्द्रहवा वित्त योजना एवं मनरेगा के अन्तर्गत ग्राम पंचायत–सिकरो के अन्तर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से अद्योलिखित विवरण के अनुसार कार्य कराने हेतु दिनांक 20.12.2023 से दिनांक 02.01.2024 सीलबन्द लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 03.01.2024 को सायं 2 बजे गठित समिति के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र 10 रू0 के स्टाम्प पेपर के साथ ग्राम पंचायत के कार्यालय में जमा कराना अनिवार्य होगा। किसी एक अथवा समस्त निविदा को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगी। निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। नियम एवं शर्तो की जानकारी ग्राम पंचायत विकास अधिकारी से प्राप्त की जा सकती है।

नोट– सामग्री की मात्रा स्वीकृत प्राकलन के अनुसार बढ़ घट सकती है।

| क्र0 | योजना का नाम | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | पंचम राज्य वित्त 15वां केन्द्रीय वित्त | श्यामलाल के घर से महारानी के चौरा तक इण्टरलाकिंग कार्य | 6.01 लाख | 2 माह |

सुशील कुमार कुशवाहा (ग्राम प्रधान) ग्राम पंचायत सिकरो वि. ख. कोरांव, प्रयागराज।

संजय कुमार यादव ग्रा0 वि0 अधि0 ग्राम पंचायत सिकरो वि. ख. कोरांव, प्रयागराज।

पत्रांकः मेमो/ग्राम पंचायत –निविदा/2023-24/दिनांक 19.12.2023


# सेंट पीटर्स स्कूल में वार्षिक खेल उत्सव संपन्न



**सिरसा।** मेजा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम छतवा सिरसा विकास खण्ड उरुवा 16 दिसम्बर दिन शनिवार को वार्षिक खेल उत्सव मनाया गया। नर्सरी से कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल गतिविधियों जैसे रेसिंग, वन लेग रेस, बुक रेस, फ्रॉग जंप रेस, लेमन एंड स्पून रेस, स्लो साइकिल, शॉट पुट, डॉजबॉल, बैडमिंटन में भाग लिया। कार्यक्रम के प्रबंधन में विद्यालय की समन्वयक सृष्टि सिंह ने प्रमुख भूमिका निभाई। विजेताओं को सेंट पीटर्स स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती शिवानी खेड़ा सोनी द्वारा प्रमाण पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि खेल किसी व्यक्ति को फिट और ठीक रखने में प्रमुख भूमिका निभाते हैं। इसके अलावा, यह पूरे शरीर में रक्त के प्रवाह को बढ़ाता है। इससे दिल को बेहतर स्थिति में रखने में मदद मिलती है। इसके अलावा आउटडोर खेल खेलने से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। खेल प्रतियोगिता के दौरान विद्यालय के सारे शिक्षक व शिक्षाएं उपस्थित रहे। अंतर सदन प्रतियोगिताओं में येलो हाउस प्रथम, रेड हाउस द्वितीय और ब्लू हाउस तृतीय स्थान पर रहा।



## वॉलीबॉल प्रतियोगिता में दमदार को हराकर बीबीएस इंटरनेशनल बनी चैंपियन

**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के नरहरपुर गांव में रविवार को यूथ क्लब के मैदान में वॉलीबॉल प्रतियोगिता आयोजित किया गया जिसमें प्रयागराज समेत अन्य जनपद की टीमों ने प्रतिभाग लिया वही बी बी एस इंटरनेशनल स्कूल गोहरी फाइनल मुकाबला जीत कर पुरस्कृत हुई।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांग्रेस नेता व पूर्व लोकसभा प्रत्याशी प्रमोद कुमार सिंह पटेल ने फीता काटकर मुख्य अतिथि ने एक लाइन में खड़े हुए खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर आशीर्वाद प्रदान की और खेल को प्रारंभ कराया गया।बताते चले की यूथ क्लब नरहरपुर में वॉलीबॉल प्रतियोगिता में 16 टीमों ने प्रतिभाग लिया जहा प्रयागराज पुलिस लाइन,बी बी एस इंटरनेशनल स्कूल गोहरी,भदोही,फाफामऊ लेहरा, दमगढ़ा आदि टीमों ने भाग लिया जहां मैच का सेकंड सेमीफाइनल मुकाबला पुलिसलाइन प्रयागराज और दमगढ़ा के बीच मैच खेला गया जहां पुलिसलाइन प्रयागराज को हराकर दमगढ़ा की टीम विजय रही वही फाइनल मुकाबला दमगढ़ा और बी बी एस इंटरनेशनल स्कूल गोहरी के बीच बहुत ही रोमांचक मुकाबला हुआ जहा दमगढ़ा की टीम को हराकर बी बी एस इंटरनेशनल गोहरी की टीम फाइनल मुकाबला जीतकर चैंपियन बनी।बता दे की बी बी एस इंटरनेशनल गोहरी टीम के कप्तान मोहम्मद दाऊद निवासी मंडौर थाना उतराव प्रयागराज निवासी के खेल का प्रदर्शन यूथ क्लब नरहरपुर मैदान पर उपस्थित दर्शकों ने खिलाड़ी मोहम्मद दाऊद की जमकर सराहना की वही बी बी एस गोहरी के कप्तान को उत्तम प्रदर्शन देख पुरस्कृत के अतिरिक्त सम्मानित किया गया।इसी तरह फाइनल मुकाबले में प्रथम स्थान प्राप्त की हुई टीम बी बी एस इंटरनेशनल स्कूल गोहरी व दृतीय स्थान में प्राप्त की दमगढ़ा टीम को पुरस्कृत किया गया। वॉलीबॉल मैच का कमेंट्री कर रहे गुलाममुस्तफा ने अपने कमेंट्री के उच्च शब्दों के प्रयोग से दर्शकों व खिलाड़ियों को मग्न कर दिया।


**कार्यालय ग्राम पंचायत लिगदहिया, वि. ख. करछना प्रयागराज**

पत्रांकः मेमो/ग्राम पं. वि. अ./कोटेशन/ 2023-24

**टेण्डर/कोटेशन**

दिनांक : 19.12.2023

ग्राम पंचायत **लिगदहिया** में वित्तीय वर्ष 2023–24 में कराये जाने वाले कार्य, मनरेगा/15 वां वित्त/राज्य वित्त योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत **लिगदहिया** विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यो के लिए इच्छुक पंजीकृत फर्मो से अल्प कालीन निविदा आमंत्रित की जाती है, आकड़न/प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर प्राप्त आपूर्ति भाड़ा एवं कार्य की मजदूरी सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 20–12–2023 से दिनांक 02–01–2024 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं । नियम व शर्ते किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है , तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 03–01–2024 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेण्डर /कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 03–01–2024 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस–जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है। उत्तर प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा, जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा, साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा। उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा। उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्ते लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु उचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत श्रम एवं सामग्री अंश | सामग्री अंश आपूति की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | राजमणि के घर से चकमार्ग तक इण्टरलाकिंग कार्य | 3.99 लाख | 2 माह |
| 2. | समीम के घर से नाला तक पक्की नाली निर्माण कार्य | 3.99 लाख | 2 माह |

सुरेन्द्र कुमार सिंह ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत लिगदहिया वि0 ख0 करछना प्रयागराज

अक्षत सिंह सचिव ग्राम पंचायत लिगदहिया वि0 ख0 करछना प्रयागराज





## नाटक के माध्यम से बच्चों ने मोबाइल के दुरुपयोग को बताया

**झूंसी।** सैदाबाद स्थित न्यू आरएसजे पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव रिम डिवाइन मंगलवार को सम्पन्न हुआ। जिसमें छात्र-छात्राओं के साथ उनके अभिभावक भी सम्मिलित हुए। स्कूल की प्रधानाचार्य के द्वारा द्वीप प्रज्वलित करने के पश्चात स्वागत नृत्य के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। नर्सरी से यूकेजी के बच्चों द्वारा किए गए नृत्य की अभिभावकों ने खूब सराहना की। कक्षा 7 से 9 के बच्चों ने विभिन्न योगासनों एवं पिरामिड द्वारा जीवन में योग एवं शारीरिक व्यायाम के महत्व को समझाया। 5 से 9 के छात्र-छात्राओं ने रिबन एवं बम्बू पीटी के द्वारा अभिभावकों का मन मोह लिया। विद्यालय के सीनियर बच्चों ने माइम शो के माध्यम से वर्तमान जीवन में हो रहे मोबाइल के दुरुपयोग को दिखाया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कक्षा 7 से 9 के छात्रों ने जीवन में शिक्षा के महत्व को बताया। कार्यक्रम के दौरान मेधावी छात्र एवं छात्राओं को मेडल व सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 10 एवं 11 के छात्र हर्ष पाण्डे व सहर्ष कुमार सिंह के द्वारा किया गया। आखिर में प्रधानाचार्य ने जीवन में काम आने वाली महत्वपूर्ण बातों को बच्चों को समझाया।

# नई केबिल लगाने वालों मजदूरों पर उपभोक्ताओं का कनेक्शन जोड़ने पर पैसा लेने का आरोप






**मऊआइमा।** नंगे तारों को हटा कर उसके स्थान पर नई केबिल लगाने और एंव उपभोक्ताओं का कनेक्शन जोडने के नाम पर वसूली का आरोप प्राप्त जानकारी के मुताबिक मऊआइमा नगर पंचायत क्षेत्र में हफ्तों से नंगे तारों को हटा कर केबिल दौड़ाई जा रही है।नंगे तारों पर कनेक्शन धारकों की केबिल भी काट दी जा रही है। आरोप है कि केबिल लगाने के बाद कनेक्शन जोडने के लिए मोल भाव करने के बाद ही कनेक्शन जोडने का आरोप उपभोक्ताओं द्वारा लगाया जा रहा है।आरोपित है कि कई उपभोक्ताओं ने पैसा नहीं दिया तो उनका कनेक्शन उल्टा कर दिया गया। जिससे उनके घरों बिजली उपकरण जल गए। सबसे गंभीर आरोप है कि बीच रास्ते को बांस बल्ली डाल कर रास्ता अवरूद्ध कर दिया जा रहा है। जिससे उपभोक्ता आजिज आ चुके हैं। रिश्वत खोरी किए जाने के बाबत ठेकेदार और इंजीनियर दिनेश कुमार यादव ने बताया कि यह सरसर गलत है। ऐसे लोगों का नाम बताएं। एस डी ओ नागेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि ऐसे वसूली बाजों को पैसा देते समय चुपके से वीडीयो बना कर हमें सूचना दें। उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। कनेक्शन जोडने का अलग से सरकारी पैसा मिलता है।

# स्काउटिंग और गाइडिंग से जीवन बनता है अनुशासितः डीआईओएस

## जीआईसी में दो दिवसीय जनपदीय रैली का हुआ शुभारंभ

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** राजकीय इंटर कालेज प्रतापगढ़ के परिसर में स्काउट गाइड की दो दिवसीय जनपदीय रैली का शुभारंभ मुख्य अतिथि उप शिक्षा निदेशक/जिला विद्यालय निरीक्षक/जिला मुख्यायुक्त स्काउट गाइड प्रतापगढ़ सरदार सिंह द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया।

मुख्य अतिथि सरदार सिंह द्वारा स्काउट गाइड का झंडा फहराया गया तथा रैली के मार्च पास्ट की सलामी लिया गया एवम् रैली के सफल आयोजन हेतु प्रगति का द्योतक रंग बिरंगे गुब्बारा उड़ाया गया एवम् रैली के अदघाटन की घोषणा किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि अपने उद्बोधन में



मार्च पास्ट करते स्काउट गाइड।



दीप प्रज्जवलन कर जनपदीय रैली का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि।

जीवन में स्काउटिंग और गाइडिंग महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा कहा कि स्काउटिंग और गाइडिंग से जीवन अनुशासित बनता है तथा आने वाली समस्याओं के कुशलता पूर्वक समाधान में मदद मिलती है। सभी को स्काउटिंग और गाइडिंग सीखना चाहिए। संयोजक प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कालेज प्रतापगढ़ कुलश्रेष्ठ तिवारी का बुके देकर एवम् बैज लगाकर स्वागत किया गया। इसके पूर्व राजकीय बालिका इंटर कालेज प्रतापगढ़ की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। मुख्यालय आयुक्त/प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कालेज बरहदा प्रतापगढ़ डॉ विंध्याचल सिंह, जिला स्काउट आयुक्त/प्रधानाचार्य लोकमान्य तिलक इंटर कालेज प्रतापगढ़ प्रमोद कुमार तिवारी, जिला सचिव स्काउट गाइड/प्रधानाचार्य शंकर विद्यालय इंटर कालेज कटैया प्रतापगढ़ डॉ राघवेंद्र कुमार पांडेय, कोषाध्यक्ष स्काउट गाइड/प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इंटर कालेज प्रतापगढ़ गरिमा श्रीवास्तव, जिला आयुक्त गाइड/उप प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इंटर कालेज प्रतापगढ़ गीता यादव, डॉ मो अनीस द्वारा मुख्य अतिथि का माल्यार्पण कर बुके तथा स्मृति चिन्ह देकर तथा बैज लगाकर स्वागत किया गया। इस दौरान मुख्यालय आयुक्त डॉ विंध्याचल सिंह द्वारा स्वागत उद्बोधन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित समस्त सम्मानित प्रधानाचार्यो, शिक्षकों, स्काउट गाइड संस्था के जनपदीय पदाधिकारियों, स्काउट मास्टर्स का बैज लगाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राजकुमार सिंह, डॉ अनूप कुमार सिंह, आजाद अहमद, एससी शुक्ला, एके विश्वकर्मा, डॉ स्निग्धा पांडेय, पूनम श्रीवास्तव, बृजेश मिश्रा, तृप्ति गुप्ता, राम कुमार सिंह, सुशील कुमार सिंह, आराधना सहित विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक, स्काउट गाइड मास्टर्स, स्काउट गाइड संस्था के पदाधिकारी, प्रतिभागी स्काउट गाइड कैडेट्स आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन स्काउट गाइड प्रशिक्षण आयुक्त संजीव कुमार शर्मा द्वारा किया गया।

# स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के दर्शन को उमड़ा भक्तों का हुजूम

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** तहसील पट्टी क्षेत्र के ढकवा बाजार में स्थित चैराहे पर वाराणसी से गौरीगंज में आयोजित धर्म सभा को संबोधित करते हुए जाते समय जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वतीजी महाराज गृह क्षेत्र के लोगों को एकत्रित दार्शनिक भावना को स्वीकार करते हुए ढकवा चैराहे पर पहुंचे जगतगुरु शंकराचार्य का वाहन पहुंचते ही एकत्रित सनातन धर्म प्रेमियों का आस्था का लावा फूट पड़ा धार्मिक नारा लगाते हुए भाव विभोर श्रद्धालुओं ने जगतगुरु शंकराचार्य महाराज का अभिनंदन किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से डॉक्टर शैलेंद्र सिंह योगी योगीराज सरकार सुरेश प्रताप सिंह राठौर सुरेंद्र प्रताप सिंह वतन,विवेक पांडेय,शेर बहादुर यादव ग्राम प्रधान रेडीगारापुर अरविंद वर्मा ग्राम प्रधान बाभनपुर,रत्तीपुर ग्राम सभा के प्रधान पंकज सिंह सराय भिखारी के ग्राम प्रधान लकी सिंह राजकुमार पाण्डेय,संजय मोनू पांडेय,रितेश यादव बृजेश यादव,दरगाही राम भारती पूर्व नगर पंचायत प्रत्याशी ढकवा,रमेश बहादुर सिंह,जगत नारायण पाठक,राजेंद्र पाल सैकड़ो श्रद्धालुओं के साथ मौजूद रहे। क्षेत्रीय लोगों से रूबरू होते हुए तथा सभी भक्तों को आशीर्वाद देते हुए जगतगुरु शंकराचार्य अपने गंतव्य को रवाना हो गए उपस्थित लोगों ने सनातन धर्म के नारे से बाजार के चारों तरफ शोर मचा दिया।

# कम्पनी बाग की प्राकृतिक छटाओं का खूब आनंद उठाते हैं बच्चे व महिलाएं

## पशु-पक्षियों को दाना खिलाने प्रायः पहुंचते हैं नपाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका के शहीद उद्यान (कम्पनी गार्डेन) में हजारों लोग जहां प्रातःकाल टहलने आते हैं, वहीं नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह कम्पनी गार्डेन में प्रायः पहुंचकर वहां मौजूद बतख, कबूतर, खरगोश को दाना और चारा इस प्रकार खिलाते हैं कि मानो उनकी इन पशु पक्षियों से दोस्ती हो। प्रायः देखा गया है कि अध्यक्ष के पहुंचते ही ये पशु पक्षी इनको घेर लेते हैं जो एक जगह बैठकर धीरे-धीरे दाना और चारा फेंककर इन्हें खिलाते हैं।इसके अलावा कम्पनी गार्डेन में बना आकर्षक रंगीन



कम्पनी गार्डेन में पक्षियों को चारा खिलाते नपाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह।

फौव्वारा, रंग बिरंगे तरह-तरह के फूल, फलदार व छायादार वृक्षों में अर्जुन का पौधा, आंवले व आम का पौधा तथा कामिनी लोगों के आकर्षण का केन्द्र बना रहता है। बच्चों के लिये झूला व सीसा भी बच्चों को खूब भाता है। यही कारण है कि सुबह टहलने वाले और शाम को अपने परिवार व बच्चों को लेकर कम्पनी बाग में आने वालों की भीड़ लगती है। यहां दिखाई पड़ने वाली प्राकृतिक छटा का बच्चे खूब लुत्फ उठाते हैं। कम्पनी गार्डेन की ही तर्ज पर बाबागंज के अटल पार्क में सुबह-शाम भीड़ होने लगी है। यहां व्यापारी वर्ग ज्यादा आता है। लोग इसे छोटा कम्पनी बाग भी कहते हैं। यहां पर भी अब तरह-तरह की सुविधाएं मिलने लगी हैं।

## अज्ञात चोरों ने सबमर्सिबल से उड़ाये कीमती सामान

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लीलापुर थाना क्षेत्र के ओरी का पुरवा सगरा सुंदरपुर में बीती सोमवार की रात अज्ञात चोरों ने समर्सिबल का स्टॉटर, स्टेबलाइजर व केबिल आदि दीवार तोडकर चोरी कर ले गये। पीड़ित गांव के सदाशिव वर्मा ने मंगलवार की सुबह लीलापुर थाने पहुंचकर घटना के बाबत तहरीर दी। पीड़ित सदाशिव का कहना है कि इसके पहले भी उसके सबमर्सिबल में तीन बार दरवाजा तोड़कर चोरी की घटना हो चुकी है। पुलिस कार्रवाई न होने से चोरी की घटना सबमर्सिबल में ताबड़तोड़ होने को लेकर पीड़ित के चेहरे पर नाराजगी भी देखी गयी। प्रभारी निरीक्षक नीरज यादव का कहना है कि तहरीर मिली है, जांच कर घटना का खुलासा किया जाएगा।

# लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए टीम भावना से कार्य आवश्यक

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** सदर विकास खंड स्थित सगरा संकुल की बैठक आज प्राथमिक विद्यालय जहनईपुर में संपन्न हुई। बैठक में शासन द्वारा

**जहनईपुर में हुई सगरा संकुल की बैठक**

निर्धारित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा हुई। विभिन्न विद्यालयों की शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अपने यहां तैयार टीएलएम का प्रदर्शन किया और उसके माध्यम से पठन-पाठन की कला सिखाई। बैठक को संबोधित करते हुए एआरपी डॉ नीलम सिंह ने प्रेरक गतिविधियों को बढ़ाने के लिए शिक्षण योजना निर्माण, संदर्शिका के अनुसार शिक्षण एवं बच्चों के निरंतर आकलन पर बल दिया। नोडल संकुल प्राची पांडेय ने सभी को टीम भावना के साथ काम करने के लिए प्रेरित किया और कहा कि निपुण विद्यालय के प्राथमिकता परक लक्ष्य को टीम वर्क से आसानी से पाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि हम योजना बनाकर कार्यों की प्राथमिकता तय करें और इस प्राथमिकता के अनुरूप कार्य करें। संकुल विद्यालयों हेतु निर्धारित पांच पॉइंट टूल किट का निरंतर



प्रा० विद्यालय जहनईपुर में आयोजित बैठक में मौजूद शिक्षक-शिक्षिकाएं

प्रयोग करते हुए विद्यालय को निपुण बनाया जाय। कार्यक्रम में अनीता मिश्रा, सोनू सिंह, शिखा सरोज, श्रुति मिश्रा एवं शिखा शुक्ला को उत्कृष्ट टीएम प्रस्तुतीकरण हेतु सम्मानित किया गया। कादंबरी मौर्य ने सरस्वती वंदना एवं प्रेरक गीत प्रस्तुत किया।बैठक में रुपेश तिवारी, सुधा तिवारी, पुष्पा मिश्रा, नीलम पाल, हरिशंकर, रीना शुक्ला, कादंबरी, मनूबाला, अंजू, वर्षा, अरुणा, पुष्पा, रश्मि, भावना सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# खड़ी ट्रक में घुसी कार, महिला की मौत, पति व बेटा घायल

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** प्रयागराज अयोध्या हाईवे पर करिस्ता के पास सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से तेज रफ्तार कर घुस गई। इससे कार में सवार महिला की मौत हो गई। जबकि उसका पति और बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। सुल्तानपुर शहर के शाहगंज निवासी मनीष बरनवाल (45), मंगलवार सुबह कार से अपनी पत्नी विभा (41) और बेटे मनीष (17) के साथ प्रतापगढ़ की ओर से घर जा रहे थे। कोहंडौर कस्बे से पहले करिस्ता के पास सड़क किनारे खड़े ट्रक में उनकी कर पीछे से घुस गई। इससे कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार तीनों लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों को मेडिकल कॉलेज भेजा। वाहन विभा को मृत घोषित कर दिया गया। कोहंडौर के एसआई कमलेश पांडेय ने बताया कि डेल्टा के माध्यम से सूचना देने के बाद परिजन पहुंच गए हैं।

# चोरी की दो बाइकें हुई बरामद, आरोपी धराए

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने बाइक चोरी के मामले में दो आरोपियों को हिरासत में लेकर मंगलवार को जेल भेज दिया। लालगंज कोतवाली के दरोगा दीपक यादव फोर्स के साथ चेकिंग पर निकले थे। लालगंज घुइसरनाथ रोड के महिमापुर मोड़ पर पुलिस को देख दो अलग अलग बाइक सवार भागने लगे। फोर्स ने दौड़ाकर इन्हें दबोचा और बाइक के कागजात मांगे तब आरोपी पुलिस के सामने निरूत्तर हो उठे। पुलिस आरोपियों को थाने ले आयी तो पूछताछ में चोरी की बाइकें बरामद हो उठी। हिरासत में लिए गए लालगंज कोतवाली के पूरे वैशन अमावां निवासी गणेश बहादुर के पुत्र अतुल सिंह तथा पड़ोसी जिले प्रयागराज के गंगा नगर पुराना फाफामऊ निवासी प्रकाशचंद्र यादव के पुत्र करन यादव ने यह कबूला कि यह बाइकें चोरी की हैं। आरोपियों ने बाइकों का नंबर प्लेट बदल रखा था। जांच पड़ताल में बीती चैबीस जुलाई को बाइक चोरी के एक मुकदमें में वादी राजेश प्रजापति की भी बाइक बरामद निकली। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी तथा जालसाजी व चोरी के वाहनों की बरामदगी के मामले में केस दर्ज किया है। आरोपियों को पूछताछ के बाद दोपहर में न्यायालय भेज दिया।

# साथी के उत्पीड़न पर भड़के वकील, कामकाज का किया बहिष्कार

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** साथी अधिवक्ता पर जानलेवा हमले को लेकर मंगलवार को यहां तहसील एवं दीवानी न्यायालय में अधिवक्ताओं में आक्रोश उत्पन्न हो गया। आक्रोशित अधिवक्ताओं ने तहसील एवं दीवानी अदालतों में कामकाज का बहिष्कार कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। हालांकि वकीलों का आक्रोश भांपकर उदयपुर पुलिस ने पीड़ित अधिवक्ता की तहरीर पर दोपहर केस दर्ज कर लिया। उदयपुर थाना के रामनगर कोल मुस्तफाबाद निवासी अधिवक्ता जितेन्द्र सिंह दीवानी न्यायालय में वकालत किया करते हैं। जितेन्द्र सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में पिछली सोलह दिसंबर को उनके साथ गांव में गांव के ही कुछ आरोपियों पर मारपीट व जानलेवा हमले का आरोप लगाया है। अधिवक्ता की तहरीर पर सोमवार को पुलिस ने कार्रवाई नहीं तो मंगलवार को तहसील एवं दीवानी में साथी अधिवक्ता पुलिस की लापरवाही पर भड़क उठे। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश व वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेन्द्र चतुर्वेदी तथा महामंत्री धीरेन्द्र शुक्ल के संयोजन में आमसभा हुई। आमसभा में सिविल एवं राजस्व अदालतों में साथी अधिवक्ता के उत्पीड़न के विरोध में न्यायिक कामकाज के बहिष्कार का प्रस्ताव पारित किया। उपाध्यक्ष लाल विनोद सिंह ने ऐलान किया कि कार्रवाई न होने पर बुधवार से वकील धरना प्रदर्शन शुरू करेंगे। हालांकि उदयपुर पुलिस ने मंगलवार को अधिवक्ता की तहरीर पर केस दर्ज कर लिया। थानाध्यक्ष उदयपुर निकेत भारद्वाज का कहना है कि अधिवक्ता की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# परियावां लवाना मार्ग की गड्ढा मुक्त कार्य का एक्सईएन ने किया निरीक्षण, मानक के विपरीत कार्य की स्थलीय किया निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रदेश की योगी सरकार ने पूरे प्रदेश मे राज मार्ग को जोड़ने वाली सड़को की मरम्मत के लिए लोक निर्माण विभाग को कड़े निर्देश दिये थे कि सड़क की गुणवत्ता मे कोई शिकायत नही मिलनी चाहिए जिस पर जनपद प्रतापगढ़ के कुण्डा तहसील से जुड़े क्षेत्र परियावां लवाना मार्ग मे गड्ढा मुक्त के निर्माण कार्य मे ठेकेदार द्वारा सड़क की गुणवत्ता को दर किनारे करते हुए सड़क का निर्माण कार्य कराया गया जिसमे मानक के विपरीत गड्ढा मुक्त कार्य को लेकर विभाग की सोशल मीडिया पर काफी किरकिरी हुई।

इसे लेकर मंगलवार को जेई दिनेश कुमार पटेल परियावां पहुँचे और गड्ढा मुक्त सड़क का कार्य अपने सामने खड़े होकर कराया



मार्ग को गड्ढा मुक्त करते कर्मचारी।

जिसमे सड़क की गुणवत्ता की हकीकत सामने देखने को मिली दोपहर को लोक निर्माण खण्ड-1 के अधिशाषी अभियंता अजय कुमार राय सोशल मीडिया पर किरकिरी होने पर सड़क की गुणवत्ता देखने पहुँचे जंहा गुणवत्ता सामने देख कर संतुष्ट होकर वापस चले गये और जेई से सड़क की गुणवत्ता व मानक के अनुसार गड्ढा मुक्त कराने का निर्देश दिया।

जब की गड्ढा मुक्त सड़क का कार्य खत्म हो रहा है। बता दे कि परियावां लवाना मार्ग की गड्ढा युक्त सड़क लवाना बाजार से परियॉवा डाक बंगला नहर कोठी तक होना था जो मंगलवार की शाम तक गड्ढा युक्त सड़क की मरम्मत का कार्य लगभग पुरा हो रहा है। परियावा लवाना मार्ग के रास्ते मे राजा का पुरवा गांव के सामने लगभग 500 मीटर की सड़क गड्ढा मुक्त नही हो सकी पूछने पर जेई दिनेश पटेल ने बताया कि जंहा पर गड्ढा है वहा की सड़क का कार्य बाद मे टेंडर पड़ने पर किया जाएगा।

सड़क की गुणवत्ता सामने देखने पर स्थानीय ब्यापारियों ने बताया कि यही काम और पहले हो जाता सोशल मीडिया व प्रिंट अखबार में तो लवाना परियावां की गड्ढा युक्त सड़क का नजारा कुछ अलग दिखाई देता जब गड्ढा मुक्त सड़क का कार्य खत्म होने पर है तो विभाग गुणवत्ता के साथ काम करेगी ब्यापारियों मे मुख्य रूप से डा0 धीरेन्द्र, आशीष जायसवाल, सलीम अहमद, अनिल, गनेश, ननके, पप्पू, मिश्रीलाल, शकील, पिंटू शुक्ला, चुन्नी,सन्नो शुक्ला, राजेश साहू आदि लोग रहे।

## माँ के मौत के गम को बर्दाश्त नहीं कर पाई बेटी, मौत, दोनो की साथ उठी अर्थी

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** आसपुर देवसरा क्षेत्र के बनपुरुवा गांव में रविवार को दोपहर 1:00 बजे श्याम कुमारी पत्नी स्वर्गीय रामनेवाज उम्र 75 की मौत हो गई,। लोग रविवार के दिन रिश्तेदारो के आने तक अंतिम संस्कार को रोक दिया गया था। श्याम कुमारी की छोटी बेटी निर्मला पत्नी तारापति उम्र 45 मां की मौत का सदमा झेल ना सकी। जिससे निर्मला की भी रात में 11 बजे मौत हो गई। मां बेटी का एक साथ 100 दरवाजे पर पड़ा देखा वहां उपस्थित लोगों की आंखें सजल होगी। दोनों मां बेटी को अंतिम संस्कार के लिए प्रयागराज ले जाया गया है। निर्मला का एक बेटा लवकुश है जिसकी शादी हो चुकी है। मां बेटी का एक साथ जब गांव से शव निकला है,तो लोगों की आंखे नम रही।

# सड़क पुनरोद्धार के लिये लोगों ने निकाला कैंडिल मार्च



सड़क पुनरोद्धार के लिये कैंडिल मार्च निकालते ग्रामीण।

अखंड भारत संदेश

**कटरा गुलाब सिंह, प्रतापगढ़।** कटरा गुलाब सिंह से लेकर कानूपुर मार्ग के पुनरोद्धार हेतु बाजार वासियों ने कैंडिल मार्च निकालकर घर घर जन संपर्क अभियान की शुरूआत किया।

सामाजिक नेता लाल जी सिंह के संयोजन मे हुए इस मार्च मे प्रबुद्ध वर्ग ने सहभागिता करके आगामी 24 दिसंबर को होने वाले महा सत्याग्रह मे भागीदारी का आवाहन किया। इस दौरान लाल जी सिंह ने कहा कि सबके सहयोग और भागीदारी से यह अभियान सड़क पुनरोद्धार के लक्ष्य को हासिल करने हेतु हर संभव प्रयास किया जायेगा। उन्होंने कहा की सामाजिक कार्यकर्ता समाज शेखर के मार्गदर्शन मे घर घर कार्यकर्ता संपर्क करके महा सत्याग्रह में सबको जोड़ने हेतु जुट गए हैं। इस अवसर पर नगर सेठ जग नारायण अग्रहरि, आनद सिंह सोमवंशी, भीष्म सिंह, रफीक अहमद, राजेश मिश्र, महेश यादव, राकेश गुप्त अकबर अली व आलोक पटेल ने भागीदारी की।

# सीएम डैशबोर्ड पर राजस्व एवं विकास की रैकिंग में सुधार न होने पर होगी कार्यवाहीः डीएम

## डीएम ने सीएम डैशबोर्ड पोर्टल के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ समीक्षा की

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कैम्प कार्यालय के सभागार में माह नवम्बर के प्रगति के सम्बन्ध में सीएम डैशबोर्ड पोर्टल पर कार्यो/योजनाओं के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ समीक्षा की। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि सीएम डैशबोर्ड पर राजस्व और विकास की रैकिंग ठीक नही है, जो विभाग सी एवं डी श्रेणी की रैकिंग में है वह सुधार लायें अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित अधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी।

उन्होंने कहा कि निरन्तर सीएम डैशबोर्ड की निगरानी करते रहे और अपने विभागों की योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दें, निर्धारित समयावधि में निस्तारित करें, सभी सम्बन्धित विभाग सीएम डैशबोर्ड को गम्भीरता से लें। उन्होने कहा कि सीएम डैशबोर्ड पर कोई भी समस्या आने पर मुख्य विकास अधिकारी एवं जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी से समन्वय स्थापित कर उसका निस्तारण करायें। समीक्षा के दौरान सीएम डैशबोर्ड पर उद्योग विभाग, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, लोक निर्माण विभाग, पंचायती राज विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, समाज कल्याण, श्रम विभाग की रैकिंग सी एवं डी श्रेणी में पायी गयी। इसी प्रकार राजस्व विभाग की रैकिंग ज्यादा खराब पायी गयी।

जिलाधिकारी ने सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुये कहा कि सीएम डैशबोर्ड की रैकिंग में सुधार लायें। उन्होने कहा कि दिसम्बर माह में जिन विभागों के रैकिंग की स्थिति ठीक नही है उसे शत प्रतिशत ठीक करें। बैठक में जिला विकास अधिकारी/प्रभारी सीडीओ राकेश प्रसाद, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 जी0एम0 शुक्ला, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी राजेश कुमार सिंह व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## गोर्वधन पूजन से हमें मिलता है अनीति व अभिमान के संघर्ष का मार्गदर्शनः आचार्य योगेश

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रायपुर तियांई के समीप बरीबोझ गांव में मंगलवार को भगवान् गोर्वधन के पूजन उत्सव में श्रद्धालुओं का उत्साह चरम पर दिखा। गोर्वधन पूजा को लेकर श्रीरामचरितमानस पाठ के समापन पर हवन पूजन में भी श्रद्धालु उत्साहित दिखे। प्रख्यात कथावाचक आचार्य योगेश जी महराज ने कहा कि भगवान् श्रीकृष्ण ने जगत की सुरक्षा और संरक्षा के लिए आड़े आ रहे अभिमान को नष्ट कर गोर्वधन संरक्षा का संदेश दिया है। उन्होनें कहा कि भगवान राधेकृष्ण के नाम जप मे सदैव मानव कल्याण की सुखानुभूति निहित है। वहीं महिलाओं ने गोर्वधन पूजा उत्सव में भजन व संकीर्तन के आध्यात्मिक वातावरण को सरस बनाया। कार्यक्रम का संयोजन समाजसेवी धर्मेन्द्र तिवारी पप्पू तथा संचालन अधिवक्ता दीपेन्द्र तिवारी ने किया। आचार्य दीपमाणी मिश्रा, आचार्य धीरेन्द्र तिवारी, पं. चक्रधर शुक्ला, केशवदत्त पाण्डेय ने गोर्वधन भगवान की पूजा को लेकर वैदिक मंत्रोच्चारण का शंखनाद किया। कार्यक्रम में राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी तथा क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना की ओर से प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, ब्लाक प्रमुख इं. अमित सिंह पंकज, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, केडी मिश्र, पूर्व प्रमुख ददन सिंह भी शामिल हुए। इस मौके पर पूर्व प्रधान रामचंद्र तिवारी, रमेश चतुर्वेदी, ओमप्रकाश शर्मा, रोहित मिश्र, सुंदर लाल मिश्र, दिनेश ओझा, सुरेशचंद्र पाण्डेय, सौरभ शुक्ला आदि रहे। वहीं श्रीरामचरितमानस पाठ एवं गोर्वधन पूजन को लेकर यहां मंगलवार को हुए भण्डारे में श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद भी ग्रहण किया।

# कौशाम्बी संदेश

# अपर जिलाधिकारी ने शीतलहर एवं ठण्ड से बचाव के लिए जारी की एडवाइजरी

अखंड भारत संदेश

**दैनिक मौसम की जानकारी अखबार, टी०वी०, रेडियों एवं मोबाइल फोन के माध्यम से लेते रहे, शरीर को गर्म रखने के लिए गर्म पेय पदार्थों एवं पौष्टिक आहार का करें सेवन**



**कौशाम्बी।** अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार गोंड द्वारा जनपद में शीतलहर एवं ठण्ड से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई हैं दैनिक मौसम की जानकारी अखबार, टी०वी०, रेडियों एवं मोबाइल फोन के माध्यम से लेते रहें। लम्बे समय तक ठण्ड के सम्पर्क में रहने से बचें। अपने शरीर को सूखा रखें एवं गर्म कपड़ों से ढककर रखें। अपने सर, गर्दन, हाँथ एवं पैर मुख्य रूप से ढके। शरीर को गर्म रखने के लिए गर्म पेय पदार्थों एवं पौष्टिक आहार का सेवन करें। हीटर, ब्लोवर, कोयले की अगीठी आदि चलाते वक्त थोड़ी खिड़की खोलकर रखें और सोने से पहले सभी हीटर, ब्लोवर, कोयले की अगींठी इत्यादि को बन्द कर दें। घर के अन्दर बन्द कमरों में कोयला न जलाये, इससे उत्पन्न होने वाली कार्बनमोनो ऑक्साइड जानलेवा साबित हो सकतीं हैं। शरीर के अंगो के सुन्न पढ़ने, हॉथ-पैरों, कान एवं नाक पर सफेद या पीले रंग के दाग इत्यादि पड़ने पर तुरन्त डॉक्टर से सम्पर्क करें। शीतलहर के सम्भव बुजुर्ग नवजात शिशुओं तथा बच्चों का विशेष ध्यान रखें। अपने आस-पड़ोस में अकेले रहने वाले बुजुर्गों का भी ध्यान रखें। शराब का सेवन न करें क्योंकि इससे शरीर का तापमान कम हो जाता है एवं हाइपोथर्मिया की सम्भावना बढ़ जाती है। शीतदंश से प्रभावित स्थान पर किसी प्रकार का मसाज या मालिश न करें एवं प्रभावित स्थान को सीधे आग के संपर्क में लाने से बचें। बल्कि शीतदंश प्रभावित अंग को गर्म सूती कपड़े से सिकाई कर गर्माहट दें।

**शीतलहर पाला के पूर्व करें तैयारी :** अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार गोंड ने कहा कि पर्याप्त सर्दियों के कपड़े स्टॉक करें। कपड़ों की कई परतें अधिक सहायता होती है। ठण्ड के समय पलू, नाक बहना या शीतदंश जैसी विभिन्न बीमारियों की सम्भावना बढ़ जाती है, जो आपातकालीन आपूर्ति तैयार रखें। आमतौर पर ठण्ड के लम्बे समय तक सम्पर्क में रहने के कारण होती है। ऐसे लक्षणों के लिए तुरन्त डॉक्टर से परामर्श करें।

**शीतलहर पाला के दौरान ठंडी हवा के सम्पर्क में आने से बचें :** अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार गोंड ने कहा कि मौसम की जानकारी का बारीकी से पालन करें और सलाह के अनुसार कार्यवाही करें। ठंडी हवा के सम्पर्क में आने से बचने के लिए घर के अन्दर रहें और यात्रा कम से कम करें। अपने शरीर को सूखा रखे एवं गर्ग कपड़ों से ढक कर रखें। अपने सर, गर्दन, हाथ एवं पैरों को मुख्य रूप से ढकें। पर्याप्त रोग प्रतिरोधक शक्ति और शरीर के तापमान के सन्तुलन को बनाए रखने के लिए स्वस्थ भोजन, विटामिन सी से भरपूर फल और सब्जियों खाएं। शरीर को गर्म रखने हेतु गर्म पेय पदार्थों एवं पौष्टिक आहार का सेवन करें। शीतदंश जैसी विभिन्न बीमारियों के लक्षण होने पर तुरन्त डॉक्टर से परामर्श करें।

**हाइपोथर्मियां के लक्षण होने पर व्यक्ति को गर्म स्थान पर ले जाएं :** अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार गोंड ने कहा कि हाइपोथर्मियां के लक्षण होने पर व्यक्ति को गर्म स्थान पर ले जाएं और कपडे बदलें। व्यक्ति के शरीर को कम्बल, कपडे, तौलिये या कम्बल की सूखी परतों से गर्म करें। शरीर का तापमान बढ़ाने में मदद करने के लिए गर्म पेय दें। शराब कदापि न दें। हालत ज्यादा बिगड़ने पर डॉक्टर का परामर्श लें।

**शीतदंश प्रभावित अंग को गर्म सूती कपड़े से सिकाई कर गर्माहट दें :** अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार गोंड ने कहा कि लम्बे समय तक ठण्ड के सम्पर्क में रहने से बचें। शीतदंश से प्रभावित स्थान पर किसी प्रकार का मसाज या मालिश न करें एवं प्रभावित स्थान को सीधे आग के संपर्क में लाने से बचें। बल्कि शीतदंश प्रभावित अंग को गर्म सूती कपड़े से सिकाई कर गर्माहट दें। शराब का सेवन न करें क्योंकि इससे शरीर का तापमान कम हो जाता है एवं हाइपोथर्मिया की सम्भावना बढ़ जाती है। प्रभावित व्यक्ति को तब तक कोई पेय पदार्थ ना दें जब तक यह पूरे होश/सामान्य स्थिति में न हो।

**शीतलहर और पाला फसलों को बीमारी के कारण :** अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार गोंड ने कहा कि शीतलहर और पाला फसलों को बीमारी के कारण नुकासान पहुंचाता है, जिसमे ब्लैक रस्ट, व्हाइट रस्ट, लेट ब्लाइट आदि शामिल है। शीत लहर अंकुरण विकास फूल उपज और भण्डारण जीवन में कई तरह के शारीरिक व्यवधान कारण बनती है।

**ठंड में फसलों की हल्की और लगातार सतहीं सिचाई करें :** अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार गोंड ने कहा कि शीतलहर के दौरान जहां भी सम्भव हो हल्की और लगातार सतहीं सिचाई करें। हो सके तो स्प्रिंकलर सिंचाई का प्रयोग करें। बागवानी और बागों में इंटरक्रापिंग खेती का उपयोग करें। सब्जियों की मिश्रित फसल जैसे टमाटर, बैगन, सरसों/अरहर जैसी लगी फसल ठण्डी हवाओं (ठण्ड से बचाव) के लिए आवश्यक आश्रय प्रदान करेंगा। विकिरण अवशोषण में वृद्धि और सर्दियों के दौरान नर्सरी और युवा फलों के पौधों को प्लास्टिक, स्ट्रा या सरकंडा घास आदि के छप्पर बनाकर गर्म तापीय व्यवस्था प्रदान करना। ऑर्गिनिक मल्चिंग (हवा की गति कम करने के लिए)। विंड ब्रेक/शेल्टर बेल्ट लगाना (हवा की गति कम करने के लिए)।

**पशुओं को भरण पोषण के लिए भोजन की अधिक आवश्यकता :** अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार गोंड ने कहा कि शीतलहर के दौरान पशुओं को भरण-पोषण के लिए अधिक भोजन की आवश्यकता होती है, क्योकि ऊर्जा की आवश्यकता बढ़ जाती है। भैसों/मवेशियों के इष्टतम प्रजनन कॉल के दौरान तापमान में अत्यधिक भिन्नता पशुओं में प्रजन्न दर को प्रभावित कर सकतीं है।

**ठंड में जानवरों के आवास को चारों तरफ से ढक दें :** अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार गोंड ने कहा कि ठण्डी हवाओं के सीधे सम्पर्क से बचने के लिए रात के समय जानवरों के आवास को चारों तरफ से ढक दें। पशुधन और कुक्कुट को ठण्डे मौसम से अन्दर रखकर सुरक्षित रखें और ढकें। पशुधन आहार अभ्यास और आहार योजकों में सुधार करना। उच्च गुणवत्ता वाले चारे या चरागाहों का उपयोग। वसा की खुराक प्रदान करें-फीड सेवन, खिलाने ओर चबाने के व्यवहार पर ध्यान केंद्रित करें। जलवायु स्मार्ट शेड का निमार्ण जो सर्दियों के दौरान अधिकतम धूप और गर्मियों के दौरान कम विकिरण की अनुमति देता है। सर्दियों के दौरान जानवरों के नीचे कुछ बिस्तर सामग्री जैसे सूखा पुआल लगाएं।

**ठंड में पशुओं को खुले आसमान के नीचे ना बांधे :** अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार गोंड ने कहा कि शीतलहर के दौरान पशुओं को खुले में बांधे/घुमायें। शीतलहर के दौरान पशु मेंले आयोजित न करें। पशुओं को ठण्डा चारा और ठण्डा पानी देने से बचें। पशु आश्रय में नमी और धुआं इकट्ठा न होने दें।

## शीत लहर के दृष्टिगत कम्बल वितरण अलाव जलवाने एवं सेल्टर होम रैन बसेरों की व्यवस्था करें सुनिश्चित : एडीएम

**कौशाम्बी।** अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार गोंड ने शासनादेशानुसार समस्त उपजिलाधिकारियों/ तहसीलदार, जिला कृषि अधिकारी एवं समस्त अधिशासी अधिकारियों को जनपद में वर्तमान में रात्रि में ठण्ड में बढ़ोत्तरी देखी जा रहीं है। शीत लहरी/ठण्ड/पाला से निराश्रित/असहाय/कमजोर, गरीब/व्यक्तियों/परिवारों को राहत पहुँचाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दियें हैं। अपर जिलाधिकारी ने निम्नानुसार आवश्यक दिशा-निर्देश दियें है- ठण्ड के मौसम में सड़क पर कोई भी व्यक्ति सोता हुआ नजर न आये, हर जरूतमन्द को रैन बसेरे की सुविधा उपलब्ध हां। उपजिलाधिकारी व अधिशासी अधिकारी नियमित निरीक्षण करें तथा अवश्यकता हों सुधार करायें। सभी रैन बसेरों में साफ-सफाई सेनेटाइजेशन सुनिश्चित किया जा जाय। रैन बसेरों में विस्तर आदि का पर्याप्त प्रबन्ध हो। पुलिस द्वारा रैन बसेरों की सुरक्षा के लिए भी आवश्यक प्रबन्ध किये जाय। आवश्यकतानुसार अस्थाई रैन बसेरे भी बनाए जाय। पूर्व वर्षों की भांति सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की समुचित व्यवस्था हो। जिला प्रशासन के सहयोग से प्रत्येक जरूतमन्द, निर्धन, निराश्रित व्यक्ति को कम्बल आदि उपलब्ध कराया जाय। समस्त चिकित्सायलयों, बस रेलवे स्टेशनों, श्रमिकों के कार्य स्थलों एवं बाजारों में अनिवार्य रूप से रैन बसेरों/शेल्टर होम संचालित किये जायं। रैन बसेरों/शेल्टर होम में ऐसे जरूरत मन्द व्यक्तियों, जिनके पास ठहरने की सुविधा नहीं है तथा विशेष रूप से जो चिकित्सा एवं रोजगार आदि के लिए बाहर से आये है, उन्हें खुले में अथवा फुटपात एवं सड़को के डिवाडर पर न सोना पड़े, बल्कि निकट स्थिति रैन बसेरों में रहने की पूर्ण सुविधा उपलब्ध करायी जाय। रैन बसेरों/शेल्टर होम में रूकने वाले व्यक्तियों को ठण्ड से बचाने एवं आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए समस्त उपाय यथा-साफ-साफई, स्वच्छ बेडशीट, कम्बल, गरम पानी, शौचालय, प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था आदि का प्रबन्ध किया जाय। बेडशीट, कम्बल इत्यादि की सफाई धुलाई नियमित रूप से करायी जाय। रैन बसेरों शेल्टर होमों में महिलाओं एवं पुरुषों के सोने व शौचालय आदि की भी अलग-अलग व्यवस्था की जाय। समस्त रैन बसेरों/शेल्टर होमों में केयर टेकर भी तैनात किये जाय, जिसका नाम पदनाम मोबाइल नं० रैन बसेरों शेल्टर होम के गेट पर अवश्य दशार्या जाय। रात्रि में जनपद/तहसील/निकाय के वरिष्ठ अधिकरियों द्वारा रैन बसेरों/शेल्टर होमों का औचक निराक्षण अवश्य किया जाय। रैन बसेरों/शेल्टर होम के केयर टेकर के पास निरीक्षण रजिस्टर भी रखा जाय, जिसमें निरीक्षण अधिकारी अपनी टिप्पणी भी अंकित करें। समस्त निकायों द्वारा सुनिश्चित किया जाय, कि उनके क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति खुले में न सोये। प्रथक रेस्पोन्स टीमों का गठन कर लिया जाय।

## दो पहिया वाहन ने महिला को मारा टक्कर इलाज के दौरान महिला की मृत्यु

**कौशांबी।** महेवाघाट थाना क्षेत्र के घोघपुर मजरा महेवाघाट गांव निवासी इंद्राणी देवी रविवार की दोपहर प्राथमिक विद्यालय घोघपुर से अपने घर आ रही थी तभी शिव प्रसाद पुत्र नन्हू निवासी घोघपुर के घर के सामने सड़क पर महिला पहुंची कि मोटरसाइकिल हीरो स्प्लेंडर प्लस नीले व काले रंग के चालक ने तेजी से जोरदार टक्कर मार दिया जोरदार टक्कर लगने से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई जिसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया सूचना पुलिस को दी गई पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आरोपी दो पहिया वाहन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई है। महिला की मौत होते ही परिवार में कोहराम मच गया है।

## आजाद रहिए विचारों से लेकिन बंधे रहिए संस्कारों से.: ब्रम्हर्षि आनंद धाम सरकार



**कौशांबी।** संयुक्त जिला चिकित्सालय परिवार मंझनपुर कौशांबी द्वारा नगर पालिका परिषद मंझनपुर के ओसा स्थित वृद्ध जन आश्रम में सप्तम दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया गया है कथा के पंचम दिवस की कथा में ब्यास पीठ से वेद व्यास जी की वाणी के द्वारा भगवान की मधुर मुस्कान नंद बाबा का कंस को कर देना। तथा नंद वसुदेव मिलन की सुंदर कथा का वर्णन किया गया। माया रूपी कन्या के द्वारा यह पता चलने पर कि कंस का वध करने वाले कृष्ण का जन्म ब्रज में हो गया है। अपनी मृत्यु की डर से कंस ने आपात कालीन बैठक बुलाई भगवान के द्वारा पूतना का उद्धार भगवान के दर्शन के लिए शंकर जी पधारे एवं गगार्चार्य जी के द्वारा भगवान का नाम करण के प्रसंग को बहुत ही रोचक ढंग से सुनाया गया। भगवान कृष्ण के द्वारा सालिग्राम को मुख में रखना प्रातः काल ताजा माखन मांगना राधिका गोरी से विवाह की ज़िद पर अड जाने के प्रसंग की कथा को बहुत ही आनन्द पूर्वक सुनाया गया।सुंदर कथा को सुनकर समस्त श्रोता जन झूम उठे।कथा के आगे के प्रसंग में यमलार्जुन उद्धार, माखन चोरी वृंदावन निवास अघासुर का बध, ब्रम्हा जी के मन के संदेह को दूर करना, कालिया मर्दन, करके कालिया नाग का उद्धार, एवं वृंदावन वासियों की सुरक्षा करके इंद्र के अहंकार को दूर करना तथा गोवर्धन की पूजा कराकर जन कल्याण के कार्य के प्रसंग को सुनाया गया।कथा में मुख्य रूप से श्रीमती सावित्री शुक्ला कन्हैया प्रसाद शुक्ल एवं संयुक्त जिला अस्पताल मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर सुनील कुमार शुक्ल, वृद्ध जन आश्रम संचालक आलोक राय, मोतीलाल सिंह, जितेन्द्र पाण्डेय, विनोद दुबे, आशीष पाण्डेय,संजय तिवारी,अनिल प्रीती पाण्डेय, राममिलन, आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे लोगों ने कथा में बैठकर कथा श्रवण कर परम आनन्द प्राप्त किया।

## भवन्स मेहता विद्याश्रम में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**भरवारी कौशाम्बी** भवंस मेहता विद्याश्रम भरवारी में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मंगलवार को दो दिवसीय वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि निदेशक संदीप सक्सेना ने दीप प्रज्वलित कर किया।इस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए निदेशक संदीप सक्सेना ने कहा कि खेल से बच्चों मे आपसी प्रेम एवं मानसिक विकास होता है इसलिए खेल प्रत्येक बच्चों के लिए आवश्यक है।प्रधानाचार्य संजय कुमार श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में बताया कि खेल से बच्चों का शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। प्रतियोगिता के प्रथम दिन अनेक तरह की प्रतियोगिताएं हुई जिसमे से बालक वर्ग सीनियर वर्ग 400 मी0 रेस में हिमांशु सिंह प्रथम,आशुतोष भारती द्वितीय एवं पंकज प्रजापति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया सीनियर वर्ग लंबी कूद में राजनारायण, मोहम्मद हमदान एवं आशुतोष भारती क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय रहे। जूनियर बालक वर्ग में-200 मी रेस में प्रद्युम्न पांडेय,अभिषेक पाल एवं राजन पांडेय ने क्रमशः प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया।एल0के0जी0 यूकेजी टाफी दौड़ में मयंक मिश्रा,रुद्राक्ष शुक्ला एवं मोहम्मद अफान ने क्रमशः प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया इसी तरह एलकेजी फ्रॉग रेस में शाश्वत केसरवानी,ग्रंथ शर्मा एवं अथर्व कांत पाण्डेय ने क्रमशः प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। निदेशक संदीप सक्सेना एवं प्रधानाचार्य संजय कुमार श्रीवास्तव ने सभी विजेता खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर बच्चों का हौसला बढ़ाया। खेल शिक्षक सुधाकर सिंह ने निदेशक व प्रधानाचार्य को धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन रामसनेही श्रीवास्तव एवं राकेश सिंह ने किया।इस अवसर पर सीनियर अध्यापक अनिल मिश्रा अवधेश मिश्रा,सुशील श्रीवास्तव, शिवम केशरवानी,नागेन्द्र द्विवेदी, विवेक केशरवानी,विवेक शंकर चतुवेर्दी, रामनाथ बिहारी,संदीप यादव, श्रीमती रश्मी पाठक,श्रीमती रजनी श्रीवास्तव ,श्रीमती पूनम सिंह, श्रीमती साहिबा जरीन,खुशबू गुप्ता, सीता यादव, सूरज मिश्रा,अंकिता पटेल, नसीम अंसारी,पियूष एवं आशीष शर्मा आदि सभी ने प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका अदा किया। इसके साथ साथ अन्य सभी कर्मचारी मौजूद रहे।निदेशक व प्रधानाचार्य ने खेल शिक्षक सुधाकर सिंह को प्रतियोगिता के प्रथम दिन के सफलता पूर्वक सम्पन्न होने पर बधाई दिया।

## यूपी की राज्यपाल और सीएम योगी आयेंगे कौशाम्बी प्रशासन तैयारियों में जुटा

**कौशाम्बी।** जिले में एक दिवसीय भ्रमण पर यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ एवम राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के कौशाम्बी आने की सूचना पर जिला एवम पुलिस प्रशासन सक्रिय हो गया है,पुलिस और प्रशासन सीएम और राज्यपाल के आगमन की तैयारियों में जुटा हुआ है। सीएम योगी और राज्यपाल कड़ा धाम माता शीतला का दर्शन करेंगे और अन्य कार्यक्रमों में भी शामिल होंगें।हालांकि अभी उनके आने की तारीख और समय का निर्धारण नही हुआ है लेकिन उनके आगमन को लेकर प्रशासन तैयारिया कर रहा है। सोमवार की सीडीओ की बैठक में भी राज्यपाल के आने के पूर्व सभी प्रकार की तैयारियों के लिए जुटने और विकास कार्यो को पूरा करने के भी निर्देश अधिकारियों को दिए गए है।

## 20 दिसम्बर को आयोजित होगा विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम

**कौशाम्बी।** जनपद की ग्राम पंचायत-भदवा, शाहपुर टिकरी, आमदपुर नादिर अली, मल्हीपुर, रसूलपुर बड़गॉव व जमुनापुर में प्रातः 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक तथा बिदनपुर आमद करारी, सैंबसा, पट्टीनरवर, धारूपुर, बैगवां फतेहपुर व मवई में 02 बजे से सायं 4:30 बजे तक दिनांक 20 दिसम्बर 2023 को ह्लविकसित भारत संकल्प यात्राह्व कार्यक्रम का आयोजन किया जायेंगा। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी तथा छूटे हुए पात्र लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं-आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना(ग्रामीण), पीएम उज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन, गॉवों का स्वामित्व, जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना एवं पीएम स्वनिधि योजना आदि से लाभान्वित किया जायेंगा। बैंक के स्टॉल के माध्यम से कृषकों की ई-केवाईसी, आधार सीडिंग, केसीसी एवं अन्य लोन से सम्बन्धित समस्याओं का निस्तारण किया जायेंगा। समस्त सहकारी समितियों द्वारा अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों को सदस्य बनाया जायेंगा तथा रासायनिक उर्वरकों के वैकल्पिक उर्वरकों यथा-नैनो यूरिया के विषय में जागरूक किया जायेंगा। स्वास्थ्य विभाग एवं कृषि विभाग आदि विभागों के स्टॉल लगायें जायेंगे। विभिन्न योजनाओं के सफल लाभार्थी मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत अपने अनुभव फीडबैक साझा करेंगे। वैन के माध्यम से प्रधानमत्री का रिकार्ड किया गया संदेश आमजन को सुनाया जायेंगा। विकसित भारत के लिए संकल्प वीडियो प्रसारित किया जायेंगा। सत्त कृषि गतिविधियों पर सत्र-ड्रोन प्रदर्शन, प्राकृतिक खेती और मृदा स्वास्थ्य कार्ड पर प्रगतिशील किसानों विषय विशेषज्ञों की वार्ता एवं चर्चा होगी। महिला एसएचजी सदस्यों स्कूली छात्रों स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियॉ धरती कहे पुकार एवं स्वच्छता गीत आदि प्रस्तुत किये जायेंगे। स्थानीय प्राथमिक उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्यों द्वारा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेंगा।

### न्यूज झरोखा

## डोर टू डोर अभिभावकों से मिलकर बच्चों को नियमित स्कूल भेजने को शिक्षकों ने किया प्रेरित



**टेढ़ीमोड़ कौशाम्बी** कड़ा ब्लाक के शहजादपुर संकुल की मासिक समीक्षा बैठक उच्च प्राथमिक विद्यालय सुखऊ का पूरा में मंगलवार दोपहर तीन बजे से प्रधानाध्यापिका कमलेश कुमारी की अध्यक्षता में प्रारंभ की गई। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित नोडल शिक्षक संकुल अखिलेश शुक्ला ने सर्वप्रथम उपस्थित सभी प्रधनाध्यापको से स्कूलवार कायाकल्प व निपुण हुए बच्चों की लक्ष्य प्राप्ति पर जानकारी की गई। उसके बाद शुक्ला ने संबोधन में कहा कि शिक्षक संकुल निपुण विद्यालय बनाने के लिए पांच टूलकिट के उपयोग करना सुनिश्चित करें। जिसमें समस्त शिक्षक निपुण लक्ष्य ऐप के माध्यम से बच्चों का आकलन करें। विभाग द्वारा दीक्षा ऐप व यू ट्यूब के माध्यम से साझा किए जा रहे शिक्षक प्रशिक्षण का अवलोकन, अध्ययन कर आवश्यकतानुसार शिक्षण में उपयोग करें विद्यालय में बच्चों के मौखिक पठन क्षमता में अभिवृद्धि के लिए एक दिवसीय रीडिंग कैंपेन का आयोजन करे। छात्रों की शत प्रतिशत उपस्थिति के लिए डोर टू डोर भ्रमण कर उन अभिभावकों से मिलकर जिनके बच्चे नियमित स्कूल न आ रहे हों उन्हे अपने बच्चों को नियमित स्कूल भेजने के लिए जागरुक एवं प्रोत्साहित करें। विभाग के आदेशानुसार समीक्षा का बैठक आयोजन स्कूल की प्रधानाध्यापक कमलेश कुमारी ने किया समीक्षा बैठक में मुख्य रूप से गुलाब सिंह, अरुण मिश्रा, ब्रज श्याम, मनोज द्विवेदी, प्रदीप सिंह, राम प्रकाश त्रिपाठी, नीलम सिंह, वीरेंद्र सिंह, सीमा सरोज, धीरू, मयंक, विद्यानिवास,रामधन सहित संकुल के समस्त शिक्षक, शिक्षामित्र उपस्थित रहे।

## 31 खाद्य कारोबारकताओं को निःशुल्क फॉस्टेक प्रशिक्षण किया प्रदान




**कौशाम्बी।** आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उ०प्र० लखनऊ के आदेश एवं जिलाधिकारी कौशाम्बी के निर्देश के क्रम में भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के अनुपालन के अन्तर्गत फॉस्टेक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन सिराथू में किया गया इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में एफएसएसएआई से मान्यता प्राप्त प्रशिक्षकों द्वारा खाद्य कारोबार कर्ताओं को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। सहायक आयुक्त (खाद्य)-।। कौशाम्बी की उपस्थिति में कुल 31खाद्य कारोबारकर्ताओं को निःशुल्क फॉस्टेक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में खाद्य पदार्थों के रख-रखाव, भण्डारण, निर्माण, वितरण के दौरान साफ सफाई स्वस्थजनक आदतों तथा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के प्रावधानों विषय में विस्तृत जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण कार्यक्रम का खाद्य कारोबार कर्ताओं द्वारा सहर्ष स्वागत किया गया तथा उन्होंने उत्साह पूर्वक कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।उक्त कार्यक्रम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी शहाब उद्दीन सिद्दीकी सेनेटरी सुपरवाइजर अनिल सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

कौशाम्बी।जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई इस दौरान दो पहिया/चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 198 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा 02 वाहन से 1000 /- रू0 सम्मन शुल्क वसूल किया गया। यातायात पुलिस की कार्यवाही देखकर बिना हेलमेट एवं गलत तरीके से सड़क पर चलने वालों के बीच सारा दिन हड़कंप मचा रहा।

## अवैध कच्ची शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना करारी में तैनात उ0नि0 धर्मेन्द्र वर्मा मय हमराह पुलिस बल द्वारा क्षेत्र में गस्त कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर के द्वारा सटीक सूचना मिली कि एक व्यक्ति कच्ची शराब लेकर कहीं जाने की फिराक में है। उपनिरीक्षक धर्मेंद्र वर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे सन्तोष कुमार पुत्र परान नि० लहना को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त का चालान न्यायालय किया गया।

## हत्या के 02 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया

**कौशाम्बी।** जपनद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पश्चिम शरीरा थानाध्यक्ष धीरेन्द्र सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा दिनांक 16/17.12.2023 की रात ग्राम अषाढ़ा में हुई हत्या से सम्बन्धित मु0अ0सं0 298/23 धारा 302/506 भादवि व 3 (2) 5/3(2)5क एससी/एसटी एक्ट के 02 वांछित अभियुक्तों 1. ननका कुमार पुत्र माता बदल सरोज नि० अलवारा थाना महेवाघाट 2. फूल सिंह पुत्र हीरा लाल नि० अषाढ़ा थाना प० शरीरा को अमृत सरोवर तालाब अषाढ़ा के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल गमछा बरामद किया गया। विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया और वहां से न्यायालय के आदेश पर जेल भेजा गया।

## दुष्कर्म के 02 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जपनद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में महेवाघाट थाना में तैनात उ0नि0 आत्मा प्रसाद मय हमराह पुलिस बल द्वारा मु0अ0सं0 225/23 धारा 363/366/376 (3) भादवि व 3/4 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त बडकू पुत्र नथन नि० लौगावां थाना महेवाघाट को यमुना ब्रिज से गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया। इसी क्रम में थाना सैनी पुलिस उ0नि0 आलोक राज मय हमराह पुलिस बल द्वारा मु0अ0सं0 519/23 धारा 376ए बी भादवि व 5 एम/6 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त सुरेन्द्र पुत्र पितामम्बर नि० अजमतपुर वार्ड नं0 05 अझुआ थाना सैनी को लोहदा तिराहा जीटी रोड से गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया।

## सड़क दुर्घटना में अधेड़ की हुई मौत, परिजनों में मचा कोहराम



**अझुवा कौशांबी।** कौशांबी बार्डर पर फतेहपुर क्षेत्र के कनवार बॉर्डर के पास तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने से अधेड़ की दर्दनाक मौत हो गई मौके पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया है। घटना क्रम के मुताबिक रामभवन उम्र तकरीबन 50 वर्ष पुत्र राममनोहर पाल निवासी जोरावर पुर मजरे कनवार ग्राम सभा अपना कार्य निपटा कर पेट्रोल पंप से अपनी मोटरसाइकिल में पेट्रोल डलवाकर सड़क पर पहुंच गया तभी प्रयागराज से कानपुर की तरफ निकल रहे तेज रफ्तार वाहन की चपेट में वह आ गया जिससे अधेड़ की दर्दनाक मौत हो गई प्रत्यक्ष दर्शियों ने दुर्घटना कारित करने वाले वाहन का नंबर नोट कर लिया है जो किसी स्कार्पियो का नंबर वढ 62उट9700 है पब्लिक घायल को देखने लगी तब तक चालक मय वाहन फरार हो गया पब्लिक की सूचना पर मौके पर पहुंची अझुवा चौकी पुलिस ने देखा तो उनके क्षेत्र से बाहर दुर्घटना हुई थी जिस पर मझिलगांव थाना खागा की पुलिस पहुंच कर शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दुर्घटना कारित करने वाले वाहन की तलाश में जुट गई है।मृतक रामभवन मूलरूप से नगर पंचायत अझुवा वार्ड नंबर 1 भौंतर निवासी थे ।मृतक के बेटियों की शादी हो गई थी उनके बड़े पुत्र विवेक 24 एवम छोटे पुत्र दीपू हैं असमय मौत से घर में कोहराम मचा हुआ है।

## अभियुक्त को दो वर्ष के कारावास और 5 हजार अर्थदंड की सजा

**कौशाम्बी** जिले के कोखराज थाना क्षेत्र के अयाजमऊ के अशोक कुमार पटेल पुत्र मक्खन लाल को पुलिस ने पैरवी कर 2015 में दर्ज मुकदमे में गैंगस्टर एक्टके तहत दो वर्ष की सजा और 5 हजार अर्थदंड की सजा दिलवाई है। शासन के निर्देश के क्रम में लगातार कौशाम्बी पुलिस अदालत में पैरवी कर अभियुक्तों को सजा दिलाने का कार्य कर रही है,पुलिस ने कोखराज थाना क्षेत्र के अयजमऊ के अशोक कुमार पटेल को गैंगस्टर एक्ट के तहत पैरवी कर एफटीसी प्रथम कोर्ट से दो वर्ष की कारावास और 5 हजार रुपए के अर्थदंड की सजा दिलाई है।

## कम्पोजित विद्यालय परसरा का ताला काटकर सामान खंगाल ले गए चोर

**विद्यालय में रखा गैस सिलेंडर राशन दरी चादर बर्तन सहित बेशकीमती स्पीकर डेक उठा ले गए चोर**



**भरवारी कौशाम्बी।** थाना कोखराज अंतर्गत कस्बा भरवारी नगर पालिका के कम्पोजिट विद्यालय परसरा में कल रात्रि को चोरों द्वारा स्कूल का ताला काटकर स्कूल में रखा एम डी एम सामान सहित हजारों रुपए का सामान खागल ले गए। चोरी की घटना की जानकारी सुबह विद्यालय खुलने पर रसोइया को हुई तो रसोइया ने फोन करके विद्यालय के प्रधानाध्याक रविन्द्र कुमार मिश्रा को विद्यालय में चोरी की घटना की जानकारी दी जानकारी होते ही उन्होंने पुलिस चौकी भरवारी को घटना की सूचना दी उन्होंने पुलिस को बताया कि स्कूल में रखा आठ बोरी राशन दो गैस सिलेंडर बर्तन दरी चादर तेल घी के अलावा बेश कीमती स्पीकर एवम डेक सहित हजारों रूपयो के सामानों पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया है मौके पर पहुंची पुलिस ने चोरी गए सामानों के साथ चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

## संपादकीय

# भगवा से मुकाबला के लिए इंडिया गठबंधन को चाहिए अधिक आकर्षक आख्यान

**भाजपा** को दक्षिण के लिए नये सिरे से रणनीति विकसित करने की जरूरत है, जबकि कांग्रेस को उत्तर पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। जहां तक क्षेत्रीय दलों की बात है तो उनकी प्राथमिकता अपने वफादार मतदाता आधार को बनाये रखने की होनी चाहिए। इसके अलावा, मतदाताओं को जीतने के लिए केवल मुफ्त उपहार देना हमेशा पर्याप्त नहीं होता है। उनका विश्वास और समर्थन अर्जित करने के लिए और अधिक प्रयास करना आवश्यक है।

पांच राज्यों के चुनाव संपन्न होने के बाद सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी और विपक्ष 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारी में लग गये हैं। भाजपा हिंदी पट्टी में अपना गढ़ बनाये रखने को लेकर आश्वस्त है और विपक्ष उन्हें प्रभावी ढंग से चुनौती देने में विफल रहा है। नवंबर में हुए चुनावों में राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में भजपा ने जीत हासिल कर ली है।

भाजपा भारत में एक प्रमुख राजनीतिक शक्ति बन गई है। पार्टी ने अपनी पहुंच का विस्तार किया है और वर्तमान में 18 राज्यों में सत्ता पर काबिज है। यह इसके दृढ़ नेतृत्व, सुव्यवस्थित संरचना, विशाल संसाधनों और प्रभावी संचार के कारण है। इसके अलावा, भारतीय राजनीति में दक्षिणपंथ की ओर एक महत्वपूर्ण बदलाव आया है। नरेंद्र मोदी और अन्य विपक्षी नेताओं की लोकप्रियता रेटिंग में काफी अंतर है। पार्टी का नया नारा है- 'नई गति, नई प्रतिज्ञा।'

पिछले दस वर्षों में, नरेंद्र मोदी ने भाजपा की हिंदू राष्ट्रवाद की मूल अवधारणा को प्रभावी ढंग से बढ़ावा दिया है। पार्टी ने मतदाताओं को जीतने के लिए नकद हस्तांतरण, मुफ्त राशन और किफायती गैस सिलेंडर जैसी कल्याणकारी योजनाएं लागू की हैं। एक और महत्वपूर्ण विचार अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन अगले साल जनवरी में करने की योजना है। उच्च बेरोजगारी, मुद्रास्फीति और मूल्य वृद्धि जैसी चुनौतियों का सामना करने के बावजूद, ये योजनाएं जनता के बीच लोकप्रिय बनी हुई हैं। भाजपा इन्हीं के आधार पर पार्टी के लिए तीसरे कार्यकाल की वकालत कर रही है। भाजपा को दक्षिणी राज्यों में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है और पार्टी इन राज्यों में चुनाव जीतने के लिए केवल मोदी के करिश्मे पर निर्भर रहने से परे नयी रणनीति अपना सकती है। केन्द्रीय नेतृत्व पार्टी के भीतर आंतरिक असहमति को दूर करने की कोशिश कर रहा है।

हालांकि, उन्हें एक नया आख्यान बनाने की जरूरत है जो दक्षिणी राज्यों के मतदाताओं के साथ प्रतिध्वनित हो। हिंदुत्व और सनातन धर्म की मौजूदा विचारधारा इन राज्यों के लोगों को पसंद नहीं आ रही है। एक ऐसी विचारधारा वाली पार्टी के रूप में यह उत्तर भारत की जरूरतों को पूरा करती है। अन्य राजनीतिक दलों के विपरीत, द्रविड़ दलों ने दशकों से सामाजिक न्याय को बढ़ावा दिया है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन द्रविड़ प्रशासन मॉडल की बात करते रहे हैं। दक्षिणी क्षेत्र में 543 लोकसभा सीटों में से 131 सीटें हैं। केरल में कई कम्युनिस्ट समर्थक हैं। तमिलनाडु मुख्य रूप से नास्तिक है, और भाजपा का कर्नाटक में कुछ आधार है। हालांकि, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में क्षेत्रीय पार्टियां हैं, जिससे इन राज्यों में भाजपा का समर्थन सीमित है। विपक्षी इंडिया गठबंधन हाल के चुनावों में कांग्रेस के खराब प्रदर्शन से निराश है। अगर सबसे पुरानी पार्टी कम से कम दो उत्तरी भारतीय राज्यों में जीत हासिल करती तो राहुल गांधी सफल हो सकते थे। कांग्रेस को अगले चुनाव से पहले एक नयी चुनावी रणनीति अपनानी होगी। मोदी को चुनौती देने के लिए अगले चार महीनों में गैर-भाजपा वोटों के विभाजन को रोकने के लिए विपक्षी दलों को एकजुट होना होगा। पहले कदम के रूप में, उन्हें उन सीटों पर एक ही उम्मीदवार खड़ा करने पर सहमत होना चाहिए जहां भाजपा प्राथमिक दावेदार है। कांग्रेस पार्टी को सफलता की अधिक संभावना वाले निर्वाचन क्षेत्रों को जीतने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। व्यक्तिगत एजेंडों और अहंकारी सत्तारूढ़ पार्टी को हराने को प्राथमिकता देना आवश्यक है। कांग्रेस को अपने नेतृत्व को अद्यतन करने और पुरानी प्रथाओं को पीछे छोड़ने की जरूरत है। तृणमूल कांग्रेस ने कांग्रेस के खराब प्रदर्शन की आलोचना की और कहा कि भाजपा की जीत कांग्रेस की विफलता का नतीजा है। आंतरिक संघर्षों, कमजोर गठबंधनों और वर्तमान राजनीतिक माहौल की समझ की कमी के कारण कांग्रेस चुनाव हार गई। सुधार के लिए, कांग्रेस को उचित भूमिकाओं के लिए सक्षम व्यक्तियों की भर्ती करनी चाहिए और अपने समर्थकों को प्रेरित करना चाहिए। राहुल गांधी ने कांग्रेस पार्टी को पुनर्जीवित करने के लिए 4,000 किलोमीटर की भारत जोड़ो यात्रा का नेतृत्व किया। इससे पार्टी को कर्नाटक और तेलंगाना में महत्वपूर्ण जीत हासिल करने में मदद मिली। हालांकि, यात्रा की सफलता मुख्यतः दक्षिण भारत तक ही सीमित थी और उत्तर में इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ा। भाजपा से मुकाबला करने के लिए विपक्ष को अधिक धन की आवश्यकता है। भगवा पार्टी अपने अभियान को टॉप गियर में रखने के लिए अपने धन का उपयोग करती है। पिछले पांच वर्षों में कांग्रेस को रुपए 1,547.43 करोड़ की तुलना में भाजपा को रुपए 10,122.03 करोड़ का राजनीतिक दान मिला। कांग्रेस को कॉर्पोरेट योगदान कम हो गया है जबकि भाजपा को उसका योगदान बढ़ गया है। हालिया रिपोर्टों के अनुसार, कांग्रेस धन की कमी के कारण अपने चुनाव अभियानों को वित्तपोषित करने के लिए क्राउडफंडिंग पर विचार कर रही है। इसे भजपा के राजनीतिक युद्ध कोष से मुकाबला करने के लिए विशाल धन की आवश्यकता है।

# भारत ही दुनिया में मानव-एकता को बल देने में सक्षम

ललित गर्ग

**विविधता** में एकता दर्शाने, मानवीय मूल्यों को बल देने, विभिन्न सरकारों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हुए समझौतों को याद दिलाने, लोगों के बीच एकजुटता के महत्व को बताने, सतत विकास के लिए लोगों, सरकारों को प्रेरित करने, गरीबी को मिटाने के नए रास्ते खोजने एवं लोगों को गरीबी, भुखमरी, बीमारियों से बाहर निकालने के लिए अंतरराष्ट्रीय मानव एकता दिवस हर साल 20 दिसंबर को मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों के बीच मानवीय एकता के महत्व को बताने के लिए, गरीबी पर अंकुश लगाना और विकासशील देशों में मानव और सामाजिक विकास को बढ़ावा देना है। संयुक्त राष्ट्र ने 22 दिसंबर 2005 को यह दिवस मनाने की घोषणा की थी। इस दिवस को विश्व एकजुटता कोष और संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम द्वारा बढ़ावा दिया जाता है, जो दुनियाभर में गरीबी उन्मूलन के लिए निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने पर केंद्रित हैं। यह दिवस एक बेहतर दुनिया के निर्माण में साझा जिम्मेदारी की एक शक्तिशाली अनुस्मारक के रूप में कार्य करता है। एकता, समानता और करुणा को बढ़ावा देने वाली गतिविधियों के माध्यम से, यह दिन भविष्य के लिए एक मार्गदर्शक प्रकाश के रूप में कार्य करता है जहां एकजुटता गरीबी उन्मूलन और वैश्विक कल्याण को बढ़ावा देने के पीछे प्रेरक शक्ति बन जाती है।

2023 की थीम है ह्यपरिवर्तन की वकालतह्न। इस दिवस को मनाते हुए हर व्यक्ति शिक्षा में योगदान देकर, गरीबों या शारीरिक या मानसिक रूप से अक्षम लोगों की मदद करके अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इस दिवस के माध्यम से सरकारों को सतत विकास लक्ष्य के गरीबी और अन्य सामाजिक बाधाओं का जवाब देने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। इसमें भारत अपनी महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है, हाल ही में जी-20 देशों के समूह की अध्यक्षता का दायित्व भारत ने निभाते हुए ह्यवसुधैव कुटुम्बकम्ह्न के उद्घोष के साथ दुनिया को प्रभावी मानव एकता का सन्देश दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को सशक्त करने के साथ-साथ दुनिया को मानव एकता की दृष्टि से एक नया चिन्तन, नया आर्थिक धरातल, शांति एवं सह-जीवन की संभावनाओं को बलशाली बनाने का प्रेरक धरातल दे रहे हैं।



संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, ह्लसंयुक्त राष्ट्र के निर्माण ने विश्व के लोगों और राष्ट्रों को एक साथ शांति, मानवाधिकारों और सामाजिक और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए आकर्षित किया। संगठन की स्थापना अपने सदस्यों के बीच एकता और सद्भाव के मूल आधार पर की गई थी, जो सामूहिक सुरक्षा की अवधारणा में व्यक्त की गई थी, जो अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए अपने सदस्यों की एकजुटता पर निर्भर करती है।ह्व अंतरराष्ट्रीय मानव एकजुटता दिवस सतत विकास एवं समतामूलक विकास के एजेंडा पर आधारित है, जो अपने आप में गरीबी, भूख और बीमारी जैसे कई दुर्बल पहलुओं से लोगों को बाहर निकालने के लिए केंद्रित है। ह्यमिलेनियम डिक्लेरेशनह्न को ध्यान में रखते हुए, एकजुटता को 21वीं सदी में अंतरराष्ट्रीय संबंधों के मूलभूत मूल्यों में से एक माना जाता है, जिसके तहत कम से कम लाभ उठाने वाले और सबसे अधिक मुश्किलों का सामना करने वाले लोग उन लोगों की मदद के योग्य होते हैं जिन्हें सबसे अधिक लाभ मिलता है।

गरीबी का कारण हिंसा, आतंक, अप्रामाणिकता, संग्रह, स्वार्थ, शोषण और क्रूरता आदि हैं इनके दंश मानवता को मूर्च्छित कर रहे हैं एवं मानव एकता की सबसे बड़ी बाधाएं हैं। इस मूर्च्छा को तोड़ने के लिए अहिंसा और सह-अस्तित्व का मूल्य बढ़ाना होगा तथा सहयोग एवं संवेदना की पृष्ठभूमि पर स्वस्थ समाज-संरचना की परिकल्पना को आकार देना होगा। दूसरों के अस्तित्व के प्रति संवेदनशीलता मानव एकता का आधार तत्व है। जब तक व्यक्ति अपने अस्तित्व की तरह दूसरे के अस्तित्व को अपनी सहमति नहीं देगा, तब तक वह उसके प्रति संवेदनशील नहीं बन पाएगा। जिस देश और संस्कृति में संवेदनशीलता का स्रोत सूख जाता है, वहाँ मानवीय रिश्तों में लिजलिजापन आने लगता है। अपने अंग-प्रत्यंग पर कहीं प्रहार होता है तो आत्मा आहत होती है। किंतु दूसरों के साथ ऐसी घटना घटित होने पर मन का एक कोना भी प्रभावित नहीं होता। यह संवेदनहीनता की निष्पत्ति है। इस संवेदनहीन मन की एक वजह सह-अस्तित्व का अभाव भी है। आज हम इतने संवेदनशून्य हो गये हैं कि औरों का दुःख-दर्द, अभाव, पीड़ा, औरों की आहें हमें कहीं भी पिघलाती नहीं।

आज समूची दुनिया में मानवीय एकता एवं चेतना के साथ खिलवाड़ करने वाली त्रासद एवं विडम्बनापूर्ण परिस्थितियां सर्वत्र परिव्याप्त हैं-जिनमें आतंकवाद सबसे प्रमुख है। जातिवाद, अस्पृश्यता, सांप्रदायिकता, महंगाई, गरीबी, भीखमंगी, विलासिता, अमीरी, अनुशासनहीनता, पदलिप्सा, महत्वाकांक्षा, उत्पीड़न और चरित्रहीनता आदि अनेक परिस्थितियों से मानवता पीड़ित एवं प्रभावित है। उक्त समस्याएं किसी युग में अलग-अलग समय में प्रभावशाली रहीं होंगी, इस युग में इनका आक्रमण समग्रता से हो रहा है। आक्रमण जब समग्रता से होता है तो उसका समाधान भी समग्रता से ही खोजना पड़ता है। हिंसक परिस्थितियां जिस समय प्रबल हों, अहिंसा का मूल्य स्वयं बढ़ जाता है। महात्मा गांधी ने कहा है कि आपको मानवता में विश्वास खोना नहीं चाहिए। मानवता एक महासागर है। यदि महासागर की कुछ बूंदें गंदी हैं, तो भी महासागर गंदा नहीं होता है।ह्व ऐसे ही विश्वास को जागृत करने के लिये ही विश्व मानव एकता दिवस की आयोजना की गई है। देश और दुनिया में निर्दोष लोगों की हत्याएं, हिंसक वारदातें, आतंकी हमले, अपहरण, जिन्दा जला देने की रक्तरंजित सूचनाएं, महिलाओं के साथ व्यभिचार-बलात्कार की वारदातें पढ़ते-देखते हैं पर मन इतना आदती बन गया कि यूं लगता है कि यह सब तो रोजमर्रा का काम है। न आंखों में आंसू छलकते हैं, न पीड़ित मानवता के साथ सहानुभूति जुड़ती है। न सहयोग की भावना जागती है और न नृशंस क्रूरता पर खून खौलता हैं। हमें सिर्फ स्वयं को बचाने की चिन्ता है। तभी औरों का शोषण करते हुए नहीं सकुचाते। हमें संवेदना को जगाना होगा। तभी जे.के. राउलिंग ने कहा भी है कि हमें दुनिया को बदलने के लिये जादू की आवश्यकता नहीं है। हम बस मानव की सेवा करके ऐसा आसानी से कर सकते हैं।ह्व इसी मानव-सेवा की मूल भावना मानव एकता दिवस का हार्द है।

भारत की संस्कृति एवं दर्शन मानव एकता से प्रेरित रहा है, उसके अनुसार सामाजिक मूल्य-परिवर्तन और मानदंडों की प्रस्थापना से लोकचेतना में परिष्कार हो सकता है। इस दृष्टि से विश्व मानव एकता दिवस की उपयोगिता बढ़-चढ़ कर सामने आ रही है। इसलिये ऑड्रे हेपबर्न ने कहा था कि जब तक दुनिया अस्तित्व में है, अन्याय और अत्याचार होते रहेंगे। जो लोग सक्षम और समर्थ हैं, उनकी जिम्मेदारी अधिक है कि वे लोग अपने से निर्बल लोगों को भी स्नेह दें। विश्व मानव एकता दिवस दुनिया भर में मानवीय जरूरतों पर ध्यान आकर्षित करने की मांग करता है और इन जरूरतों को पूरा करने में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के महत्व की आवश्यकता को व्यक्त करता है। हर साल, आपदाओं एवं मानव-भूलों से लाखों लोगों विशेषतः दुनिया के सबसे गरीब, सबसे हाशिए पर आ गये लोग और कमजोर व्यक्तियों को अपार दुःख का सामना करना पड़ता है। मानवतावादी सहायताकर्मी इन आपदा प्रभावित समुदायों एवं लोगों को राष्ट्रीयता, सामाजिक समूह, धर्म, लिंग, जाति या किसी अन्य कारक के आधार पर भेदभाव के बिना जीवन बचाने में सहायता और दीर्घकालिक पुनर्वास प्रदान करने का प्रयास करते हैं। वे सभी संस्कृतियों, विचारधाराओं और पृष्ठभूमि को प्रतिबिंबित करते हैं और मानवतावाद के प्रति अपनी प्रतिबद्धता से वे एकजुट हो जाते हैं। इस तरह की मानवतावादी सहायता मानवता, निष्पक्षता, तटस्थता और स्वतंत्रता सहित कई संस्थापक सिद्धांतों पर आधारित है। मार्टिन लूथर किंग ने इसकी उपयोगिता को उजागर करते हुए कहा कि यह प्यार और स्नेह है, जो हमारी दुनिया और हमारी सभ्यता को बचाएगा। आज अनुभव किया जा रहा है कि देश एवं दुनिया विकृतियों की शूली पर चढ़ा है।

नैतिक मूल्यों के आधार पर ही मनुष्य उच्चता का अनुभव कर सकता है और मानवीय प्रकाश पा सकता है। मानव एकता का प्रकाश सार्वकालिक, सार्वदेशिक, और सार्वजनिक है। इस प्रकाश का जितनी व्यापकता से विस्तार होगा, मानव समाज का उतना ही भला होगा। इसके लिए तात्कालिक और बहुकालिक योजनाओं का निर्माण कर उनकी क्रियान्विति से प्रतिबद्ध रहना जरूरी है। यही विश्व मानव एकता दिवस मनाने को सार्थक बना सकता है।

# राजस्थान में नये लोगों को आगे बढ़ायें कांग्रेस

रमेश सर्राफ धमोरा

**राजस्थान** में भी कांग्रेस पार्टी को यथा शीघ्र ही नया प्रदेश अध्यक्ष व विधायक दल के नेता का चयन करना चाहिए। मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा स्वयं तो चुनाव जीत गए मगर उनसे चलते कांग्रेस पार्टी को चुनाव में बहुत नुकसान उठाना पड़ा है। उनकी विवादास्पद छवी तथा राजस्थान लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं में उनके परिजनों के चयन को लेकर भी प्रदेश में बड़े विवाद उठे थे। जिसके बाद से ही कांग्रेस बचाव की मुद्रा में आ गई थी। मुख्यमंत्री रहते अशोक गहलोत ने आमजन के लिये अनेको कल्याणकारी योजनाएं चलाई थी। मगर डोटासरा जैसे लोगों के बड़बोलेपन के चलते योजनाएं अप्रभावी गोकर रह गई थी। राजस्थान में कांग्रेस पार्टी के 69 विधायक जीतकर आए हैं। जिनमे सबसे अधिक 17 विधायक जाट समाज से है। जाट समाज से 17 विधायकों के जीतने से साफ प्रतीत होता है कि जाटों ने आज भी कांग्रेस का साथ नहीं छोड़ा है। जाटों द्वारा कांग्रेस को दिए गए समर्थन के कारण ही शेखावाटी क्षेत्र की 21 सीटों में से कांग्रेस 14 सीट फिर से जीतने में सफल रही है। जबकि भाजपा को मात्र 6 सीट ही मिल पाई है। 2018 के विधानसभा चुनाव में भी इस क्षेत्र में कांग्रेस को 15 सीट मिली थी। वही गंगानगर और हनुमानगढ़ जिले की कुल 11 में से 10 सीटों पर हुए चुनाव में कांग्रेस 6 सीटों पर जीती है। जबकि भाजपा को मात्र तीन सीट ही मिल पाई है। इस तरह देखें तो गंगानगर, हनुमानगढ़, चुरु झुंझुनू, सीकर की 31 में से कांग्रेस ने 20 सीट जीत ली है। वही भाजपा को मात्र 9 सीट ही मिल पाई है। ऐसे में नए प्रदेश अध्यक्ष पद पर किसी जाट विधायक की नियुक्ति से पार्टी को मजबूती मिलेगी। जाट समाज से जीतने वाले विधायकों में हरीश चौधरी व नरेंद्र बुडानिया दोनों ही निर्विवाद है तथा समाज व पार्टी में कार्यकताओं पर अच्छी पकड़ रखते हैं। बाड़मेर जिले की बायतु सीट से लगातार दूसरी बार जीते हरीश चौधरी अभी पंजाब कांग्रेस के प्रभारी है तथा गहलोत की पिछली सरकार में कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं। इससे पूर्व वह बाड़मेर-जैसलमेर क्षेत्र से लोकसभा के सांसद भी रह चुके हैं। हरीश चौधरी राहुल गांधी के नजदीकी लोगों में शुमार होते हैं। इसी तरह चुरू जिले की तारानगर सीट पर राजस्थान के लगातार सात बार जीतने वाले विधायक व नेता प्रतिपक्ष रहे राजेंद्र राठौड़ को हराने वाले नरेंद्र बुडानिया तीन बार लोकसभा, तीन बार राज्यसभा व तीन बार विधानसभा के सदस्य रहे हैं। यदि उनको प्रदेश अध्यक्ष बनाया जाता है तो पार्टी कार्यकताओं में अच्छा मैसेज जाएगा। इसके अलावा भी जाट समाज में कई ऐसे युवा विधायक जीत कर आए हैं जो पूर्व में भी विधायक रह चुके हैं।

पार्टी को विधायक दल के नेता पद पर अनुसूचित जाति, जनजाति के किसी विधायक का चयन करना चाहिए। राजस्थान में अनुसूचित जाति, जनजाति के 25 विधायक जीत के आए हैं। जिनमें से मीणा समाज के आठ, अनुसूचित जाति के 11 व आदिवासी समुदाय के छह विधायक जीते हैं। अनुसूचित जाति जनजाति हमेशा से ही कांग्रेस का वोट बैंक रही है तथा इस बार भी उन्होंने कांग्रेस का पूरा साथ दिया हैं। ऐसे में विधायक दल के नेता पद पर मीणा समाज के मुरारी लाल मीणा, आदिवासी समाज के महेंद्रजीत मालवीय या अन्य किसी विधायक को विधायक दल का नेता बनाया जाना पार्टी के हित में रहेगा। यह दोनों ही वरिष्ठ विधायक है तथा पूर्व में मंत्री भी रह चुके हैं। महेंद्रजीत मालवीया तो कांग्रेस कार्य समिति के सदस्य भी है। मुस्लिम समुदाय भी कांग्रेस को एक मुश्त वोट देता है। मुस्लिम समुदाय के इस बार पांच विधायक जीत कर आए हैं। यदि उनमें से किसी को उपनेता बनाया जाता है तो पार्टी के लिए आने वाले समय में अच्छा रहेगा। कांग्रेस के कुल 69 विधायकों में से जाट 17, ब्राह्मण चार, मीणा 8, अनुसूचित जाति 11, जनजाति 6, बनिया पांच, गुर्जर तीन, यादव दो, मुस्लिम पांच, माली तीन, चारण एक, कुम्हार एक, पटेल एक सहित कई अन्य जातियों के विधायक शामिल है। इस बार के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को बीजेपी से मात्र 856840 यानी 2.16 प्रतिशत मत कम मिलने के कारण कांग्रेस बीजेपी से 46 सीट पीछे रह गई। यदि कांग्रेस के नेता बागी खड़े नहीं होते और आपसी गुटबाजी नहीं होती तो इतना सा अंतर को पाट पाना कांग्रेस के लिए कोई बड़ी बात नहीं थी। मगर अशोक गहलोत व सचिन पायलट की आपसी गुटबाजी के चलते कांग्रेस पार्टी फिर से सरकार बनने से रह गई तथा अशोक गहलोत द्वारा हर बार राज बदलने की परंपरा को तोड़ने का सपना भी सपना बनकर ही रह गया। राजस्थान में चुनावी प्रक्रिया के दौरान से ही प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा द्वारा जिस तरह से प्रदेश कमेटी में धड़ाधड़ सचिव व महासचिव के पदों पर नियुक्तियां की जा रही है उसको लेकर भी कांग्रेसजनों में अच्छी सोच नहीं है। कांग्रेस कार्यकताओं का मानना है कि प्रदेश प्रभारी द्वारा मनमानी तरीके से की जा रही नियुक्तियों में आर्थिक हित साधे जा रहें है। कई नियुक्तियां तो ऐसे लोगों की की गई है जिनके परिजनों ने हाल ही के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशियों के खिलाफ चुनाव प्रचार किया था। प्रदेश प्रभारी द्वारा अपने स्तर पर बड़ी संख्या में की जा रही नियुक्तियों से कांग्रेस की छवि दागदार हो रही है। कांग्रेस आलाकमान को ऐसी नियुक्तियों पर भी संज्ञान लेकर उचित कार्यवाही करनी चाहिए ताकि गलत लोगों को पार्टी में पदाधिकारी बनने से रोका जा सके।

कांग्रेस पार्टी ने जिस तरह से मध्य प्रदेश में कमलनाथ व दिग्विजय सिंह को दरकिनार कर जीतू पटवारी को प्रदेश अध्यक्ष, उमंग सिंघार को विधायक दल का नेता व हेमंत कटारे को उपनेता बनाया गया है। इसी तरह छत्तीसगढ़ में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल विरोधी खेमे के दीपक बैज को फिर से कांग्रेस अध्यक्ष व आदिवासी नेता चरण दास महंत को विधायक दल का नेता बनाया गया है। उसी तरह राजस्थान में भी बिना समय गवायें नयी नियुक्तियां करनी चाहिए ताकि आने वाले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी मजबूती से मुकाबले में खड़ी हो सके।

कांग्रेस आालाकमान को पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व सचिन पायलट दोनों को ही अलग रखकर ऐसे नए लोगों को आगे लाना चाहिए जो गुटबाजी से दूर रहकर पार्टी को फिर से मजबूत कर सके और पार्टी कार्यकर्ताओं में जोश भरकर उनका मनोबल मजबूत रख सके। तभी आने वाले समय में कांग्रेस फिर से मजबूत होकर उभर सकेगी।

यदि अशोक गहलोत व सचिन पायलट के इर्द-गिर्द ही प्रदेश में कांग्रेस की राजनीति चलती रहेगी तो दोनों गुटों की आपसी टांगखिंचाई पहले की तरह चलती रहेगी और कांग्रेस को भी नुकसान उठाना पडेगा। इसलिए निर्विवाद छवी के लोगों को आगे लाकर नेतृत्वकर्ता के स्थान पर बैठाना चाहिए। तभी कांग्रेस के फिर से अच्छे दिन आ सकेगें।

# मी लार्ड फैसला मिला है, पर न्याय नहीं मिला!

राजेंद्र शर्मा

**स्वतंत्रता** संघर्ष की उस मूल दिशा ने ही इसका रास्ता बनाया था कि इस्लाम के नाम पर भारत से अलग होकर पाकिस्तान के बनने और ज्यादातर लगते हुए मुस्लिम बहुल इलाके पाकिस्तान में जाने के बावजूद, सीमाएं लगने के बावजूद मुस्लिम बहुल जम्मू-कश्मीर कानूनन भारत के साथ बना रहा है और उसका बड़ा हिस्सा आज भी भारत के अधिकार में है। 2019 के अगस्त में शुरू में जम्मू-कश्मीर के संबंध में केंद्र सरकार ने जो विवादास्पद कदम उठाए, उनकी कानूनी/ संवैधानिक वैधता पर उस समय संसद में तथा संसद के बाहर भी गंभीर सवाल उठे थे और उसी आधार पर इन कदमों को सुप्रीम कोर्ट में कई राजनीतिक तथा सामाजिक-नागरिक अधिकार संगठनों की ओर से चुनौती भी दी गई थी। बहरहाल, कानूनी वैधता पर विवाद के विपरीत, मोदी सरकार के उक्त कदमों के संबंध में एक बात निर्विवाद थी। ये कदम सत्ताधारी भाजपा और उससे भी बढ़कर उसके मातृ संगठन, आरएसएस के बुनियादी लक्ष्यों में से एक को पूरा करने वाले कदम थे। कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाली, संविधान की धारा-370 को खत्म कराना, स्वतंत्रता की शुरूआत से ही आरएसएस के और उसके द्वारा खड़ी की गई राजनीतिक पार्टियों, पहले जनसंघ और आगे चलकर भाजपा के मूल एजेंडे पर रहा था। अगर सवा चार साल पहले, भाजपा की प्रबल बहुमत की सरकार ने, आरएसएस के इस पुराने एजेंडे को पूरा कर दिया था, तो अब सुप्रीम कोर्ट की पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने, मोदी सरकार के उक्त कदमों पर वैधता की मोहर लगाकर, आरएसएस के उक्त एजेंडे के पूरे किए जाने को, तथाकथित अमृतकाल के भारत की नियति बना दिया है। कहने की जरूरत नहीं है कि देश को बलपूर्वक इस दिशा में धकेले जाने की समस्या सिर्फ यह नहीं है कि यह दिशा आरएसएस के एजेंडे की है। समस्या यह है कि यह दिशा, इस देश के स्वतंत्रता संघर्ष की मूल दिशा से उल्टी है। स्वतंत्रता संघर्ष की उस मूल दिशा ने ही इसका रास्ता बनाया था कि इस्लाम के नाम पर भारत से अलग होकर पाकिस्तान के बनने और ज्यादातर लगते हुए मुस्लिम बहुल इलाके पाकिस्तान में जाने के बावजूद, सीमाएं लगने के बावजूद मुस्लिम बहुल जम्मू-कश्मीर कानूनन भारत के साथ बना रहा है और उसका बड़ा हिस्सा आज भी भारत के अधिकार में है। आरएसएस के एजेंडे की मूल दिशा, जो जम्मू-कश्मीर की इस बहुसंख्यक आबादी के प्रति वैरभाव पर आधारित है, इस नाजुक रिश्ते को उधेड़ने का ही काम कर सकती है, फिर चाहे एक भूभाग के रूप में उसके कितने ही बड़े हिस्से पर बलपूर्वक नियंत्रण रखना क्यों न संभव हो। इसलिए, भारत की स्वतंत्रता के संघर्ष के बीच से निकली, स्वतंत्र भारत की मूल संकल्पना की परवाह करने वाला कोई व्यक्ति अगर बरबस, बाबरी मस्जिद विवाद में सुप्रीम कोर्ट की पांच सदस्यीय बैंच के ही फैसले के बाद चलन में आई इस उक्ति को एक बार फिर दोहराए तो हैरानी की बात नहीं होगी–मी लार्ड, फैसला मिला है, न्याय नहीं! न्याय नहीं मिलने के दो पहलू हैं, जो आगे चलकर आपस में जुड़ जाते हैं। पहला तो यही कि धारा-370 के निरस्त किए जाने को वैध ठहराते हुए, सर्वोच्च न्यायालय ने उस विशिष्टद्द रिश्ते की ओर से आंखें ही मूंदे रखी हैं, जिसकी अभिव्यक्ति इस धारा की विशिष्ट व्यवस्था में हो रही थी। इसी का नतीजा सुप्रीम कोर्ट के फैसले में इस दावे के रूप में सामने आता है कि जम्मू-कश्मीर के भारतीय संघ के साथ विलय की संधि पर हस्ताक्षर किए जाने के बाद, उसकी कोई 'आंतरिक संप्रभुता' नहीं रह गई थी। और इसलिए, संप्रभुता के इकलौते आसन के रूप में भारतीय संघ को, अपने अंग के रूप में उसके लिए निर्णय लेने के समस्त अधिकार हैं, जिसमें धारा 370 को खत्म करना भी शामिल है।

# परमात्मा नहीं, पर परमात्मा से कम नहीं

ललित

**नरसी** मेहता न केवल गुजराती भक्ति साहित्य बल्कि समूचे राष्ट्र के भक्ति साहित्य की श्रेष्ठतम विभूति थे। उनके कृतित्व और व्यक्तित्व की महत्ता के अनुरूप साहित्य के इतिहास-ग्रंथों में ह्यनरसिंह-मीरा-युगह्न नाम से एक स्वतंत्र काव्यकाल का निर्धारण किया गया है जिसकी मुख्य विशेषता भावप्रवण कृष्णभक्ति से अनुप्रेरित पदों का निर्माण है। पद-प्रणेता के रूप में गुजराती साहित्य में नरसी का लगभग वही स्थान है जो हिंदी में सूरदास का। ह्यवैष्णव जन तो तैणे कहिए जे पीड पराई जाणे रेह्न पंक्ति से आरंभ होनेवाला सुविख्यात पद नरसी मेहता का ही है। उन्होंने इस भजन में एक बात अच्छी प्रकार से कह दी है। ह्यपर दुःखे उपकार करेह्न कह कर भजन में रुक गए होते, तो वैष्णव जनों की संख्या बहुत बढ़ जाती है। ह्यपर दुःखे उपकार करे तोए मन अभिमान न आणे रेह्न कह कर हम सब में छिपे सूक्ष्म अहं को विगलित करने की प्रेरणा दी गई है। उपकार का आनन्द अनुभव करना है तो आपने जो किया उसे जितनी जल्दी हो भूल जाएं और आपके लिए किसी ने कुछ किया, उसे कभी न भूलें। इस तरह जीवन की सबसे बड़ी सीख देने वाले, 15वीं शताब्दी के इस शीर्ष संत कवि एवं विश्वप्रसिद्ध भजन-रचयिता ने भक्ति की ऐसी गंगा प्रवहमान की कि आज भी लोग उनके भजनों से अपने जीवन को भक्तिमय बनाये हुए है। यह भजन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का प्रिय भजन है। यह भजन ही नहीं, भक्त नरसी मेहता के भावों और विचारों का भी गांधी पर गहरा प्रभाव था। प्रायः ऐसा माना जाता है कि अस्पृश्यता से पीड़ित लोगों के लिए हरिजन शब्द पहली बार गांधीजी ने प्रयोग किया था, लेकिन वास्तविकता यह है कि इस शब्द का पहली बार उपयोग नरसी मेहता ने ही किया था। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान यह भजन जन-जन की जुबान पर था। न केवल यह भजन बल्कि उनकी हर भक्ति रचना इतनी सशक्त, सुरूचिपूर्ण है कि उससे न केवल आध्यात्मिक बल्कि मानसिक तृप्ति मिलती है। उनके भजनों में गौता लगाने पर शक्ति एवं गति पैदा होती है, सच्चाइयों का प्रकाश उपलब्ध होता है, जो हममें सच्चा संकल्प और कठिनाइयों पर विजय पाने की सच्ची दृढ़ता एवं साहस देता है। वे ईश्वर से सम्पर्क के सूत्रधार थे। स्वयं परमात्मा नहीं थे, पर परमात्मा से कम भी नहीं थे। उन्होंने जन-जन को सांसारिक आकर्षण रूपी राग को मिटाकर ईश्वर के प्रति अनुरागी बनाया।

# केन-बेतवा को पयश्वनी से जोड़ें, चित्रकूट को करें फ्रीजोनः सांसद

## सांसद ने प्रधानमंत्री से की मांग

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** बांदा-चित्रकूट सांसद आरके सिंह पटेल ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भेंटकर सौंपे पत्र में केन-बेतवा लिंक परियोजना से चित्रकूट तक पानी पहुंचाने व मप्र सीमा में बसे चित्रकूट को फ्रीजोन करने बाबत मांग की है।

मंगलवार को सांसद आरके सिंह पटेल ने देश के प्रधानमंत्री से भेंटकर उन्हें सौंपे पत्र में कहा कि केन-बेतवा लिंक परियोजना की मंजूरी प्रधानमंत्री ने दी है, ये बुन्देलखण्ड के लिए वरदान साबित होगी। उप्र के बुन्देलखण्ड क्षेत्र के बांदा जिले को लाभ मिल रहा है, किन्तु भगवान श्रीराम की तपस्थली चित्रकूट को केन नदी से बांदा रंज नदी व बागे नदी से जोडते हुए पयश्वनी नदी तक जोडा जाये तो चित्रकूट जिला सिंचित हो सकता है। क्षेत्र की बंजर जमीनों को सिंचित किया जा सकता है। बारिश के पानी को चित्रकूट के बांधों तक पहुंचाया जा सकता है। इससे किसानों को भारी लाभ मिलेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री से कहा कि किसानों की समस्या के मद्देनजर केन-बेतवा लिंक परियोजना से केन नदी से रंज नदी व बागे नदी जोडते हुए पयश्वनी नदी से जोडा जाये।

सांसद आरके सिंह पटेल ने प्रधानमंत्री से ये भी मांग की है कि चित्रकूट उप्र-मप्र की सीमा में बसा पहाडी क्षेत्र है, जो 85 किमी परिधि में है। आधा हिस्सा उप्र व आधा हिस्सा मप्र के सतना जिले में बसा है। देश से आने वाले पर्यटक एवं श्रद्धालुओं को दोनों राज्यों की सीमा में प्रवेश में दिक्कतें आती हैं। ऐसे में उप्र-मप्र में बसे चित्रकूट को फ्रीजोन घोषित कराया जाये।



प्रधानमंत्री से भेंटकर ज्ञापन सौंपते सांसद आरके सिंह पटेल।

## 26 को निकलेगी भव्य शोभायात्रा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** खंगार क्षत्रिय समाजसेवा विकास संघ समिति के जिलाध्यक्ष सुधीर सिंह खंगार व संयोजक विनोद सिंह खंगार ने बताया कि 26 दिसम्बर को पुरानी कोतवाली परिसर से बुन्देलखण्ड जुम्मौतीखंड में पहले हिन्दू राष्ट्र संस्थापक महाराजा खेत सिंह खंगार जूदेव की 883वीं जयंती पर भव्य शोभायात्रा सवेरे दस बजे निकलेगी। मंगलवार को उन्होंने बताया कि शोभायात्रा को हरीझंडी सूबे के जल शक्ति मंत्री रामकेश निषाद बतौर मुख्य अतिथि दिखायेंगे। कार्यक्रम में सांसद आरके सिंह पटेल, मऊ-मानिकपुर विधायक अविनाशचन्द्र द्विवेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष राजा सिंह परिहार मौजूद रहेंगे। खंगार क्षत्रिय समाज के राष्ट्रीय संरक्षक दद्दा मलखान सिंह, रमेश सिंह खंगार समेत खंगार समाज के तमाम लोग शामिल होंगे।

# बडे पैमाने पर रैपुरा एसएचओ ने 32 पर की गुण्डा एक्ट की कार्यवाही, अपराधीतत्वों में मचा हडकम्प

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में थानाध्यक्ष रैपुरा शैलेन्द्रचन्द्र पाण्डेय ने भोली-भाली जनता में भय- आतंक फैलाकर गुंडागर्दी करने वाले 32 लोगों के खिलाफ गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है। इससे अपराधीतत्वों में हडकम्प मचा है।

मंगलवार को थानाध्यक्ष ने मोटू उर्फ हसमत अली पुत्र कल्लू निवासी बसावनपुर, लवलेश पुत्र शिवआधार, चुनवाद पुत्र बुद्दी, लवलेश पुत्र चुनवाद निवासी कुई अकबरिया, दीपक पुत्र छेदीलाल, धीरज पुत्र गुलाबचंद, लालाराम पुत्र रामभवन निवासी जमहिली, भीमसेन पुत्र रामकेश, संदीप उर्फ दीप पुत्र भीमसेन निवासी इटवा, मंझा उर्फ राममिलन पुत्र हरिपाल, सुनील पुत्र रामचंद्र निवासी खजुरिया कला, मूलचंद उर्फ नेता पुत्र भोण्डा निवासी बिसौधा, मेघनाथ पुत्र कल्लूराम निवासी गिरधार पुरवा, प्रदीप पुत्र गिरजाशंकर निवासी देवरा, कुलदीप उर्फ विक्की पुत्र योगेंद्र सिंह निवासी अगरहुंडा, योगेंद्र सिंह उर्फ मुन्ना पुत्र रामकल्याण निवासी अगरहुंडा, दीपक पुत्र राम कल्याण निवासी अगरहुंडा, हरविलास पुत्र रामकल्याण, लखन पुत्र बच्चा निवासी नटों का डेरा, आमिर पुत्र लखन निवासी नटों का डेरा, नारायण दास पुत्र रामशरण निवासी बराछी, रावेन्द्र पुत्र शिवबरन निवासी बराछी, अरविंद पुत्र फूलचंद, रामदयाल पुत्र गुरुप्रसाद, राजा पुत्र मुराली, बबुली पुत्र राजा, बच्ची पुत्र मुराली, केम्मा पुत्र मुराली, दिवाकर पुत्र लोकनाथ, शंकरदयाल पुत्र गुरुप्रसाद, फूलचंद उर्फ फूलन पुत्र गुरु प्रसाद निवासी कोबरा व नीरज मिश्रा पुत्र बालाप्रसाद निवासी लालापुर के खिलाफ 110 सीआरपीसी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है। बडे पैमाने पर थानाध्यक्ष के गुण्डा एक्ट की कार्यवाही से असमाजिक तत्वों में हडकम्प मचा है।



एसपी श्रीमती वृन्दा शुक्ला।

## 20 पाउच देशी शराब समेत एक गिरफ्तार

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में थानाध्यक्ष भरतकूप सुबेदार बिन्द की अगुवाई में सिपाही अंकित राजपूत व राकेश कुमार ने शान्ति कुमार पुत्र राजकरन निवासी भंभौर थाना पहाड़ी के कब्जे से बीस पाउच देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ थाने आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया।

# सिलेंडर देने के नाम पर हो रहा छलावाः का पूनम




गैस वितरण केन्द्र के पास बैठी महिलायें।

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मोदी सरकार के सिलेंडर देने की योजना छलावा है। महिलायें कामकाज छोड़कर घरों से सवेरे ग्रामीण वितरण केन्द्र में अंगूठा लगाने को आ जाती है, लेकिन अंगूठा नहीं लगता। दिन भर बैठने के बाद मायूस होकर घरों को लौट जातीं हैं।

मंगलवार को जनवादी महिला समिति की जिलाध्यक्ष का पूनम ने पीड़ित महिलाओं के साथ गैस सिलेंडर वितरण केन्द्र के बाहर मोदी सरकार की योजना में हो रही लीपा-पोती का खुलासा किया। कहा कि योजना के नाम पर महिलाओं को ठगा जा रहा है। योजना का बड़े पैमाने पर झूंठा प्रचार किया जा रहा है, जबकि महिलाओं को सर्वर न चलने के नाम पर रोजाना दौड़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि महिलायें काम छोड़कर आ जाती हैं। दिन भर सर्वर के नाम पर बैठी रहती है फिर चली जातीं हैं। योजना से परेशान होने का आरोप लगाते हुए कहा कि ये योजना महज परेशान करने व वोट लेने को है। पीड़ित महिलाओं ने आरोप लगाया कि गैस सिलेंडर वितरण के नाम पर झांसा देने का जवाब दिया जायेगा। ये समस्या पहाड़ी वितरण केन्द्र पर ही नहीं है, बल्कि पूरे जिले की है। इस मौके पर सुनीता, गोलनिया, आशा, उमा, दुखिया, गीता, जगिया, अशोक कुमारी, कमला, रामबाई, मंजू, चंद्रवती, मिथलेश कुमारी व शांति देवी आदि मौजूद रहीं।

## गैंगेस्टर का वारंटी दबोचा

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर वारंटी/वांछित की गिरफ्तारी को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा जयप्रकाश उपाध्याय की अगुवाई में दरोगा शिवमणि मिश्रा की टीम ने गैंगेस्टर एक्ट के वारंटी शैलेन्द्र सिंह पुत्र वीरेन्द सिंह निवासी भदेहदू को गिरफ्तार किया। टीम में दरोगा शिवमणि मिश्रा व सिपाही अमित सिंह शामिल रहे।

## गांजा तस्कर को हुई डेढ वर्ष की सजा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सूबे के पुलिस महानिदेशक के जारी अभियान व अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्रीमती रीता सिंह व पैरोकार वेदांत पांडेय की पैरवी से गांजा तस्करी आरोपी को एक वर्ष चार माह की सजा व पांच हजार रुपये के जुमार्ना से न्यायालय ने दंडित किया। मंगलवार को सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सनद कुमार मिश्रा की प्रभावी बहस के चलते न्यायालय अपर जनपद न्यायधीश/एफटीसी (न्यू) सुशील कुमार वर्मा ने मानिकपुर में दर्ज एनडीपीएस एक्ट आरोपी लाला पुत्र मुगलू निवासी झरी फाटक को एक वर्ष चार माह की सजा व पांच हजार रुपए के जुमार्ना से दंडित किया। ज्ञात है कि 11 मार्च 2019 को पूर्व दरोगा अशोक कुमार निगम की टीम ने लाला को एक किलो गांजा समेत गिरफ्तार किया था। उस पर एनडीपीएस एक्ट दर्जकर विवेचक अनिल साहू ने आरोपी के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था।

# सात के सम्मेलन में खोही के व्यापारी लेंगे बढ-चढकर हिस्साः शानू

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** खोही बाजार में व्यापारियों ने राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के महामंत्री संगठन शानू गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में बैठक की। अध्यक्षता वरिष्ठ व्यवसायी विजय प्रकाश मोदनवाल ने किया।

मंगलवार को कामदगिरि परिक्रमा मार्ग खोही बाजार में व्यापारियों की विशेष बैठक में सर्वसम्मति से खोही बाजार के अध्यक्ष गंगा केसरवानी, महामंत्री संदीप गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रकाश नारायण गर्ग, उपाध्यक्ष अजय मोदनवाल, संगठन मंत्री कृष्ण प्रसाद केसरवानी, कोषाध्यक्ष रमेश केसरवानी उर्फ लाला, मीडिया प्रभारी विजय प्रकाश उर्फ छोटेलाल, मुख्य संरक्षक प्रकाश मोदनवाल, संजीव कुमार, केशव प्रसाद त्रिपाठी, दुर्गा प्रसाद केसरवानी को संरक्षक मनोनीत किया। राकेश कुमार, विदित कुमार दिनेश कुमार, शारदा प्रसाद मंत्री, समाजसेवी/राष्ट्रीय महामंत्री संगठन शानू गुप्ता ने घोषित किया। खोही के व्यापारियों ने फूड विभाग बाबत समस्या बताई। राष्ट्रीय महामंत्री संगठन/व्यापारी नेता शानू गुप्ता ने फोन से फूड अधिकारियों से वार्ता कर समस्या निदान कराई। व्यापारी/भाजपा नेता शानू गुप्ता ने कहा कि व्यापारियों के मान-सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा को राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन का जन्म हुआ है। व्यापारियों का शोषण-उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सात जनवरी को दो दिवसीय प्रांतीय व्यापारी सम्मेलन चित्रकूट में होगा, व्यापारियों की प्रत्येक समस्याओं पर मंथन कर पर्यटन उद्योग व व्यापार रोजगार को प्रांतीय सम्मेलन किया जा रहा है। खोही बाजार के सभी व्यापारी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। अमावस्या पर्व पर प्रशासनिक अधिकारी व व्यापारी, पदाधिकारी एक-दूसरे का सहयोग करें। मेला में श्रद्धालुओं की सुविधा को व्यापारी परिक्रमा मार्ग चौड़ा रखें। इस मौके पर जिलाध्यक्ष प्रमोद जायसवाल, मंडल मंत्री विनोद आर्य, युवा जिला उपाध्यक्ष अमित गुप्ता, आरके कृष्णा, दीपांशु, जय, संजीव कुमार, दिनेश प्रसाद, केशव, सुशील पाण्डेय, अनिल कुमार आदि मौजूद रहें।



पदाधिकारी मनोनीत करते शानू गुप्ता।

# क्लब से कम्बल पा आदिवासियों के चेहरे खिले, महंत ने की संस्था की सराहना

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** शीत लहर के मद्देनजर प्रत्येक वर्ष की भांति समाजसेवी संस्था इंटरनेशनल पायनियर्स क्लब ने पहले चरण में संतों-महंतों के कर कमलों से मोहकमगढ के जरूरतमन्दों को कम्बल बांटे।

मंगलवार को कामतानाथ प्रमुख द्वार के महंत मदनदास के मुख्य आतिथ्य में मोहकमगढ के नवीन नगर परिषद भवन में आदिवासी, निराश्रित, दिव्यांगों, वृद्धों को कम्बल बांटे गये। जन जागरूकता के तहत शिक्षा, स्वच्छता अभियान के प्रति जागरूक किया। मदनदास ने कहा कि इंटरनेशनल पायनियर्स क्लब पचीस वर्षों से पीड़ितों व जरूरतमन्दों के परमार्थ को कार्य किया है। मोहकमगढ के आदिवासियों को ठंड में कम्बल देकर पुनीत कार्य किया है। गर्मी में राहगीरों को शीतल पेयजल पिलाने को वाटर कूलर व सर्दियों में कम्बल, ऊनी वस्त्र जरुरतमंदों को दिए जाते है। विशिष्ट अतिथि बतौर दिगम्बर अखाड़ा के महन्त दिव्य जीवनदास ने कहा कि पायनियर्स क्लब का ये परमार्थ कार्य सराहनीय है। क्लब के अध्यक्ष केशव शिवहरे व टीम को बधाई दी। संस्था के अध्यक्ष केशव शिवहरे ने कहा कि संस्था कई वर्षों से सरकारी-गैर सरकारी अनुदान बिना सदस्यों के आपसी सहयोग से सामाजिक कार्य कर रही है। भविष्य में भी जरूरतमंदों की मदद की जायेगी।

अध्यक्षता करते हुए नगर परिषद की अध्यक्ष सुश्री साधना पटेल ने कहा कि संस्था के कार्य काबिले तारीफ हैं। बहुत कुछ सीखने व करने की प्रेरणा मिलती है। इस मौके पर मत्स्यगयेन्द्रनाथ ट्रस्ट के संचालक प्रदीप तिवारी, भगवतभूषण, बृजेन्द्र शास्त्री, नगर परिषद के सीएमओ विशाल सिंह, पार्षद विनीत त्रिपाठी, राजू त्रिपाठी, सिद्धान्त त्रिवेदी, सालिकराम, डॉ राजकुमार तिवारी समेत पायनियर्स क्लब के महेन्द्र केशवानी, अशोक द्विवेदी, डा श्रीराम अग्रवाल, डॉ सीएन सिंह,



गरीबों को मिले कम्बल।

## इफको ने खोला पशु आहार केन्द्र

**चित्रकूट।** किसान भाइयों को पशुओ के लिए लंबे समय से उच्च कोटि के पशु आहार की मांग डीसीएफ के अध्यक्ष योगेश जैन ने पूरी की। मंगलवार को डीसीएफ अध्यक्ष योगेश जैन की पहल पर इफको पशु आहार केंद्र का शुभारंभ बलदाऊगंज स्थित केंद्र में पूजन-अर्चन कर किया। इफको के क्षेत्रीय प्रबंधक राजवीर सिंह, कृषि अधिकारी आरपी शुक्ला, राजेश मिश्रा, सर्वेश कुमार गिरी सेल्स ऑफिसर व भाजपा नेता दिनेश तिवारी समेत तमाम किसान मौजूद रहे। डीसीएफ अध्यक्ष योगेश जैन ने कहा कि किसानों की लम्बे समय से मांग थी कि उच्च गुणवत्ता के पशु आहार की व्यवस्था यहां भी होनी चाहिए। किसानों की मांग डीसीएफ के सहयोग से पूरी हुई है।

# सीआईसी में छात्र-छात्राओं को दी टाइपराइटर की जानकारी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** व्यावसायिक शिक्षा योजना तहत चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी में छात्र-छात्राओं को हुनरमंद बनाने को आशुलिपि टंकण व पुस्तकालय विज्ञान शिक्षा व प्रशिक्षण देने के क्रम में टाइपराइटर मरम्मत कार्यशाला लगी।

मंगलवार को प्रयागराज के टाइपराइटर विशेषज्ञ कमलेश वर्मा ने छात्र-छात्राओं को विभिन्न पुरजों, कार्य संचालन, मरम्मत के बारे में जानकारी दी। परीक्षा दौरान छोटी-मोटी गड़बड़ी पर व्यवधान होने से छात्र-छात्रायें टाइप मशीन में टाइपिंग सीखने समेत मरम्मत की जानकारी रखते हैं, उपयोगी सिद्ध होती है। कार्यशाला प्रत्येक वर्ष लगती है। प्रधानाचार्य डॉ रणवीर सिंह चैहान ने कहा कि सरकार पूरे देश में माध्यमिक विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा लागू कर छात्र-छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने को रोजगार परक शिक्षा दे रही है। जिले में 15 विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा दी जा रही है। छात्र-छात्रायें व्यावसायिक शिक्षा से इंटर पास कर 90 फीसदी रोजगार कर रहे हैं। कई छात्र-छात्रायें सरकारी नौकरी में हैं। कला प्रवक्ता लालमन प्रजापति ने कहा कि सरकारी नौकरियां बढ़ती जनसंख्या में कम होती जा रही हैं। व्यावसायिक प्रवक्ता शंकर प्रसाद यादव, पुस्तकालय विज्ञान प्रवक्ता सतीश कुमार रैकवार, क्रीडा अध्यक्ष डॉ रमेश सिंह चंदेल, प्रदीप शुक्ला का योगदान रहा।



जानकारी देते प्रधानाचार्य।

# धन की कमी से न्याय से वंचित नहीं होंगे गरीबः जिला जज

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने मानिकपुर आदिवासी बस्ती में विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर में ग्रामीणों को कानूनी जानकारियां दी।

मंगलवार को मानिकपुर आदिवासी बस्ती में विधिक जागरूकता साक्षरता शिविर की अध्यक्षता करते हुए जिला जज विकास कुमार प्रथम ने कहा कि समाज में लड़की -लड़के में भेदभाव नहीं होना चाहिए। सभी क्षेत्रों में लड़कियां सफल हो रही हैं। देश का नाम रोशन कर रहीं हैं। विधिक सेवा प्राधिकरण का उद्देश्य है धन की कमी से गरीबों को न्याय से वंचित नही होना चाहिए। गरीबों-आदिवासियों के मुकदमों की पैरवी को प्राधिकरण निःशुल्क अधिवक्ता देता है। परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश राकेश यादव ने कहा कि परिवारिक वादों का निस्तारण सुलह-समझौते से होना चाहिए। विशेष न्यायाधीश दीप नारायण तिवारी ने अनुसूचित जाति, जनजाति (अत्याचार निरोधक) अधिनियम बाबत जानकारी दी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला जज फारुख इनाम सिद्दीकी ने बताया कि उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की कार्य योजना इस शिविर में है। सभी का आभार जताया। इस मौके पर एसडीएम मानिकपुर रामजन्म यादव, समाजसेवी शंकर दयाल, अधिवक्ता संघ पदाधिकारी समेत लोग मौजूद रहे।



मानिकपुर आदिवासी बस्ती में लगा विधिक शिविर।

## रामनगर का पार्क है या अन्ना गौवंश आश्रय केन्द्र

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** रामनगर ब्लाक मुख्यालय में लाखों की लागत से बने खेल मैदान/मनरेगा पार्क में अन्ना गौवंश आश्रय केन्द्र बनाये हैं। खेल मैदान में बच्चे नहीं दिखते, गाय- बैल व बकरियां दिखाई देती हैं। मंगलवार को रामनगर ब्लाक के मनरेगा पार्क की चहारदीवारी में हाई प्रोफाइल पेंटिंग में लाखों का बंदरबाट हुआ है। चहारदीवारी निर्माण व इंटरलॉकिंग खड़ंजा में मानकविहीन कार्य कराकर सरकारी धन का बंदरबाट किया है। ये निर्माण समयावधि से पहले ध्वस्त होने लगा है। खेल मैदान/मनरेगा पार्क की दुर्दशा को लेकर ग्रामीण सवाल उठा रहे हैं।

## भदोही ने जौनपुर को 82 रनों से रौंदा

**चित्रकूट।** राष्ट्र ऋषि भारत रत्न नानाजी देशमुख की स्मृति में चित्रकूट स्पोर्ट क्लब कर्वी व दीनदयाल शोध संस्थान के राष्ट्रीय क्रिकेट टूनार्मेंट चित्रकूट चैलेंज कप 2023 के पहले सेमीफाइनल में भदोही व जौनपुर के बीच मुकाबला हुआ। मंगलवार को भदोही ने जौनपुर को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। मैच के मुख्य अतिथि विभागाध्यक्ष खाद्य एवं कृषि अभियांत्रिकी महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय अश्विनी दुग्गल, प्राचार्य दीनदयाल उपाध्याय कौशल केंद्र महात्मा गांधी ग्रामोदय विश्वविद्यालय संजय सिन्हा ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय लेकर सेमीफाइनल मैच शुरू कराया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भदोही टीम ने 20 ओवर में राकी राज के 57, ऋतिक के 48 रनों के योगदान से ऑल आउट होकर 170 बनाए। विजय को 171 रनों का पीछा करते हुए जौनपुर टीम अच्छी शुरूआत के बाद 16 ओवर में सभी विकेट खोकर केवल 88 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। जौनपुर से विकास ने 25, निखिल ने 22 रनों का योगदान दिया।

# धारा 144 हटने का इंतजारः पेशवा किले में फहरेगा पचास फिट भगवा ध्वजः प्रभाकर राव

## पेशवा से हुई बातचीत के अंश

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** बुन्देलखण्ड में पेशवाओं की राजधानी रही कर्वी के भट्ट बाडा (पुरानी कोतवाली) प्रशासन की अदूरदर्शिता से बेदर्दी से बुलडोजर चलाकर ढहा दी गई है।

श्रीमंत प्रभाकर राव पेशवा ने दूरभाष पर बताया कि वे धारा 144 हटने के बाद पुरानी कोतवाली में पचास फिट का भगवा ध्वज फहरायेंगे। मंगलवार को श्रीमंत प्रभाकर राव पेशवा ने बताया कि बुन्देलखण्ड में पेशवाओं की राजधानी रही भट्ट बाडा पुरानी कोतवाली में प्रशासन की अदूरदर्शिता व नगर पालिका ने बुलडोजर चलवाकर ढहाया है। आजादी के दीवानों की बलिदान स्थली रही पुरानी कोतवाली को नगर पालिका ने कचरा घर बना लिया था। इसके विरोध में महाराष्ट्र के पांच सौ लोगों के जत्थे के साथ पुरानी कोतवाली के अन्दर हिन्दू सनातन संस्कृति की याद में पचास फिट का भगवा ध्वज फहराया जायेगा। मौजूदा समय में धारा 144 लगी है, इसके हटने के बाद ध्वज फहराया जायेगा।

उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र व मध्य प्रदेश में रहने वाले झांसी रानी के परिवार, तात्या टोपे का परिवार व अनेज राजपूत संगठनों ने उनके आमंत्रण को स्वीकार किया है। इस किले में हो रहे व्यापारीकरण के विरोध में सब ने कमर कस ली है। राष्ट्रीय ब्राम्हण महासभा, हिन्दवी स्वराज्य (मराठा) पुरानी कोतवाली में राष्ट्रीय धरोहर को विध्वंश करने के खिलाफ दोषियों को सजा दिलाने व भ्रष्ट सरकारी तंत्र की जवाबदेही तय करने को अनशन किया जायेगा। पूरे देश की जनता कर्वी के पेशवा किला में हुई व्यापारिक कार्यवाही के खिलाफ रोष में है। इस मुद्दे को अपने स्तर से प्रधानमंत्री को मप्र के 15 जिलों व महाराष्ट्र के 34 जिलों के लोग ज्ञापन भेज चुके हैं। कर्वी की धरोहर को तोडने वाले अधिकारी व नेताओं पर कार्यवाही की मांग की है।



पेशवा कालीन किला को बचाने आये श्रीमंत प्रभाकर राव।

## राष्ट्रीय स्तर पर उछल रहा किले का मुद्दा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पेशवा कालीन इमारत/किला को ढहाने का मुद्दा सबसे पहले अखंड भारत संदेश ने उछाला था। इसे हवा देने का काम पूर्व वार्ड मेम्बर सुशील श्रीवास्तव ने किया था। अब ये मुद्दा राष्ट्रीय स्तर पर उछल रहा है। अब इसे पुरातत्व विभाग के क्षेत्रीय पुरातत्व अधिकारी डॉ रामनरेश पाल इस धरोहर को संरक्षित करने को आगे आये हैं। उन्होंने कल इस इमारत का निरीक्षण कर कहा कि इसे ढहाने का कार्य बेहद निन्दनीय है। पूना से आये श्रीमंत प्रभाकर राव पेशवा ने भी ध्वंशावशेष को राष्ट्रीय धरोहर करार देते हुए इसे संरक्षित करने की बात कही है। उन्होंने इस धरोहर को राष्ट्रीय स्मारक बनाने की घोषणा की है।

## चीन में भूकंप से अब तक 116 लोगों की मौत

**बीजिंग।** चीन में सोमवार रात करीब 12 बजे आए शक्तिशाली भूकंप से कम से कम 116 लोगों की मौत हो गई। पहले 111 लोगों के मारे जाने की पुष्टि हुई थी। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 6.2 मापी गई है। चीन भूकंप नेटवर्क केंद्र का कहना है कि तेज झटके लगते ही लोगों में दहशत फैल गई। चीन के सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स के अनुसार, भूकंप से अब तक उत्तर पश्चिम चाइना के गांसु प्रांत में 105 और किंघई प्रांत में 11 लोगों की मौत हो गई। गांसु प्रांत में मृतकों का आंकड़ा बढ़ सकता है। देश की ब्लू स्काई रेस्क्यू टीम राहत और बचाव अभियान में जुटी हुई है। अखबार के अनुसार, गांसु प्रांत के जिशिशान काउंटी में 6.2 तीव्रता का भूकंप आने के बाद गांसु स्वास्थ्य विभाग ने 33 एम्बुलेंस और अन्य पेशेवर वाहनों के साथ-साथ 173 चिकित्सा कर्मचारियों को घटनास्थल पर भेजा। किंघई प्रांत ने प्रभावित क्षेत्र में बचाव अभियान चलाने के लिए 68 एम्बुलेंस और 40 से अधिक प्रांतीय और नगरपालिका विशेषज्ञों को भी भेजा। आज (मंगलवार) सुबह 6:30 बजे तक प्रभावित इलाके में 300 से ज्यादा घायलों का इलाज किया गया। राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ने भी तत्काल चिकित्सा आपातकालीन प्रतिक्रिया बलों को भेजा है। भूकंप से किंघई प्रांत के हैडोंग में ज्यादा नुकसान हुआ है। यहां इस वक्त न्यूनतम तापमान शून्य से 12 डिग्री सेल्सियस नीचे है। कड़ाके की ठंड के बीच राहत और बचाव अभियान चल रहा है। हैडोंग, जिशिशान काउंटी से लगभग 20 किलोमीटर दूर है। ग्लोबल टाइम्स के अनुसार इस भूकंप ने 2010 की याद ताजा कर दी है। 2010 में गांसु प्रांत में 6.6 की अधिकतम तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप से 100 लोगों की जान चली गई थी।

## थाइलैंड में सेना के साथ मुठभेड़ में 15 ड्रग तस्करों की मौत

**बैंकॉक।** थाइलैंड ने नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 15 ड्रग तस्करों को मार गिराया है। थाइलैंड की सेना ने नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए म्यांमार सीमा पर यह कार्रवाई की है। सेना ने तस्करों के पास से मादक पदार्थ मेथामफेटामाइन की 20 लाख गोलियां जब्त की। नारकोटिक्स कंट्रोल बोर्ड (एनसीबी) के अनुसार, सेना को चियांग प्रांत में सीमा के पास तस्करी की गुप्त सूचना मिली थी।

छापेमारी के दौरान सेना के अधिकारियों को इलाके में 20 लोग पीठ पर बैग लाद कर ले जाते हुए दिखे। जब अधिकारियों ने उन्हें पहचान बताने और बैग का निरीक्षण करने के लिए कहा तो तस्करों ने सेना पर गोलीबारी शुरू कर दी। सेना ने जवाबी गोलीबारी में 15 तस्करों को मार गिराया। अधिकारियों ने बताया कि गोलीबारी में मारे गए 15 तस्करों की पहचान अभी नहीं हुई है। मादक पदार्थों के स्त्रोत का पता लगाने में एनसीबी जुटी है। इससे पूर्व बुधवार को म्यांमार सीमा के पास से ही मेथामफेटामाइन की पांच करोड़ गोलियां जब्त की गई थीं।

## जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज कोरोना पॉजिटिव, प्रधानमंत्री मोदी ने की स्वस्थ होने की कामना की

**नई दिल्ली।** जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज कोरोना वायरस के नए वेरिएंट से संक्रमित हो गए हैं। उन्होंने स्वयं इसकी पुष्टि करते हुए सोशल मीडिया मंच एक्स पर इस संबंध में एक पोस्ट में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कोरोना के कुछ लक्षण हैं, मुझे उम्मीद है कि यह हल्का होगा और शुरूआत में मैं बस अपने डेस्क से काम करूंगा। ओलाफ स्कोल्ज कोरोना पाजिटिव की खबर सामने आने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया कि मेरे मित्र ओलाफ स्कोल्ज, "मैं आपके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। मैं आपके अच्छे स्वास्थ्य और कल्याण के लिए प्रार्थना करता हूं।"

## श्रीलंका रणनीतिक दृष्टि से एक महत्वपूर्ण पड़ोसी देश : लोकसभा अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने श्रीलंका की संसद के अध्यक्ष महिंदा यापा अबेवर्धना के नेतृत्व में भारत यात्रा पर आए संसदीय शिष्टमंडल का संसद भवन परिसर में स्वागत करते हुए कहा है कि श्रीलंका रणनीतिक दृष्टि से एक महत्वपूर्ण पड़ोसी देश और भारत के विकास में एक महत्वपूर्ण भागीदार है।

उन्होंने कहा कि दोनों देश न केवल पड़ोसी हैं बल्कि इतिहास, संस्कृति और लोकतांत्रिक मूल्य की साझी विरासत के कारण एक दूसरे के साथ जुड़े हुए हैं। वहीं, श्रीलंका की संसद के अध्यक्ष महिंदा यापा अबेवर्धना ने अनेक क्षेत्रों में भारत द्वारा प्रदान की गई सहायता के लिए आभार व्यक्त किया।

दोनों देशों में लोकतंत्र के महत्व का उल्लेख करते हुए बिरला ने कहा कि लोकतंत्र के साझे मूल्य प्रगति और एकता की दिशा में हमारा मार्गदर्शन करते हैं। लोकतांत्रिक सिद्धांतों के प्रति प्रतिबद्धता के फलस्वरूप हमारे समाज सशक्त हुए हैं, समावेशी शासन को बढ़ावा मिला है और यह सुनिश्चित हुआ है कि हमारे नागरिकों की आवाज विधायी कक्षों के भीतर उठाई जाए। लोकसभा अध्यक्ष ने इस बात पर जोर दिया कि भारत के लिए श्रीलंका रणनीतिक दृष्टि से एक महत्वपूर्ण पड़ोसी देश है। आर्थिक रूप से और पर्यटन स्थल के रूप में, श्रीलंका भारत के विकास में एक महत्वपूर्ण भागीदार रहा है। दोनों देशों के बीच लंबे समय से विकसित हुए संबंध समय के साथ और मजबूत होंगे। बिरला ने उन क्षेत्रों का उल्लेख भी किया, जिनमें दोनों देश अधिक सहयोग की दिशा में काम कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि बौद्ध धर्म की साझा विरासत होने के कारण दोनों देशों में बौद्ध धर्म से संबंधित महत्वपूर्ण स्थल हैं, जिससे दोनों देशों में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने प्रौद्योगिकी, नवाचार के क्षेत्र में भारत की बढ़ती शक्ति का उल्लेख करते हुए कहा कि हमारे देश के युवाओं ने इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बिरला ने अपने श्रीलंकाई समकक्ष से भी युवाओं में शिक्षा और उद्यम की भावना को बढ़ावा देने का आग्रह किया।

बिरला ने देश के विकास में संसदों की भूमिका के बारे में भी विस्तार से बात की और शिष्टमंडल के सदस्यों से ऐसे कानून लाने का आग्रह किया, जिससे उनके देश में आर्थिक और सामाजिक विकास हो।

# नेपाल के जानकी मंदिर प्रांगण में हुआ सामूहिक विवाह, 25 जोड़े शादी के बंधन में बंधे

**काठमांडू।** विवाह पंचमी पर जनकपुरधाम के जानकी मंदिर परिसर में नेपाल के विश्व हिन्दू परिषद की तरफ से सामूहिक विवाह कराया गया। एक ही मंडप में आदर्श विवाह के रूप में 25 जोड़े शादी के बंधन में बंधे हैं।

महामंत्री जीतेन्द्र सिंह का कहना है कि विहिप नेपाल की ओर से जनकपुरधाम को विश्व में विवाह स्थल के रूप में पहचान दिलाने के लिए प्रति वर्ष सामूहिक विवाह का आयोजन किया जाता है। इस तरह से शादी करने वाले अधिकतर परिवार आर्थिक रूप से कमजोर होते हैं। 20 वर्ष पार करने वाले ऐसे जोड़ों की शादी उनके परिवार की सहमति से ही की जाती है।

इस विवाह समारोह के दौरान शादी से पहले दोपहर में दूल्हे को रथ में



बिठाया गया और पूरे शहर की परिक्रमा की गई। जानकी मंदिर के प्रांगण में दूल्हा-दुल्हन ने एक-दूसरे को माला और अंगूठी पहनाई। इसके बाद विवाह की बाकी सभी रस्में परम्परागत ढंग से हुईं। परिषद के महामंत्री जीतेन्द्र सिंह ने बताया कि आयोजकों की तरफ से सभी दुल्हनों को सोने का मंगलसूत्र, दूल्हे को चांदी की अंगूठी और एक जोड़ा वस्त्र भी दिया गया है। उन्होंने कहा कि नवविवाहित जोड़े को उपहार में बर्तन भी दिए गए।

परिषद के जनकपुर अध्यक्ष संतोष साह ने बताया कि इस पूरी शादी का खर्च विश्व हिन्दू परिषद के समन्वय में समाज से एकत्रित धनराशि से किया गया। उन्होंने प्रति जोड़े की शादी का खर्च करीब 80-85 हजार रुपये होने की जानकारी भी दी।

# दक्षिणी गाजा के अस्पतालों में स्थिति भयावह : स्वास्थ्य मंत्रालय

**तेल अवीव।** गाजा में हमास के नियंत्रण वाले स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि भीषण युद्ध के बीच घिरे हुए क्षेत्र दक्षिणी गाजा में अस्पतालों की स्थिति भयावह और जटिल है।

मीडिया को संबोधित करते हुए मंत्रालय के प्रवक्ता अशरफ अल-कुद्रा ने कहा कि पिछले 24 घंटों में इजरायली कब्जे वाले बलों ने गाजा पट्टी में 16 "नरसंहार और अपराध" किए, जिसके कारण नासिर मेडिकल कॉम्प्लेक्स पर बमबारी हुई।

प्रवक्ता ने कहा कि 13 वर्षीय डोनिया अबू मोहसेन की इजरायली हमले में मौत हो गई, जब वह इलाज के बिस्तर पर थी। इसी अवधि में अस्पताल में 151 शव और 313 घायल व्यक्ति पहुंचे थे।

उन्होंने यह भी दावा किया कि महज छह घंटे के भीतर इजरायली बलों ने अल-शिफा अस्पताल में नरसंहार किया, जिसमें 26 विस्थापितों की मौत हो गई।

प्रवक्ता ने कहा, "इसके बाद उन्होंने अल शिफैक्स के गेट के



सामने एक नागरिक कार को निशाना बनाया जो एक घायल को ले जा रही थी, जिससे दो की मौत हो गई। इजरायली कब्जे वाली सेना ने अस्पतालों को नष्ट करके और कर्मचारियों को गिरफ्तार कर-के उत्तरी गाजा में स्वास्थ्य स्थिति को खत्म कर दिया है।"

उन्होंने आगे आरोप लगाया कि उत्तरी गाजा में सैकड़ों-हजारों घायल, गर्भवती महिलाएं, बच्चे और पुराने रोगी वर्तमान में चिकित्सा सेवाओं से वंचित हैं।

खान यूनिस में नासिर मेडिकल कॉम्प्लेक्स पर सोमवार 12 घंटे से भी कम समय में दो बार हमला किया गया।

मंत्रालय ने अंतरराष्ट्रीय संस्थानों से दवाएं, चिकित्सा उपभोग वस्तुएं, ईंधन और विशेष चिकित्सा दल उपलब्ध कराने के लिए तत्काल कार्रवाई की अपील की।

इसमें कहा गया है कि इजरायली बलों ने उत्तरी गाजा में अस्पतालों के निदेशकों सहित 93 स्वास्थ्य कर्मियों को गिरफ्तार किया है।

7 अक्टूबर को इजरायल-हमास युद्ध शुरू होने के बाद से मंगलवार तक गाजा में कम से कम 19,453 फिलिस्तीनी मारे गए हैं।

## बांग्लादेश में उपद्रवियों ने ट्रेन में आग लगाई, चार की मौत



**ढाका।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका के तेजगांव में उपद्रवियों ने एक यात्री ट्रेन में आग लगा दी। आग से तीन बोगियों को नुकसान हुआ है और झुलसने एक बच्चे समेत चार लोगों की मौत हो गई।

बांग्लादेश के प्रमुख अखबार ढाका ट्रिब्यून ने अपनी वेबसाइट पर इस घटना का संक्षिप्त विवरण साझा किया है। अखबार के अनुसार मंगलवार तड़के राजधानी के तेजगांव रेलवे स्टेशन क्षेत्र में ढाका जाने वाली मोहनगंज एक्सप्रेस ट्रेन में आगजनी के कारण एक बच्चे सहित कम से कम चार लोगों की मौत हो गई। अग्निशमन सेवा और नागरिक सुरक्षा मुख्यालय मीडिया सेल के उप सहायक निदेशक शाहजहां सिकदर ने पुष्टि की है कि सुबह लगभग 5:04 बजे ट्रेन के तीन डिब्बों में आग लगा दी गई।

उन्होंने बताया कि सूचना मिलने पर तेजगांव फायर स्टेशन से तीन अग्निशमन इकाइयां मौके पर पहुंचीं और सुबह करीब 6:45 बजे आग पर काबू पा लिया। अधिकारी ने बताया कि उन्होंने एक डिब्बे से चार शव बरामद किए। डीएमसीएच पुलिस शिविर के प्रभारी निरीक्षक बच्चू मिया ने कहा कि मृतकों में से दो की पहचान 35 वर्षीय नादिरा अख्तर पोपी और उनके तीन वर्षीय बेटे यासीन के रूप में की गई है।

## बीपी के लाल सागर में शिपमेंट बंद करने से तेल, गैस की कीमतें बढ़ीं

**लंदन।** कच्चा तेल और प्राकृतिक गैस की कीमतें सोमवार को तेजी से बढ़ गई क्योंकि बीपी ने कहा कि वह यमन में हूती आतंकवादियों द्वारा वाणिज्यिक जहाजों पर बढ़ते हमलों के कारण लाल सागर के माध्यम से सभी शिपमेंट रोक देगा। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया की सबसे बड़ी तेल कंपनियों में से एक बीपी ने प्रमुख शिपिंग कंपनियों के इसी तरह के कदमों के बाद यह निर्णय लिया है। कुछ विश्लेषकों ने चेतावनी दी है कि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में हलचल हो सकती है और माल ले जाने की लागत बढ़ सकती है।

इस खबर से तेल में भारी बढ़त दर्ज की गई। वैश्विक बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड का वायदा 2.7 प्रतिशत बढ़कर 78.68



डॉलर प्रति बैरल पर पहुँच गया। अमेरिकी तेल भी 2.7 प्रतिशत बढ़कर 73.38 डॉलर प्रति बैरल हो गया।

**इस खबर का असर प्राकृतिक गैस बाजार पर भी पड़ा।**

यूरोप की बेंचमार्क प्राकृतिक गैस की कीमतें नौ प्रतिशत से अधिक बढ़कर 36 पाउंड (लगभग 39.65 डॉलर) प्रति मेगावाट ऑवर से ऊपर हो गईं। यह अभी भी अगस्त 2022 में महाद्वीप के ऊर्जा संकट के चरम पर देखे गए 320 पाउंड (लगभग 349.24 डॉलर) प्रति मेगावाट ऑवर के अब तक के उच्चतम स्तर से काफी कम है, लेकिन हमलों के बाद कमोडिटी बाजारों में व्यवधान का अब तक का सबसे ठोस संकेत है।

इजरायल-हमास युद्ध शुरू होने के बाद से हमास और फिलिस्तीनी लोगों का समर्थन करने वाले ईरान समर्थित हूती द्वारा हवाई हमले अब बढ़ गए हैं। समूह का दावा है कि ये हमले इजरायल के खिलाफ बदला लेने के लिए किये जा रहे हैं।

# भूकंप से कांपा चीन, गांसु प्रांत में 100 और किंघई में 11 लोगों की मौत

**बीजिंग।** चीन में सोमवार रात करीब 12 बजे आए शक्तिशाली भूकंप से कम से कम 111 लोगों की जान चली गई। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 6.2 मापी गई है। चीन भूकंप नेटवर्क केंद्र का कहना है कि तेज झटके लगते ही लोगों में दहशत फैल गई।

चीन के सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स के अनुसार, भूकंप से अब तक उत्तर पश्चिम चाइना के गांसु प्रांत में 100 और किंघई प्रांत में 11 लोगों की मौत हो गई। देश की ब्लू स्काई रेस्क्यू टीम राहत और बचाव अभियान में जुटी हुई है। अखबार के अनुसार, गांसु प्रांत के जिशिशान काउंटी में 6.2 तीव्रता का भूकंप आने के बाद गांसु स्वास्थ्य विभाग ने 33 एम्बुलेंस और अन्य पेशेवर वाहनों के साथ-साथ 173 चिकित्सा कर्मचारियों को घटनास्थल पर भेजा।

किंघई प्रांत ने प्रभावित क्षेत्र में बचाव अभियान चलाने के लिए 68 एम्बुलेंस और 40 से अधिक प्रांतीय और नगरपालिका विशेषज्ञों को भी भेजा। आज (मंगलवार) सुबह 6:30 बजे तक प्रभावित इलाके में 300 से ज्यादा घायलों का इलाज किया गया। राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ने भी तत्काल



चिकित्सा आपातकालीन प्रतिक्रिया बलों को भेजा है। भूकंप से किंघई प्रांत के हैडोंग में ज्यादा नुकसान हुआ है। यहां इस वक्त न्यूनतम तापमान शून्य से 12 डिग्री सेल्सियस नीचे है। कड़ाके की ठंड के बीच राहत और बचाव अभियान चल रहा है। हैडोंग, जिशिशान काउंटी से लगभग 20 किलोमीटर दूर है।

ग्लोबल टाइम्स के अनुसार इस भूकंप ने 2010 की याद ताजा कर दी है। 2010 में गांसु प्रांत में 6.6 की अधिकतम तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप से 100 लोगों की जान चली गई थी।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।